

जय श्री राम...

रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शुक्रवार, 27 मार्च, 2026 | वर्ष -01 | अंक-40 | पृष्ठ -14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और पीएम ने रामनवमी की शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रामनवमी के अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राम को सत्य और पराक्रम का संगम बताया। राष्ट्रपति मुर्मु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में देशवासियों को रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार हमें न्याय, कर्तव्य और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के जीवन से त्याग, समरसता और आदर्श जीवन-मूल्यों का अनमोल संदेश मिलता है।

### मुख्यमंत्री ने रामनवमी की दीशुभकामनाएं

**पटना।** मुख्यमंत्री ने मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी पर्व के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दीं। मुख्यमंत्री ने शुभकामना संदेश में कहा है कि रामनवमी जैसे महत्वपूर्ण पर्व राष्ट्रीय एकता, अखण्डता तथा देश की सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करते हैं। उन्होंने राज्यवासियों से अपील की है कि पावन पर्व रामनवमी को प्रेम, भाईचारे और हर्षोल्लास के साथ मनायें।

### दो ट्रकों की टक्कर के बाद लगी आग, तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा में झांसी-मिजार्पुर नेशनल हाईवे पर गुरुवार सुबह करीब 6 बजे मटौंध कस्बे के पास आमने-सामने आ रहे दो तेज रफ्तार ट्रकों की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ट्रकों में तुरंत आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इस हादसे में तीन लोगों की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति को मौके पर रेस्क्यू कर गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### दिल्ली-लंदन एअर इंडिया फ्लाइट सऊदी से लौटी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली से लंदन जा रहा एअर इंडिया का अ350-900 (VT-JRYFY) विमान गुरुवार को तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली लौट आया। यह करीब सात घंटे हवा में रहा। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के अनुसार, विमान ने सुबह करीब 6 बजे दिल्ली से उड़ान भरी थी। करीब चार घंटे बाद सऊदी अरब के एयरस्पेस में विमान को लौटाने का फैसला लिया गया। विमान लगभग सात घंटे हवा में रहने के बाद दोपहर करीब 12:30 बजे वापस दिल्ली पहुंचा।

# सड़क निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ समय में पूरा करें : मुख्यमंत्री

## समृद्धि यात्रा : अंतिम चरण में पटना-नालंदा में जन संवाद कार्यक्रम में हुए शामिल



**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने महत्वाकांक्षी कार्यक्रम समृद्धि यात्रा के अंतिम चरण के तहत नालंदा और पटना जिला में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। ज्ञान भवन में जन संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सीएम पटना जिले के फुलवारी शरीफ प्रखंड पहुंचे, जहां उन्होंने जमीनी स्तर पर चल रही विकास योजनाओं का व्यापक निरीक्षण कर अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान प्रशासनिक और पुलिस महकमे में पूरी सक्रियता देखी गई तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा योजना के अंतर्गत एम्स गोलंबर-जानीपुर-पईनापुर-नेवा पथ चौड़ीकरण निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सड़क निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में पूरा किया जाए ताकि आम जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। यह सड़क परियोजना पटना के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, जिससे यातायात सुगम होगा और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके उपरांत सीएम मुरादपुर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने छात्रावास, कक्षाओं, प्रशासनिक भवन, भोजनालय तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। छात्राओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई, रहन-सहन और सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। विद्यालय परिसर में लगाई गई समृद्धि यात्रा एवं विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रदर्शनी का भी उन्होंने अवलोकन किय। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक सह-शैक्षणिक भवन की कनेक्टिविटी व्यवस्था की भी समीक्षा की और कहा कि राज्य सरकार शिक्षा एवं बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सह पटना जिला के प्रभारी सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मंत्री विजय कुमार चौधरी, विधायक श्याम रजक, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### पटना को 1,056 व नालंदा को 810 करोड़ की दी सौगात सीएम ने

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में पटना के सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र परिसर में अवस्थित ज्ञान भवन में पटना जिलान्तर्गत 1,056 करोड़ रुपये की लागत से 1,373 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 473 करोड़ रुपये की लागत से 761 योजनाओं का उद्घाटन तथा 583 करोड़ रुपये की लागत से 612 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। वहीं इसके पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ नगर निगम अवस्थित दीपनगर स्टेडियम में बने कार्यक्रम स्थल से रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर नालंदा जिले के लिए 316 करोड़ रुपये की लागत से 110 योजनाओं का उद्घाटन एवं 494 करोड़ रुपये की लागत से 106 योजनाओं का शिलान्यास किया।

# नालंदा में रिश्वतखोरी के आरोप में स्वास्थ्य अधिकारी गिरफ्तार



**पटना (एनएसबी)।** भ्रष्टाचार के खिलाफ निरंतर कार्रवाई करते हुए सतर्कता जांच ब्यूरो (वीआईबी) ने गुरुवार को नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में एक बड़ा अभियान चलाया। वीआईबी ने इस दौरान रिश्वत लेने के आरोप में स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई नगरनौसा ब्लॉक में की गई, जहां एक आशा कार्यकर्ता के जन्म प्रमाण पत्र में संशोधन के संबंध में रिश्वतखोरी की शिकायत सामने आई। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सतर्कता अधिकारियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर (बीसीएम) मनजीत कुमार को 10,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एक अधिकारी के अनुसार, आरोपी ने नगरनौसा निवासी बॉबी कुमारी से पहले 25,000 रुपए की मांग की थी। बातचीत के बाद, रकम 10,000 रुपए पर तय हुई। रिश्वत देने से इनकार करते हुए शिकायतकर्ता ने सतर्कता विभाग से संपर्क किया, जिसके बाद जांच शुरू हुई और आरोपों की पुष्टि हुई। इन निष्कर्षों के आधार पर सतर्कता विभाग की टीम ने जाल बिछाया। जैसे ही पैसे सौंपे गए, अधिकारी हरकत में आए और आरोपी को उसके घर से ही मौके पर गिरफ्तार कर लिया, जिससे इलाके में हलचल मच गई। पुलिस उपाधीक्षक श्रीराम चौधरी ने पुष्टि की कि शिकायत 23 फरवरी को दर्ज की गई थी और सत्यापन के बाद छापेमारी दल का गठन किया गया और ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# बंगाल में TMC-BJP वर्कर्स में झड़प, 20 लोग घायल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के बासंती (एससी) विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा और टीएमसी समर्थकों के बीच झड़प हो गई। इसमें 20 से ज्यादा लोग जख्मी हो गए। 8 लोग हिरासत में लिए गए हैं। यहां 29 अप्रैल को दूसरे फेज में मतदान होना है। उधर, चुनाव आयोग ने बताया कि 4 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 15 मार्च को चुनाव घोषणा के बाद से अब तक 400 करोड़ से अधिक के अवैध प्रलोभन जब्त किए गए हैं। इसमें 17.44 करोड़ कैश,167.38 करोड़ के ड्रग्स शामिल हैं। वहीं असम उट हिमंता ने कहा- कांग्रेस भारत में सरकार नहीं बना सकती। वह पाकिस्तान या बांग्लादेश में ही सरकार बना सकती है।

# बालेन्द्र शाह संसदीय दल के नेता चुने गए, आज लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ



**काठमांडू (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी के वरिष्ठ नेता बालेन्द्र शाह को पार्टी का संसदीय दल का नेता चुन लिया गया है। वह आज ही राष्ट्रपति के समक्ष सरकार बनाने का औपचारिक दावा पेश करेंगे। नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में उन्हें शुक्रवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाये जाने की संभावना है। पार्टी अध्यक्ष रवि लामिछाने ने केंद्रीय समिति की बैठक में शाह के नाम का प्रस्ताव रखा। समिति ने सर्वसम्मति से उन्हें संसदीय दल का नेता मंजूरी दी। बहुमत प्राप्त दल के संसदीय दल के नेता के रूप में बालेन्द्र शाह आज ही राष्ट्रपति के समक्ष सरकार बनाने का औपचारिक दावा पेश करेंगे। बालेन्द्र शाह शुक्रवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले हैं। राष्ट्रपति भवन में एक समारोह का आयोजन कर प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल के सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। शपथग्रहण के लिए बालेन्द्र शाह की तरफ से कल दोपहर 12:30 बजे का समय निर्धारित किया गया है।

### ओली ने चुनाव परिणामों को बताया अस्वाभाविक

**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने चुनाव परिणाम रहस्यमय होने की टिप्पणी की है। नवनिर्वाचित प्रतिनिधि सभा सदस्यों के शपथ ग्रहण के बाद गुरुवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में यूएमएल से निर्वाचित सांसदों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। ओली ने कहा कि इस समय चुनाव के संदर्भ, प्रक्रिया और परिणाम पर अधिक टिप्पणी करने का समय नहीं है, लेकिन यह चुनाव अप्रत्याशित, अस्वाभाविक, अविश्वसनीय और जादुई प्रतीत होता है।






# मिडिल ईस्ट संकट पर पीएम आज मुख्यमंत्रियों के साथ करेंगे चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्रियों के साथ बातचीत करेंगे, जिसमें वे पश्चिम एशिया संघर्ष के संबंध में राज्यों की तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा करेंगे। अधिकारी ने कहा कि इस बैठक का मुख्य मकसद 'टीम इंडिया' की भावना के साथ मिलकर काम करने की कोशिशों में तालमेल बिठाना होगा। जैसे-जैसे भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहा है और इसका वैश्विक असर ज्यादा साफ तौर पर दिखाई दे रहा है, यह बैठक पीएम मोदी के लिए एक मंच का काम कर सकती है। इस मंच के जरिए पीएम मोदी मुख्यमंत्रियों को मौजूदा हालात के बारे में जानकारी देंगे और इस संकट से निपटने के भारत के तरीके पर व्यापक सहमति बनाने की कोशिश करेंगे। अधिकारी ने बताया, "चुनाव वाले राज्यों के मुख्यमंत्री इस बैठक में शामिल नहीं होंगे, क्योंकि वहां 'आचार संहिता' लागू है।" उन्होंने बताया कि चुनाव वाले राज्यों के मुख्य सचिवों के लिए एक अलग बैठक होगी, जिसका आयोजन कैबिनेट सचिवालय के जरिए किया जाएगा।



# आंध्र प्रदेश : ट्रक से टकराने के बाद बस में लगी आग, 14 मरे



**सीएम चंद्रबाबू नायडू ने दिए जांच के आदेश**

**अमरावती (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के मार्कपुरम जिले में गुरुवार को एक निजी ट्रैवल बस की टिपर ट्रक से टक्कर हो गई, जिसके बाद उसमें आग लग गई। इस भीषण दुर्घटना में 14 लोग जलकर मर गए और 15 अन्य घायल हो गए हैं। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने दुर्घटना के कारणों की जांच कर जल्द विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। यह दुर्घटना रायवरम के पास गुरुवार सुबह 6:30 बजे हुई, जब एक पत्थर की खदान के पास बस की टिपर ट्रक से टक्कर हो गई। आग लगने से दोनों वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गए। टक्कर के समय हरिकृष्णा ट्रैवल्स की बस में 35 यात्री सवार थे। 15 यात्री घायल हो गए, जिन्हें मार्कपुरम के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों और घायलों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। आग लगने के तुरंत बाद दस यात्री बस से उतरने में कामयाब रहे। बस हैदराबाद से प्रकाशम जिले के पामुरु आ रही थी। मृतक कनिगिरी और पामुरु के निवासी थे। टिपर कंक्रीट से लदा हुआ था और चिमाकुर्थी से मार्कपुरम जा रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और बचाव एवं राहत कार्य शुरू किया। आग बुझाने के लिए तीन दमकल गाड़ियां लगाई गईं। मार्कपुरम के विधायक के. नारायण रेड्डी ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ घटनास्थल का दौरा किया और राहत कार्यों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने मार्कपुरम जिले के रायवरम के पास हुई सड़क दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना के संबंध में अधिकारियों से बात की और घायलों को दी जा रही चिकित्सा सहायता के बारे में जानकारी ली।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री ने जयंती पर सम्राट अशोक को किया नमन

**पटना।** महान शासक सम्राट अशोक की जयंती पर आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सम्राट अशोक कन्वेंशन केन्द्र स्थित महान शासक सम्राट अशोक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर, पटना जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।


### रामनवमी पर प्रदेश व देशवासियों को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी पर्व के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दीं। मुख्यमंत्री ने शुभकामना संदेश में कहा है कि रामनवमी जैसे महत्वपूर्ण पर्व राष्ट्रीय एकता, अखंडता तथा देश की सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करते हैं। उन्होंने राज्यवासियों से अपील की कि पावन पर्व रामनवमी को प्रेम, भाईचारे और हर्षोल्लास के साथ मनायें।

### स्कूलों में वंदे मातरम् गायन का आदेश स्वागतयोग्य : चौरसिया

**पटना।** सूबे के सभी सरकारी स्कूलों में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन को लेकर जारी राज्य सरकार के आदेश का भाजपा विधायक ड़ संजीव चौरसिया ने पुरजोर समर्थन किया है। उन्होंने इसे राज्य की शिक्षा व्यवस्था में सांसतिक और राष्ट्रभक्ति के मूल्यों को पुनर्जीवित करने वाला निर्णय बताया। गुरुवार को जारी बयान में डॉ. चौरसिया ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम की वह अमर चेतना है जिसने करोड़ों भारतीयों के हृदय में स्वराज की अलख जगाई थी। स्कूलों में इसके नियमित गायन से आने वाली पीढ़ी में अपनी जड़ों के प्रति सम्मान और देशप्रेम की भावना और अधिक प्रगाढ़ होगी। यह फैसला बच्चों के चारित्रिक निर्माण में भी सहायक सिद्ध होगा। विधायक ने साफ किया कि वंदे मातरम् का गायन किसी जाति या धर्म से परे राष्ट्र की एकता और अखंडता का प्रतीक है। डॉ. चौरसिया ने विश्वास जताया कि इस पहल से स्कूलों के वातावरण में सकारात्मकता आएगी और छात्रों में अनुशासन एवं राष्ट्रीय गौरव का संचार होगा।

### जहीर कुरेशी स्मृति व्याख्यानमाला-5 में इस बार शामिल होंगे ओबैद आजमी,राजेंद्र गुप्ता,नवाब आरजू व संदीप नाथ


दीनदयाल मुरारका


जहीर कुरैशी

**मुंबई।** कथा व दीनदयाल मुरारका फाउंडेशन द्वारा आयोजित जहीर कुरेशी स्मृति व्याख्यानमाला-5 में इस बार मशहूर शायर, शिक्षा विद ओबैद आजम आजमी, अभिनेता राजेंद्र गुप्ता, गीतकार नवाब आरजू व फिल्मकार संदीप नाथ गजल आज पर अपनी बात रखेंगे। 28 मार्च को अंधेरी के व्यंजन हॉल में शाम 4 से 7 बजे तक आयोजित इस समारोह में डॉ. राजेंद्र गौतम, अशोक कुमार नीरद, संध्या यादव, अनिल गौड़ व सुभाष पाठक जिया, भोपाल रचना पाठ करेंगे। संचालन विवेक अग्रवाल करेंगे। संयोजक दीनदयाल मुरारका, हरीश पाठक व कमलेश पाठक हैं।

### सनातन धर्म ही सभी धर्मों की नींव है : गोपी



**पटना।** श्रीराम कथा का आयोजन तरौरा में किया जा रहा है। प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवक गोपी कुमार ने कहा कि सनातन धर्म ही सभी धर्मों की नींव है। धर्म भारत का प्राण है। धर्म से विमुख व्यक्ति पशु के समान है। सनातन धर्म हमें सामाजिक समरसता का वोध करता है। धर्म हमें जीवन में स्व अनुशासन का पाठ पढ़ता है। भगवान श्रीराम की पूरी जीवन दर्शन अद्भुत है। निसाद राज को गले लगाया, सबरी के जूठा बेर खाए, जटायु को पिता के समान दर्जा दिया। श्रीराम का जीवन आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति के रूप में हमारे सामने है। उन्होंने हर गांव में इस तरह के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक शिशुपाल कुमार ने कहा कि भिन्नता में एकता भारत की पहचान है तो गंगा यमुनी संस्कृति हमारी शान है। सभी धर्म हमें मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने बताया कि दान से बड़ा कुछ नही है हर व्यक्ति को अपने धन का दस प्रतिशत समाज के लिए लगाना ही चाहिए। मौके पर स्वयंसेवक अविनाश कुमार पांडेय, सन्नी कुमार, सुजीत कुमार और राजू कुमार ने भी अपने विचार प्रकट किए।

### हिमवीर वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन ने वीर नारियों को किया सम्मानित



**नई दिल्ली।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की कल्याणकारी संस्था हिमवीर वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (हावा) की ओर से आईटीबीपी मुख्यालय, नई दिल्ली में बल की वीर नारियों को सम्मानित करने के लिए विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर 'हावा' की चेयरपर्सन भारती कपूर ने वीर नारियों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में भारती कपूर ने कहा कि 'हावा' आईटीबीपी परिवारों के कल्याण के लिए समर्पित संस्था है, जो बल के परिवारों एवं उनके बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वीर नारियां साहस, त्याग और धैर्य की प्रतीक हैं तथा हम सभी को उन पर गर्व है। 'हावा' सदैव शहीद परिवारों के साथ खड़ी है और उनकी समस्याओं एवं शिकायतों का तत्परता से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि 'हावा' द्वारा हाल के समय में सशक्त नारीसशक्त परिवार, डिजिटल साक्षरता मिशन, आत्मनिर्भर भारत, आजादी का अमृत महोत्सव, स्वच्छ भारत मिशन एवं ग्रीन इंडिया मिशन जैसे कार्यक्रमों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया गया है। इस अवसर पर डॉ. मंदिरा गुंज्याल, उपाध्यक्षा 'हावा' सहित 'हावा' की अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्याएं उपस्थित रहीं। उन्होंने वीर नारियों से संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना।

### पचरुखिया थाने की पुलिस ने बरामद की सौ लीटर देसी शराब

**फतुहा।** प्रखंड के पचरुखिया पुलिस ने सूचना के आधार पर रुकूंपुर गांव के बांध पर से अपाचे बाइक पर सौ लीटर देशी शराब के साथ विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया है। थानाध्यक्ष विज्रमकुमार ने बताया कि रुकनपुर बांध पर काले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट की है, जिसपर लगभग सौ लीटर देसी महुआ शराब लदी थी। इस मामले में एक किशोर को निरुद्ध किया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### बीस लीटर देसी शराब के साथ 11 लोग गिरफ्तार

**फतुहा।** पुलिस ने विभिन्न जगहों से देसी शराब के मामलों में 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक व्यक्ति को बीस लीटर देसी दारू के साथ और दस लोगों को नशे की हालत में गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कुमार रौशन ने बताया कि बुधवार की रात्रि कल्याणपुर मुहल्ले बीस लीटर देसी शराब के साथ रणजीत कुमार को गिरफ्तार किया है। साथ ही सोनारू बगीचा से दस युवकों रौशन कुमार, मनोज कुमार, मुन्ना, मनोज गुप्ता, विशुन देव राम, संजय मिस्त्री, कंचन कुमार, प्रमोद कुमार, विपिन कुमार और रुदल कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### सप्त दिवसीय श्री रूद्र महायज्ञ हवन और भंडारा के साथ सम्पन्न

**दनियावां।** तोप सरथुआ रेलवे स्टेशन के मैदान में आयोजित सप्त दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ का समापन गुरुवार को हवन और भंडारा के साथ हो गया। अयोध्या से आये पंडित श्याम दास महाराज और तमिलनाडु से आए चक्रपाणि जी महाराज जी ने छह दिनों तक प्रवचन और पूजा अर्चना कर गुरुवार को हवन और भंडारा का आयोजन कर सप्त दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ का समापन कराया। इस दौरान दनियावां प्रखंड और नालंदा जिला के कराए परशुराय प्रखंड के दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने भाग लिया। मौके पर शिशुपाल कुमार, मोहाबी सिंह, शैलेंद्र कुमार, बीरेंद्र कुमार, राजेश सिंह, पप्पू सिंह, अरविंद सिंह, विपुल कुमार, सूरज, सोनू सिंह समेत दर्जनों गांव के हजारों लोग मौजूद थे।

## रैंप वॉक कर पेश किया पारंपरिक बुनाई और आधुनिक फैशन का सुंदर समन्वय


इस्कॉन मंदिर हॉल में कॉटन और सिल्क कपड़ों की नुमाइश करतीं युवतियां।

**पटना (एनएसबी)।** राजधानी पटना के इस्कॉन मंदिर हॉल में कॉटन एंड सिल्क फैब प्रदर्शनी सह बिक्री का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शहरवासियों के लिए पारंपरिक एवं आधुनिक डिजाइनों से सुसज्जित कॉटन और सिल्क परिधानों की आकर्षक श्रृंखला प्रदर्शित की गई।

उड़ीसा आर्ट एंड क्राफ्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान युवतियों ने डिजाइनर सिल्क साड़ियों का मनमोहक प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। रैंप वॉक के माध्यम से विभिन्न राज्यों की पारंपरिक बुनाई और आधुनिक फैशन का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया गया। उड़ीसा आर्ट एंड क्राफ्ट के प्रबंध निदेशक मानस आचार्य ने कहा कि कॉटन एंड सिल्क फैब प्रदर्शनी सह बिक्री में इस बार हमने वेडिंग

**इस्कॉन मंदिर हॉल में कॉटन एंड सिल्क फैब प्रदर्शनी सह बिक्री का किया गया शुभारंभ**

कलेक्शंस को खास तौर पर ग्राहकों के बीच प्रस्तुत किया है। प्रदर्शनी में बनारसी, कांजीवरम, तसर, हैंडलूम साड़ियों के साथ फैंसी शूट्स, पार्टी वियर साड़ी, लिनन कपड़े, ड्रेस मटेरियल और आर्टिफिशियल ज्वेलरी भी उपलब्ध हैं। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों एवं बुनकरों को प्रोत्साहित करना तथा लोगों को शुद्ध और गुणवत्ता युक्त कॉटन एवं सिल्क उत्पाद उपलब्ध कराना है। प्रदर्शनी में भारत के विभिन्न राज्यों के 90 स्टॉल्स हैं जहां ग्राहकों को खरीददारी पर 20 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। मानस ने बताया कि 25 मार्च से 5 अप्रैल तक आयोजित यह प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक ग्राहकों के लिए खुला रहेगा। ग्राहकों के लिए प्रवेश निःशुल्क है। साथ ही ऑनलाइन पेमेंट की सभी सुविधाएं भी मौजूद हैं।

# मुख्यमंत्री ने पटना जिले को दी 1,056 करोड़ की सौगात

**समृद्धि यात्रा के दौरान 1,373 विकास योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास**

नव संदेश ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में पटना के सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र परिसर में अवस्थित ज्ञान भवन में पटना जिलान्तर्गत 1,056 करोड़ रुपये की लागत से 1,373 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 473 करोड़ रुपये की लागत से 761 योजनाओं का उद्घाटन तथा 583 करोड़ रुपये की लागत से 612 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री ने यहां विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने 25,883 जीविका स्वयं सहायता समूहों के 2 लाख 6 हजार 989 दीदियों के लिए बैंक ऋण के तहत 5 अरब 19 करोड़ 26 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, आयुष्मान कार्ड, समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना का सांकेतिक चेक, कुशल युवा कार्यक्रम का प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड आदि लाभुकों को प्रदान किया।

जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में आपके द्वारा कई अनूठी पहल की गई है तथा अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इसका फायदा हम सभी महिलाओं को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी बिहार के विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं। आगे भी पूरे लगन एवं मेहनत से काम करते रहिए, सरकार हरसंभव आपकी मदद के लिए तैयार है।

**नीतीश ने जिले में चल रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का लिया जायजा**

**अधिकारियों को दिये तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश**

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन एम्स गोलम्बर-जानीपुर-पैनापुर-नेवा (बिहटा-सरमेरा-पटना रिंग रोड) पथ का 2-लेन चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने एम्स गोलंबर तथा बिहटा सरमेरा पथ के समीप स्थल निरीक्षण कर निर्माणाधीन पथ के प्रगति के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि एम्स गोलम्बर-जानीपुर-पैनापुर-नेवा पथ का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस सड़क का नेवा में बिहटा सरमेरा पथ से सम्पर्कता हो जाने से फुलवारीशरीफ, एम्स, दानापुर, नौबतपुर आदि पश्चिमी पटना से आने-जाने वाले लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। यह पथ एनएच-139 फोर लेन एम्स के पास से होकर वभनपुरा, जानीपुर, अकबरपुर, पुनपुन सुरक्षा बांध से होते हुए बिहटा सरमेरा (6-लेन) को जोड़ता है, जिससे फुलवारीशरीफ, एम्स, दानापुर, नौबतपुर आदि पश्चिमी पटना के इलाकों का और अधिक विकास होगा। इस क्षेत्र की लगभग चार लाख आबादी लाभान्वित होगी। इस निर्माणाधीन पथ की कुल लंबाई 10.50 किलोमीटर है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस पथ का निर्माण बेहतर ढंग से निर्धारित समय-सीमा के अंदर पूरा कराएं। यह पथ काफी महत्वपूर्ण है। इस काम के पूरा हो जाने से पटना एम्स की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। दक्षिण बिहार से पटना रिंग रोड होकर आने वाले लोगों को एम्स पटना पहुंचने में काफी सुविधा होगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय प्लस 2 विद्यालय, फुलवारीशरीफ, पटना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यालय के प्रधानाचार्य कार्यालय, पुस्तकालय का जायजा लिया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यहां अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों हेतु 720 क्षमता वाले आवासीय सह-शिक्षा विद्यालय भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस आवासीय विद्यालय परिसर में प्रशासनिक-सह-शैक्षणिक भवन, बालक छात्रावास, बालिका छात्रावास, चतुर्थवर्गीय कर्मचारी भवन, शिक्षक आवास भवन का निर्माण कार्य शामिल है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सह पटना जिला के प्रभारी सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, विधायक श्याम रजक, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## एचआईवी से बचाव के लोगों को दिए गए टिप्स

**पटना (एनएसबी)।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना एवं पूर्व मध्य रेल, दानापुर के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी/एड्स विषय पर गुरुवार को प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन समिति के संयुक्त निदेशक मनोज कुमार सिन्हा एवं वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त उदय सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को एचआईवी/एड्स से संबंधित सही जानकारी देना, बचाव एवं रोकथाम के उपायों से अवगत कराने के साथ समाज में भेदभाव मुक्त व्यवहार को बढ़ावा देना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को एचआईवी/एड्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें मुख्य रूप से संक्रमण के कारण, बचाव के उपाय, समय पर जांच एवं उपचार की महत्ता पर विशेष बल दिया गया। समिति के उप निदेशक अरविन्द कुमार ने इससे जुड़े अभियान के लक्ष्य को रेखांकित किया। संयुक्त निदेशक मनोज कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम के दौरान संक्रमण नियंत्रण को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त उदय कुमार पवार ने प्रतिभागियों को जागरूकता फैलाने और समाज में सकारात्मक व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल के सहायक सुरक्षा आयुक्त हरि कान्त प्रसाद सिंह, विनीत कुमार सागर, राजीव कुमार तिवारी, निरीक्षकगण एवं जवानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## चार दिवसीय दौरे में सीखा नवाचार अब अपने गांवों में लागू करेंगे

**पटना (एनएसबी)।** उत्तर प्रदेश की मॉडल ग्राम पंचायतों के भ्रमण से बिहार के पंचायत मुखिया वापस लौट आए हैं। चार दिनों के इस अध्ययन भ्रमण में उन्होंने विकास के नए मॉडल, नवाचार और सफल प्रयोगों को करीब से देखा। अब ये अनुभव अपने गांवों की पंचायतों में उतारने की तैयारी में हैं। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान 2024-25 के तहत आयोजित इस एक्सपोजर विजिट में बिहार के 80 मुखिया और पंचायती राज प्रतिनिधियों का प्रतिनिधिमंडल शामिल था।

बिहार राज्य पंचायत संसाधन संस्था के परियोजना निदेशक नवीन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में यह दौरा संपन्न हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने पटना से यात्रा शुरू की। पहले उन्होंने वाराणसी के रसूलपुर ग्राम पंचायत पहुंचकर जमीनी स्तर पर हो रहे विकास कार्यों का अध्ययन किया। यहां की योजनाओं, कार्यान्वयन और स्थानीय प्रबंधन को बारीकी से समझा। यात्रा के दौरान तीसरे दिन अयोध्या पहुंचे प्रतिनिधियों ने पलिया लोहानी ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत राम मंदिर का भी दौरा किया, जिसने उन्हें स्थानीय

**यूपी के मॉडल पंचायत भ्रमण से प्रेरित होकर लौटे बिहार के मुखिया**

सांस्कृतिक माहौल और सामुदायिक एकता का बेहतर अहसास कराया।

### विकेंद्रीकरण, जल प्रबंधन और अपशिष्ट प्रबंधन पर मिली गहन जानकारी

इस चार दिवसीय दौरे में मुखियाओं ने पंचायती राज व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी हासिल की। इनमें संविधान की 11वीं अनुसूची के 29 विषयों का विकेंद्रीकरण, गतिविधि मानचित्रण, थीमैटिक जीपीडीपी, जल संरक्षण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, स्व-राजस्व स्रोत और प्रभावी कर प्रणाली शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि यूपी की मॉडल पंचायतों में देखी गई सर्वोत्तम प्रथाएं अब वे अपने-अपने इलाकों में लागू करेंगे। मुखियाओं का मानना है कि ऐसे अध्ययन दौरों से ग्रामीण स्तर पर स्थानीय शासन को मजबूत बनाने और विकास की नई राह खोलने में मदद मिलेगी।

## 2024 बैच के प्रशिक्षु आईएएस ने ली ट्रेनिंग

**पटना (एनएसबी)।** 2024 बैच के परीक्ष्यमान आईएएस अधिकारियों को पटना स्थित जीविका कार्यालय के सभागार में ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग में इन पदाधिकारियों को प्रशासनिक सेवा संबंधी बारीकियों से रूबरू कराया गया।

कार्यक्रम में जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने कहा कि वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में आज समूह की दीदियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। दीदियों के हाथों तैयार होने वाले उत्पाद, उनकी गुणवत्ता और बाजार की उपलब्धता की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत बिहार में एक करोड़ 81 लाख महिलाओं को 10-10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है। इस राशि से अधिकांश महिलाओं ने खुद का रोजगार शुरू भी कर लिया है। राज्य में महिलाएं खुद की मेहनत और सरकार के सहयोग से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर हैं। शर्मा ने प्रशिक्षु पदाधिकारियों को लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान (एलएसबीए) के क्रियान्वयन और उससे सुनिश्चित ग्रामीण स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं से रूबरू कराया।

## निगम की त्योहारी बसों ने दी प्रवासी कामगारों को राहत

**पटना (एनएसबी)।** त्योहारों के समय ट्रेनों में सीटें महंगी और उपलब्धता कम होने के कारण प्रवासी कामगारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) द्वारा संचालित 118 अंतरराज्यीय एसी सीटर व स्लीपर बसों ने प्रवासी कामगारों को सस्ती व आरामदायक यात्रा का अनुभव कराया। होली और ईद के त्योहारों के मौके पर निगम द्वारा संचालित इस विशेष त्योहारी बसों में 23 फरवरी से 23 मार्च के दौरान 73 हजार से अधिक यात्रियों ने सफर किया। इनकी सीट अक्युपेंसी दर औसतन 94 प्रतिशत रही, जो इस सेवा की लोकप्रियता को दर्शाती है।

आंकड़ों के अनुसार, इन अंतरराज्यीय बसों का सबसे अधिक फायदा दिल्ली-मुजफ्फरपुर रूट पर हुआ। यहां अकेले 29 हजार से अधिक यात्रियों ने किफायती यात्रा का अनुभव किया। दूसरे नंबर पर दरभंगा-गुरुग्राम रूट रहा, जहां यात्रियों की संख्या 7,500 से अधिक रही। गया-दिल्ली रूट पर 7,100 से अधिक, पूर्णिया-दिल्ली रूट पर करीब 5,440, पटना-दिल्ली रूट और दरभंगा-पानीपत रूट पर लगभग 5-5 हजार यात्रियों ने निगम की त्योहारी बसों में यात्रा की। त्योहार के मौके पर घर लौटने और वापस लौटने वाले प्रवासियों के लिए यह सेवा वरदान साबित हुई।

इन बसों का किराया ट्रेन के किराए की तुलना में काफी कम था, जिससे यात्रियों की जेब पर बोझ भी कम हुआ और रेलवे पर पड़ने वाला अतिरिक्त बोझ को भी कुछ हद तक कम किया गया।

**एक महीने में 73 हजार से अधिक प्रवासी यात्रियों ने किया सफर, मुजफ्फरपुर-दिल्ली रूट पर 29 हजार से अधिक यात्रियों ने उठाया किफायती सुविधा का लाभ**

| रूट | यात्रियों की संख्या |
|---|---|
| पूर्णिया-गुरुग्राम | 4,300 से अधिक |
| पटना-गुरुग्राम | 3,000 से अधिक |
| दरभंगा-दिल्लीरू | 1,500 से अधिक |
| पूर्णिया-अंबालारू | 1,460 से अधिक |
| दरभंगा-अंबालारू | 1,260 से अधिक, |
| गया-गुरुग्राम | 900 से अधिक |
| पटना-अंबाला | 800 से अधिक |

# आंबेडकर छात्रावासों के बच्चों की छात्रवृत्ति होगी दोगुनी

**छात्रवृत्ति बढ़ाकर दो हजार रुपए करने का प्रस्ताव**

नव संदेश ब्यूरो

**पटना।** राज्य में संचालित ड़ अंबेडकर कल्याण छात्रावासों में रहने वाले छात्रों की मासिक छात्रवृत्ति अब दोगुनी कर दी जाएगी। इन्हें वर्तमान में एक हजार रुपये मासिक छात्रवृत्ति मिलती है। नए प्रस्ताव के तहत इन्हें अब दो हजार रुपये छात्रवृत्ति का भुगतान होगा। इससे इन छात्रावासों में रहने वाले राज्य के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समाज के करीब 10 हजार विद्यार्थियों को लाभ होगा।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग ने इनकी छात्रवृत्ति बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके लिए विभाग की ओर से प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। इस प्रस्ताव को राज्य मंत्रिपरिषद की मंजूरी के लिए जल्द भेजा जाएगा। मंत्रि परिषद की मंजूरी के बाद इसे राज्य में लागू कर दिया जाएगा। विभाग की ओर से इसके पूर्व सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की छात्रवृत्ति में बढ़ोतरी की गई है और छात्रवृत्ति की राशि दोगुनी की गई है। इसके बाद अब ड़ आंबेडकर कल्याण छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति में बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। राज्य में वर्तमान में 139 ड़ आंबेडकर कल्याण छात्रावास संचालित हैं। एससी-एसटी समाज के छात्र-छात्राओं के लिए प्लस टू विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में ड़ आंबेडकर कल्याण छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है। इन छात्रावासों में निशुल्क आवासीय सुविधा, डिजिटल कक्षाएं, पुस्तकालय और प्रतिमाह अनुदान की व्यवस्था है। साथ ही, इनमें रहने वाले विद्यार्थियों को 15 किलो अनाज भी दिया जाता है। इनमें नौ किलोग्राम चावल एवं छह किलोग्राम गेहूं शामिल है।

**वर्तमान में सूबे में सरकार 139 डॉ. आंबेडकर कल्याण छात्रावासों का कर रही संचालन**

## गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल जमाव का होगा स्थाई निदान

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में बंद पड़ी चीनी मिलों को चालू कराने के साथ 25 नई चीनी मिल लगाने के लिए राज्य सरकार ने प्रयास शुरू कर दिया है। इसको लेकर राज्य में गन्ना का उत्पादन बढ़ाने की दिशा में भी कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन इसमें जल जमाव की समस्या से किसान परेशान हैं। इस समस्या का स्थायी निदान करने के लिए गन्ना उद्योग विभाग और जल संसाधन विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दिया है।

गन्ना उद्योग विभाग की माने तो गन्ना षि क्षेत्रों में जल जमाव की समस्या का स्थायी निदान कराया जाएगा। इसके लिए जल संसाधन विभाग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है। इसकी समीक्षा के लिए जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया। बताया जाता है कि मनरेगा के तहत योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन एवं तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यों में तेजी लाने पर विशेष बल दिया गया, जिससे किसानों को शीघ्र राहत मिल सके और गन्ना उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित हो। बैठक में प्रधान सचिव के अलावा ईखायुक्त श्री अनिल कुमार झा, अभियंता प्रमुख (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सारण) श्री वरुण कुमार, मुख्य अभियंतागण, गन्ना विभाग के पदाधिकारी एवं गन्ना मिलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

**राज्य सरकार के आदेश पर गन्ना उद्योग विभाग और जल संसाधन विभाग ने शुरू की कार्रवाई**

## अब तकनीक के क्षेत्र में भी अपना परचम लहरा रहे बिहार के युवा : श्रेयसी

**पटना (एनएसबी)।** राज्य की सूचना प्रावैधिकी मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि बिहार के युवाओं के युवाओं में प्रतिभा, संकल्प और नवाचार की अपार क्षमता है। बिहार के युवाओं को अब तक दुनिया केवल आईएएस और आईपीएस के रूप में देखती रही है जबकि आज बिहारी बच्चे टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहे हैं।

आईटी मंत्री गुरुवार को आईआईटी, पटना के बिहटा स्थित कैम्पस में इन्क्यूबेशन सेंटर के दसवें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। मौके पर आईआईटी, पटना के इन्क्यूबेशन सेंटर ने एम्स, पटना और जेएचपीआईईजीओ के साथ दो एमओयू पर हस्ताक्षर भी किये। मौके पर मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि बिहार सरकार राज्य में एक मजबूत स्टार्टअप और तकनीकी नवाचार पारिस्थतिकी तंत्र विकसित कर रही है। हमारा उद्देश्य केवल स्टार्टअप को प्रोत्साहित करना नहीं, बल्कि उन्हें विचार से लेकर उत्पाद को उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाना भी है।

## रामनवमी को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में, शहर के विभिन्न जगहों से होकर गुजरे सुरक्षाकर्मी

# डीएम व एसएसपी के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च

नव संदेश ब्यूरो

**दरभंगा।** रामनवमी पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया। जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं एसएसपी जगुनाथ रेड्डी के सयुंक्त नेतृत्व में लहेरियासराय स्थित पुलिस लाइन से रामनवमी पर फलैग मार्च निकाली गई। असामाजिक तत्वों में भय और लोगो में बीना किसी डर के शांतिपूर्ण रामनवमी सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च। 27 मार्च शुक्रवार को रामनवमी मनाई जाएगी। जिसे लेकर सभी तैयारी पूर्ण कर लिया गया है।

लहेरियासराय थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जिला पदाधिकारी, एसपी सहित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों, पुलिस के जवानो के साथ फ्लैग मार्च शहर के विभिन्न स्थानों से होकर यह फ्लैग मार्च गुजरी। फ्लैग मार्च के दौड़ान साथ में ड्रोन कैमरे भी लगाए गए थे। फ्लैग मार्च पुलिस लाइन से शुरू होकर लोहिया चौक, मौलागंज, पांच नाका, दरभंगा टावर होते हुए शिवधारा तक गया और फिर वापस पुलिस लाइन पहुंचकर समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च में सदर एसडीओ विकास कुमार, सदर डीएसपी राजीव कुमार, पुलिस व अर्द्ध सैनिक बलो की कंपनी जिसमे बीएसएफ, सीआईटी बल, जिला पुलिस बल,लहेरियासराय थानाध्यक्ष, अमित कुमार, नगर थानाध्यक्ष, अरविन्द कुमार, विश्वविद्यालय थानाध्यक्ष सुधीर कुमार और सहित कई थानो के थाना प्रभारी अपने-अपने जवानों के साथ मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से स्पष्ट संदेश दिया गया कि इस बार रामनवमी के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे।


फ्लैग मार्च में जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं एसएसपी जगुनाथ रेड्डी।

**आज सुरक्षा रहेगी सख्त, पूरे शहर में ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जाएगी**

एसएसपी ने बताया पूरे शहर में ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जाएगी और संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। हर झांकी की जाँच पड़ताल की जा रही जानकारी लिए जा रहे है। हर प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी और कुछ सादे लिवास में भी लगाई जाएगी। ताकि किसी भी प्रकार की विधि-व्यवस्था में बाधा न आए।

प्रशासन ने यह भी चेतावनी दी है के यदि कोई व्यक्ति माहौल खराब करने या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही साथ जिला शांति समिति के सदस्यों में सरफे आलम तमन्ना, नवीन कुमार सिन्हा, मो जमीदुल, धर्म कुमार सहित अन्य सदस्य फ्लैग मार्च के साथ साथ चल रहे थे। दरभंगा में रामनवमी को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। जिसमे सभी का सहयोग से जिला में सभी पर्व त्योहारों को जिस तरह से साथ मिलकर सम्पन्न कराया जाता रहा है यह आगे भी जारी रहेगा।

## डीएम ने गौड़ाबौराम प्रखंड की बाघरसी एवं बौराम पंचायत का किया निरीक्षण

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार द्वारा गौड़ाबौराम प्रखंड अंतर्गत बाघरसी एवं बौराम पंचायत का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने प्रस्तावित नए प्रखंड भवन निर्माण के लिए बौराम-बाघरसी पंचायत अंतर्गत चयनित स्थलीय भौतिक अवलोकन किया। उन्होंने स्थल की उपयुक्तता, पहुंच मार्ग, उपलब्ध संसाधन एवं अन्य आवश्यक पहलुओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री स्वप्निल, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सिंहवाड़ा के रामपट्टी शंकरपुर पथ पर गोली चलने से मची अफरा तफरी

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** स्थानीय थानाक्षेत्र क्षेत्र मे रामपट्टी शंकरपुर पथ पर गुरुवार की रात गोली चलने से अफरातफरी मच गई। गोलीबारी की आवाज सुनकर अगल-बगल के लोग मौके पर पहुंच गये। लोगों को जमा होने से पहले गोली चलाने वाला और जिन पर गोली चली दोनों मौके से निकल गया। दरभंगा मुजफ्फरपुर सीमा क्षेत्र पर हुई इस घटना की जानकारी मिलते ही सिंहवाड़ा थाना की पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। बताया गया है कि सीमावर्ती गांव मुजफ्फरपुर जिला के कटरा थाना क्षेत्र के बेलपकौना निवासी दो भाइयों के बीच परिवारिक संपति को लेकर विवाद चल रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक दोनो भाइयों की दुकान भरवाड़ा बाजार में है। विवाद रंजिश में बदल गई। गुरुवार की रात भरवाड़ा से बेलपकौना लौटने के क्रम में पूर्व से घात लगाए एक भाई ने शंकरपुर गांव से पश्चिम पुलिया के निकट दूसरे भाई पर फायरिंग कर दी। हमले में दूसरा भाई बाल-बाल बच गया। ग्रामीणों का कहना है कि एक राउंड फायरिंग की आवाज सुनी गई है। एक भाई ने घटना की सूचना सिंहवाड़ा पुलिस को दी। जबतक पुलिस पहुंची तबतक सभी वहां से निकल गए। पुलिस ने रामपट्टी तक जाकर छानबीन की और शिकायत करने वाले को घटनास्थल पर आने और आवेदन देने को कहा। बताया जा रहा है की दोनों भाइयों के बीच हुए विवाद में ग्रामीणों ने हस्तक्षेप किया है ग्रामीण अपने स्तर से इस मामले को तय करने में लगे हैं। सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि मामले की तहकीकात की जा रही है। आवेदन मिलने पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

**सीमावर्ती गांव मुजफ्फरपुर जिला के कटरा थाना क्षेत्र के बेलपकौना निवासी दो भाइयों के बीच विवाद की बात आ रही सामने**

### कन्हौली में एन डी ए विधानसभा जनता कार्यालय सह आवास' का हुआ उद्घाटन

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मनीगाछी प्रखण्ड अंतर्गत ब्रह्मपुर पंचायत (कन्हौली) में गुरुवार को एनडीए विधानसभा जनता कार्यालय सह आवास' का विधिवत एवं भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। क्षेत्रीय विधायक राजेश कुमार मंडल उर्फ ईश्वर मंडल एवं मुन्ना चौधरी ने फीता काटकर


उद्घाटन करते विधायक ईश्वर मंडल।

**दरभंगा ग्रामीण विधायक राजेश कुमार मंडल उर्फ ईश्वर मंडल ने किया कार्यालय का लोकार्पण**

**कहा- अब जनता की सेवा और विकास को मिलेगी नई गति**

इस नए कार्यालय का लोकार्पण किया। यह कार्यालय मुन्ना चौधरी, दुर्गा मंदिर प्रांगण, पश्चिम टोल कन्हौली में स्थित है। उद्घाटन के पश्चात उपस्थित जनसमूह और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विधायक राजेश मंडल ने कहा, "यह कार्यालय मात्र एक ईंट-पत्थर का भवन नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र की जनता के विश्वास और हमारी सेवा भावना का केंद्र है। मनीगाछी प्रखण्ड एवं सदर प्रखण्ड की जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। यहाँ से हम और भी मजबूती तथा तत्परता के साथ क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जन-शिकायतों के निवारण के लिए उपलब्ध रहेंगे।" इस मौके पर प्रमुख रूप से, मदन यादव, अवधेश यादव, मुरारी मिश्रा, भोगेंद्र मंडल, दिलीप मंडल, रजनीश झा, चंदन झा, प्रदीप महतो, विनोदानंद झा, घनश्याम राय, संतोष सिंह, सुनील चौधरी, भोला पासवान, दीपक झा, रामप्रकाश मुखिया, आनंद मंडल, अनायत हुसैन, चंदन जायसवाल, राजकिशोर मंडल, अजय कुमार सहनी एवं क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

### रामनवमी पर दरभंगा चित्रगुप्त सभा द्वारा शर्बत व शुद्ध पेयजल की रहेगी व्यवस्था

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा चित्रगुप्त सभा, दरभंगा के तत्वाधान में कोतवाली थाना के निकट अवस्थित चित्रगुप्त भवन पुराना सोसाइटी सिनेमा हॉल परिसर में दरभंगा चित्रगुप्त सभा, दरभंगा के अध्यक्ष आर के दत्ता की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर सभा के पूर्व अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी- पत्रकार पुनीत कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष- प्रकाश चंद्र प्रभाकर, संयुक्त सचिव मुकेश कुमार वर्मा, पूजा प्रभारी- डॉ मनीष कुमार, पूर्व प्रधान सचिव मनीष कुमार, युवा संभाग के अध्यक्ष बसु श्रीवास्तव,आकाश कुमार आदि उपस्थित थे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार 27 मार्च, 2026 को संध्या 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक दरभंगा चित्रगुप्त सभा, दरभंगा के द्वारा कोतवाली चौक अवस्थित चित्रगुप्त भवन के गेट के निकट शरबत एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। रामनवमी की झांकी में शामिल होने वाले श्रद्धालु, मेला देखने वाले दर्शकों एवं अन्य लोगों के बीच शरबत एवं शुद्ध पेयजल का वितरण किया जाएगा।

## बुनियादी विद्यालय में आये दिन हो रही चोरी

**तारडीह (एनएसबी)।** सकतपुर थाना क्षेत्र के कुर्सो -मछैता बुनियादी विद्यालय में आए दिन अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी का अंजाम दिया जा रहा है। बीते दिन पहले विद्यालय के रसोईघर का ताला तोड़कर चोरों ने दो गैस चूल्हा व दो सिलेंडर सहित हजारों के सामान की चोरी कर ली थी। इस संबंध में एच एम मो. कमरुद्दीन के द्वारा थाना अध्यक्ष को आवेदन भी दिया गया था। पुनः अज्ञात चोरों के द्वारा बुनियादी विद्यालय के सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।एच एम मो कमरुद्दीन ने कहा कि कभी चापाकल के रूप में तो कभी समरसेबल के रूप में कभी क्लास रूम के ताला तोड़कर और बिजली की बोर्ड को तोड़कर घटना का अंजाम दिया जा रहा है। पूर्व में इसकी शिकायत थाना में की थी लेकिन कोई संज्ञान नहीं लिया गया।

# अहिल्यास्थान में चैत रामनवमी मेला हुआ आरंभ

**जाले (एनएसबी)।** दरभंगा जिला के पावन एवं ऐतिहासिक अहिल्या स्थान में आयोजित चैत्र रामनवमी राजकीय मेला 2026 का उद्घाटन गुरुवार को विधायक जीवेश कुमार एवं दरभंगा ग्रामीण विधायक ईश्वर मंडल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान विधायक जीवेश कुमार ने मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, उनके उच्च चरित्र एवं लोककल्याणकारी विचारों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

उनके जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, सत्य और धर्म का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करें और समाज में नैतिकता, सद्भाव एवं सेवा की भावना को सुदृढ़ बनाएं। इस अवसर पर दरभंगा ग्रामीण के विधायक राजेश कुमार मंडल उर्फ ईश्वर मंडल ने भी मेले के सफल आयोजन हेतु आयोजकों को बधाई दी और कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारा और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं। चैत्र रामनवमी राजकीय मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध संस्कृति, परंपरा और आस्था का प्रतीक है, जो नई पीढ़ी को अपने संस्कारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनता है।


शुभारंभ करते विधायक जीवेश कुमार एवं विधायक ईश्वर मंडल।

# वनवास कथा सुनकर भावुक हुए श्रोता


सझुआर गांव में राम कथा महायज्ञ के आठवें दिन कथावाचक व्यास नंद जी महाराज एवं अन्य।

**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के सझुआर गांव में आयोजित राम कथा महायज्ञ के आठवें दिन कथावाचक व्यास नंद जी महाराज ने रामायण की उस अत्यंत भावुक वनवास कथा का विस्तृत वर्णन किया, जो मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के त्याग, पितृभक्ति और प्रेम की अनुपम मिसाल प्रस्तुत करती है।

इस कथा ने उपस्थित भक्तों के हृदय को गहरी भावुकता से भर दिया। वनवास स्वीकृति की पृष्ठभूमि कथा व्यास ने बताया कि अयोध्या के राजा दशरथ ने अपनी पत्नी कैकेयी के प्रति पुराने वचन का पालन करते हुए भारी हृदय से श्री राम को 14 वर्ष का वनवास और उनके छोटे भाई भरत को राजसिंहासन प्रदान करने का आदेश दिया। रानी मंथरा के बहकावे में आई कैकेयी ने यह मांग रखी थी। निःस्वार्थ भाव से श्री राम ने पिता के वचन का सम्मान करते हुए खुशी-खुशी वनवास स्वीकार कर लिया। माता सीता और भाई लक्ष्मण ने भी श्री राम के प्रति अपने अटूट प्रेम और समर्पण का परिचय दिया, जो उनके साथ वन की ओर प्रस्थान कर गए।

वनवास के दौरान श्री राम, सीता और लक्ष्मण चित्रकूट, दंडकारण्य सहित विभिन्न स्थानों पर भटके। कथा व्यास ने इन प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया: माता शबरी का प्रेमः शबरी ने भक्ति से चुने बेर श्री राम को अर्पित किए, जो समर्पण की पराकाष्ठा दर्शाता है।

**केवट का प्रेमः** नाविक केवट ने नदी पार करते समय श्री राम के चरण धोए, भेदभाव रहित प्रेम का संदेश दिया। वानर-भालू राजाओं का प्रेमः सुग्रीव, हनुमान, जाम्बवंत जैसे वानर-भालू राजाओं ने श्री राम का साथ दिया, जो सभी प्राणियों में एकता का प्रतीक है।इन प्रसंगों से नंद जी महाराज ने जोर देकर कहा कि समाज को समृद्ध और सुदृढ़ बनाने के लिए भेदभाव-रहित समाज का निर्माण आवश्यक है। तभी हमारा समाज सच्चे अर्थों में विकसित हो सकेगा।

## वैश्विक सर्वेक्षण में तीसरी बार पीएम मोदी बने दुनियां के सबसे लोकप्रिय नेता : डा गोपाल जी ठाकुर

**दरभंगा (एनएसबी)।** भारत के प्रधानमंत्री तथा भाजपा के सर्वश्रेष्ठ नेता नरेंद्र मोदी को विश्व की प्रतिष्ठित सर्वेक्षण कंपनी अमेरिका डाटा एनालिटिक्स फर्म मार्निंग कंसल्ट के द्वारा मार्च 2026 में कराए गए सर्वेक्षण में तीसरी बार लगातार विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय नेता घोषित किया गया है तथा 68 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग के साथ लोकप्रियता में उन्हें पहला स्थान, स्विस के राष्ट्रपति को 62 प्रतिशत के दूसरा, दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति को 61 प्रतिशत रेटिंग के साथ तीसरा स्थान दिया गया है जबकि अमेरिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता 39 प्रतिशत रेटिंग के साथ सबसे नीचे है।

भाजपा सांसद सह लोकसभा में पार्टी सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने विश्व स्तर पर पीएम मोदी के लगातार तीसरी बार सबसे लोकप्रिय नेता घोषित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि पीएम मोदी की मल्टी अलुईन डिप्लोमेसी, वसुधैव कुटुंकम का सिद्धांत और लगातार जनसेवा के कारण उनकी स्वीकार्यता का डंका विश्व के मानस पटल पर छाया हुआ है जो देशवासियों के लिए गर्व का विषय है।

सांसद डा ठाकुर ने पीएम मोदी की लोकप्रियता को न केवल भारत बल्कि विश्व के मानचित्र पर एक उदाहरण बताते हुए कहा है कि 20 से अधिक देशों के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार प्राप्त कर उन्होंने साबित कर दिया है कि सेवा और समर्पण आमजनों की अपेक्षा पर खड़ा उतरने की सबसे बड़ी पूंजी है। सांसद डा ठाकुर ने पीएम मोदी की हासिल की गई इस लोकप्रियता को भाजपा सहित अन्य सभी दलों के नेताओं के लिए एक आईना बताते हुए कहा है कि जनविशवास, सुशासन तथा निरंतर कर्मयोग की प्रेरणा से उन्होंने भारतीय लोकतंत्र में एक इतिहास स्थापित किया है तथा सार्वजनिक जीवन में इनका समर्पण, स्थायित्व एवं निरंतरता का नया कीर्तिमान भाजपा कार्यकताओं के लिए मजबूत पदचिन्ह बनेगा।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते सांसद ।

## सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**तारडीह (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय महथौर में इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में शानदार सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह का आयोजन प्रधानाध्यापक अजीत कुमार महतो की अध्यक्षता एवं मंच संचालन सुजीत कुमार वर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार यादव, लेखापाल विजय कुमार भगत की उपस्थिति रही।विद्यालय परिवार द्वारा वर्ष 2026 में प्रखंड स्तर पर द्वीतीय स्थान एवं विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। प्रखंड स्तर पर द्वीतिय छात्रा ज्योति कुमारी पिता यादव एवं विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को मेडल, कलम और बुके देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनका मनोबल बढ़े और वे भविष्य में उच्च शिक्षा प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करें। साथ ही विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी एवं नये सत्र में प्रवेश के लिए नामांकन पखवाड़ा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका, छात्र -छात्राएं, अभिभावक के साथ जनप्रतिनिधि की उपस्थिति रही।

## मारवाड़ी महाविद्यालय दरभंगा में शिक्षक संघ (एल.एन.मूटा) का ग्यारहवाँ परिनियत सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी

# चुनावी प्रक्रिया के जरिये संगठन को नई दिशा मिलेगी : कुलपति

**दरभंगा (एनएसबी)।** मारवाड़ी महाविद्यालय, दरभंगा में शिक्षक संघ (एल.एन.मूटा) का ग्यारहवाँ परिनियत सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रो. डॉ. संजय कुमार चौधरी मुख्य अतिथि सह मुख्य संरक्षक के रूप में उपस्थित रहे। परिनियत सम्मेलन की अध्यक्षता एल.एन.मूटा के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार शाह ने की, जबकि कार्यक्रम का आयोजन मारवाड़ी महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. लक्ष्मण प्रसाद जायसवाल के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

उद्बोधन सत्र में डॉ. अरुण कुमार, प्रो. अमरेश शांडिल्य (संरक्षक, एल.एन.मूटा), डॉ. बैधनाथ चौधरी (अभिषद सदस्य, एल.एन.एम.यू.), विनय कुमार झा (प्रक्षेत्रीय मंत्री, कर्मचारी संघ), डॉ. अशोक कुमार तथा डॉ. कन्हैया जी झा (आयोजन सचिव सह महासचिव, एल.एन.मूटा) सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के प्रारम्भ में स्वागत भाषण देते हुए आतिथेय प्रधानाचार्य प्रो. लक्ष्मण प्रसाद जायसवाल ने शोध एवं नवाचार के महत्त्व पर बल देते हुए शिक्षकों के मूल कर्तव्यों का पुनर्स्मरण कराया।



लोकार्पण करते कुलपति,प्रधानाचार्य एवं अन्य।

मुख्य अतिथि सह मुख्य संरक्षक कुलपति प्रो. (डॉ)संजय कुमार चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक संघ की नई पीढ़ी के निर्माण की दिशा में यह सम्मेलन अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से संगठन को नई दिशा मिलेगी तथा विभिन्न गतिरोधों की समाप्ति में भी यह मंच सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के बीच समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए सेवानिवृत्त शिक्षकों के अनुभवों से लाभ उठाने की बात कही।

उद्घाटन सत्र का समापन एल.एन.मूटा के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार शाह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. अरविंद झा, विभागाध्यक्ष (मैथिली) सह परीक्षा नियंत्रक सह सचिव शिक्षक संघ तथा डॉ. सुनीता कुमारी, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र सह एन.एस.एस. समन्वयक, मारवाड़ी महाविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के बर्सर डॉ. अनुरुद्ध सिंह, पूर्व बर्सर डॉ. अवधेश प्रसाद यादव, डॉ. सुभाष कुमार सुमन, डॉ. गजेंद्र भारद्वाज, डॉ. प्रिया नंदन, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. रिंकी कुमारी, डॉ. चंदन भारद्वाज, डॉ. गुरुदेव शिल्पी, डॉ. शैलजा, डॉ. बी.डी. मोची, डॉ. हेना गौहर, डॉ. सुषमा भारती, डॉ. अभय कुमार पाठक, डॉ. श्यामानंद चौधरी, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. रवि कुमार राम, डॉ. पूजा यादव, डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ. मुश्ताक, डॉ. ए.बी. वर्मा, डॉ. ललन कुमार, डॉ. संतोष कुमार राय, डॉ. मुकेश प्रसाद, डॉ. जॉनी एमेनुअल टीर्की, कार्यालय प्रमुख विजय कुमार, लेखापाल आनंद शंकर,सौरभ सुमन सहित के लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### माता के पट खुलते ही मांग-खोईछा भरने को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** जिले भर में शक्ति उपासना का नौ दिवासीय महानुष्ठान चैती दुर्गा पूजा को लेकर वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। इसी क्रम में जिले के सभी दुर्गा स्थानों व मंदिरों में बुधवार की रात माता का पट खुलते ही गुरुवार को अहले सुबह से ही मांगझखोईछा अर्पित करने केलिए श्रद्धाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस बाबत विद्यापतनगर संवाददाता ने बताया कि, प्रखंड मुख्यालय के दुर्गा मंदिर, मऊ दियारा के वार्ड 13 स्थित मंदिर और गढ़सिसई के धमनी स्थित माता दुर्गा के मंदिर में खोईछा भरने और माता के दर्शन के लिए महिला पुरुष श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दुर्गा स्थानों पर लगे मेले में बच्चों व महिलाओं की भीड़ मेले की रौनक बढ़ा रही थी वहीं जगहझजगह बज रहे भक्ति गीतों से माहौल भक्तिमय बना है। सभी माता के दर्शन कर प्रसाद चढ़ा घर परिवार और क्षेत्र में शांति एवं उन्नति की मन्नते मांगते दिखे। पूजा स्थलों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था के साथ सुरक्षा में पूजा कमेटी के लोगो के साथ प्रशासन को भी तैनात देखा गया।




### छात्रा के साथ गलत व्यवहार का आरोप लगा कर ग्रामीणों ने स्कूल में किया हंगामा, शिक्षा सेवक के साथ किया दुर्व्यवहार

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना के प्राथमिक स्कूल चतरा में बुधवार को शिक्षा सेवक पर स्कूल की छात्रा के साथ गलत व्यवहार का कथित आरोप लगाकर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। और शिक्षा सेवक के साथ दुर्व्यवहार भी किया। एचएम और कुछ ग्रामीणों के समझाने पर मामला शांत हुआ है। इस बाबत गुरुवार को स्कूल के एचएम संजय कुमार ने बीईओ को आवेदन पत्र देकर उक्त शिक्षा विनोद कुमार चौधरी को दूसरे विद्यालय में स्थानांतरण कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने बीईओ को दिए आवेदन में कहा है कि शिक्षा सेवक विनोद कुमार चौधरी के परिवार का कुछ ग्रामीणों से संबंध सही नहीं है। जिस कारण उनका इस विद्यालय में रहना खतरे से खाली नहीं है। इनका दूसरे स्कूल में ट्रांसफर कर दिया जाए। कारण की 25 मार्च को कुछ ग्रामीणों ने स्कूल पहुंचकर हंगामा किया है। जो कभी भी किसी समय घटना घट सकती है। इस बावत बीईओ डॉ प्रभात रंजन ने बताया की ग्रामीणों की तरफ से कोई आवेदन नहीं मिला है। एचएम के आवेदन के आलोक में जांचोपरांत अग्रतर कारवाई की जा रही है।

### श्रद्धापूर्वक मनाई गई सम्राट अशोक की जयंती

**ताजपुर (एनएसबी)** ताजपुर में स्थानीय हॉस्पिटल चौक के समीप स्थित सिन्हा क्लिनिक परिसर में डॉ. आरपी सिंह की अध्यक्षता में सम्राट अशोक की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। अपने सम्बोधन में डॉ. आरपी सिंह ने कहा कि सम्राट अशोक अखंड भारत के निमार्ता ही नहीं बल्कि देश के सच्चे सिपाही भी थे। उनके शासन काल में मुगल और अंग्रेज भारत आने से डरते थे। हमारा देश सोने की चिड़िया कहलाता था। उनका प्रतीक चिन्ह अशोक चक्र आज भी हमारे देश के राष्ट्रीय झंडा में विराजमान है। जो हमारे लिए शौर्य एवं स्वाभिमान का प्रतीक है। कहा कि आज हम सभी को खासकर देश के युवाओं को सम्राट अशोक के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। मौके पर आचार्य ओमप्रिय शास्त्री, मनोज कुमार, गौरव कुमार, अनीश कुमार आदि थे।



### आरोग्य भारती जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**ताजपुर (एनएसबी)** ताजपुर गाँधी चौक हलई रोड स्थित योगा प्रशिक्षक डॉ मोनालिसा सिंह के द विहंगम योगा प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आरोग्य भारती उत्तर बिहार प्रांत के समस्तीपुर जिला कार्यकारिणी की बैठक डॉ. आरपी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन दंत चिकित्सक डॉ. आरके रंजन ने किया। पर्यावरणविद जीतेन्द्र कुमार द्वारा आगत अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान की औपचारिकता के बाद मुख्य अतिथि प्रांत सचिव संजय सिंह, जिलाध्यक्ष उमेशकांत चौधरी आदि ने आरोग्य के देवता वैद्य धन्वंतरि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। बैठक में मुख्य रूप से सांगठनिक मजबूती, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा हुई। सांगठनिक अन्य जरुरी मुद्दों पर भी निर्णय लिए गए। मौके पर सुनील कुमार, श्रीराम शर्मा, अरुण कुमार, राम आधार सिंह, गौरव कुमार, डॉ. ललन कुमार, संतोष कुमार, दिव्य प्रकाश आदि सदस्य एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।



### अध्यक्ष-उपाध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया समान मगर उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी व सुविधा शून्य, विसंगति दूर करे सरकार

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिला परिषद् उपाध्यक्ष के पद को व्यवहारिक बनाते हुए उन्हें कार्यों एवं दायित्वों की कुछ जिम्मेदारी तथा, सुरक्षा के साथ-साथ आवासीय परिसर की सुविधा भी दिया जाए। मुख्य मंत्री को लिखे एक पत्र में जिला परिषद उपाध्यक्ष ठाकुर उदय शंकर ने उक्त मांग की है। बिहार सरकार और पंचायती राज विभाग के दिशाझनिर्देश हवाला देते हुए उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि, अध्यक्ष की अनुपस्थिति अथवा अध्यक्ष द्वारा लिखित आदेश अथवा अध्यक्ष के पन्द्रह दिनों से अधिक समय के लिए अवकाश पर जाने या फिर निर्वाचन लंबित रहने की स्थिति में ही उपाध्यक्ष द्वारा कार्यों एवं दायित्वों का निर्वहन किया जा सकता है। उक्त बाध्यकारी स्थितियों को छोड़ दें, तो उपाध्यक्ष के लिए कोई कार्य, दायित्व या जिम्मेदारी तय नहीं है। जमीनी स्तर पर उपाध्यक्ष का पद एक परामर्शदात्री संस्था के तरह भी नहीं है, जिससे समय आने या जरूरत पड़ने पर उचित परामर्श लिया जा सके। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया एक समान होने के बावजूद उपाध्यक्ष केलिए आवास और सुरक्षा का की प्रावधान नहीं है, जबकि उन्हें रहना जिला मुख्यालय में पड़ता है।

### न्यायाधीश के स्थानांतरण पर न्यायालय कर्मियों ने किया विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**दलसिंहसराय (एसएनबी)।** सिविल कोर्ट के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश शशिकांत राय एवं न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी निभा आनन्द के स्थानांतरण पर बृहस्पतिवार को न्यायालय कर्मियों ने अपर मुख्य न्यायिक डंडाधिकारी दंडाधिकारी द्वितीय राहुल कुमार की अध्यक्षता में एंव सीरिस्ता ओम कुमार चौधरी के संचालन में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें एसडीजेएम काजल सोनावाला, प्रशिक्षु न्यायिक पदाधिकारी अनुज कुमार,अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रभात कुमार चौधरी, महासचिव राजीव रंजन सिन्हा, अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारी मनिंद्र कुमार, एपीपी अरुण कुमार सिन्हा सहित अधिवक्ता नवल किशोर सिंह, शिव शंकर प्रसाद वर्मा, संतोष कुमार सिंह, संजीत सिंह समेत न्यायिक कर्मीगण भूतपूर्व सिरिस्ता श्रीराम सिंह, नाजिर मकेश्वर प्रसाद, तारकेश्वर कुमार, विशालदीप प्रकाश, विकास कुमार, चंदन कुमार, अमजद भारती, चंद्रकेतु प्रसाद, हरीश कुमार, मुन्ना, विजय कुमार सिंह, प्रतीक कुमार, मो अली, नीरज कुमार, राम प्रवेश रॉय, राजीव रंजन, मो रब्बानी, चांद प्रसाद, रंजन कुमार, सुभाष कुमार, खुशबू कुमारी, गंगेश झा, संगीता झा, सुनिल कुमार शर्मा, जितेंद्र कुमार, सुधांशु कुमार, प्रकाश रंजन, सुधांशु कुमार, अभिजीत आनन्द कर्ण , पिंटु कुमार, अमित कुमार, मनोरंजन कुमार, रवि राज आदि ने मिथिला परम्परा के अनुसार दोनों स्थानांतरित न्यायधीश द्वय को पाग, चादर, गुलदस्ता एवं माला से सम्मानित किया एवं उनके द्वारा किये गये न्यायिक कार्यों की जम कर सराहना की। इस दौरान अन्य न्यायालय कर्मियों ने भी उनके द्वारा किए गए न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए मिथिला परम्परा के अनुसार सम्मानित किया।

# विद्यालय की सफलता में प्रशासन, समाज एवं शिक्षक का समेकित योगदान : प्रधानाध्यापक

## विद्यालय प्रबंध समिति का हुआ गठन, डॉ. देवेन्द्र प्रसाद महतो बने अध्यक्षकार्यशाला आयोजित

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** उच्च माध्यमिक विद्यालय बालकृष्णपुर मड़वा में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। माननीय मंत्री जलसंसाधन एवं संसदीय कार्य सह सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजय कुमार चौधरी द्वारा विद्यालय के शासी निकाय में अपने प्रतिनिधि के रूप में डॉ. देवेन्द्र प्रसाद महतो को मनोनीत किया गया। उक्त आलोक में डॉ. देवेन्द्र प्रसाद महतो को अध्यक्ष के रूप में सदस्यता ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाध्यापिका सह सचिव आत्मजा कुमारी द्वारा समिति गठन की अनुशंसा के साथ कि गई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस समिति के गठन के साथ हम सभी एक नई जिम्मेदारी और संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। में विश्वास दिलाती हूँ कि हमारा विद्यालय अनुशासन, गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर अग्रसर रहेगा। विद्यालय तभी सफल होता हैं जब प्रशासन, समाज एवं शिक्षक मिलकर एक साथ कार्य करें। समिति के अन्य सदस्यों में राजस्व सह अंचल अधिकारी अरुण कुमार शर्मा भूमि दाता, शिक्षा प्रेमी विनोद कुमार सिंह, वरीय शिक्षक सुमन कुमार, राजकुमारी को शामिल किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका के नेतृत्व में सभी सदस्यों का मिथिला परंपरा के अनुसार माला, पाग एवं शॉल से सम्मान किया गया। साथ ही उन्होंने सभी सदस्यों को भेंट स्वरूप गीता, डायरी एवं पेन प्रदान किया। पूर्व प्रधानाध्यापक रमेश रजक विद्यालय परिवर की ओर से सम्मानित किया गया तथा भेंट स्वरूप उपहार प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा विद्यालय के विकास एवं इंफ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ीकरण हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। मंच संचालन राकेश कुमार दास ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी अंचल अधिकारी अरुण कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में प्रधानाध्यापिका सह सचिव की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय को एक कर्मशील एवं तेज-तर्रार प्रधानाध्यापिका प्राप्त हुई हैं। जो निश्चित रूप से विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाएँगी। प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापिका सह सचिव आत्मजा कुमारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विद्यालय के आधरभूत इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु सभी सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की तथा विद्यालय को तेज गति से प्रगति की ओर अग्रसर करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवर के रामजीनिश राय, सुमन कुमार, तपन कुमार, कुंदन कुमार, अरुण कुमार, अरविन्द कुमार साह, राहुल कुमार, आदित्य कुमार, अंजू कुमारी एवं क्लर्क रानी कुमारी सहित सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।



अध्यक्ष को सम्मानित करती प्रधानाध्यापक।

## इन्द्रवारा में बाबा केवल व बाबा अमरसिंह राजकीय मेले का भव्य उद्घाटन

**मोरवा (एनएसबी)।** जिले के मोरवा प्रखंड स्थित इन्द्रवारा गांव स्थित बाबा केवल स्थान एवं बाबा अमरसिंह स्थान राजकीय मेले का भव्य उद्घाटन केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के साथ ही पूरा परिसर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के माहौल से सराबोर हो गया। बताते चलें कि, बाबा केवल एवं बाबा अमरसिंह निषाद समाज के पूजनीय लोक देवता माने जाते हैं। दोनों महापुरुषों ने अपने जीवनकाल में समाज कल्याण, निषाद समाज के उत्थान तथा सामाजिक समरसता के लिए निरंतर संघर्ष किया और लोकहित में अपना जीवन समर्पित कर दिया। यही कारण है कि इन्द्रवारा स्थित यह स्थल आज निषाद समाज के लिए राष्ट्रीय तीर्थ के रूप में विख्यात है। जहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने मेले की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व मंत्री हरि सहनी, रामाश्रय सहनी, मोरवा विधायक रणविजय साहू, विधान पार्षद डॉ. तरुण कुमार, भीष्म सहनी, जिला परिषद अध्यक्ष खुशबू कुमारी, भाजपा जिलाध्यक्ष शशिधर झा एवं नीलम सहनी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों की भी महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। इस दौरान जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, पुलिस अधीक्षक अरविन्द प्रताप सिंह, उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार, नजारत उप समाहर्ता रजनीश कुमार राय एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता ऋषभ राज सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक एवं जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनंत कुमार राय ने किया। मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।


राजकीय मेला का उद्घाटन करते मंत्री व अन्य।

## ग्रामीण प्रतिभा को निखारने में माय भारत समस्तीपुर की भूमिका अहम : डीपीओ

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** गुरुवार को माय भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में रोसड़ा के मिजार्पुर स्थित एक निजी विद्यालय परिसर में दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कबड्डी महिला वर्ग , कबड्डी पुरुष वर्ग,वॉलीबॉल महिला वर्ग, वॉलीबॉल पुरुष वर्ग ,महिला दो सौ और चार सौ मीटर दौड़, पुरुष दो सौ और चार सौ मीटर दौड़, इत्यादि खेल का आयोजन किया गया। जिसमें बालिका उच्च विद्यालय पांचुपुर, स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल मिजार्पुर, बी एस एस क्लब पांचुपुर के छात्र छात्राओं सहित सैकड़ों ग्रामीण छात्रझछात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पत्रकार मनोज कुमार, विशिष्ट अतिथि डीपीओ नीरजेश कुमार, बीएस एस क्लब के सचिव शतीश कुमार, स्कॉलर्स स्कूल के संस्थापक अखिलेश कुमार, अवधेश कुमार ने सभी प्रतिभागियों को फूलमाला, मोमेंटो, मेडल व विजेता एवं उपविजेता कप से सम्मानित किया। अखिलेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इसके पूर्व तमाम आगत अतिथियों का मोमेंटो व फूल माला से स्वागत किया गया। दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता को सफल बनाने में रमणीक कुमार, सुमित कुमार, गुरुदेव अजीज, कविता कुमारी, स्वाति कुमारी, रीता शुभम राज, माय भारत के स्वयंसेवक मो अली इत्यादि ने का अहम योगदान रहा। कबड्डी महिला वर्ग में बालिका उच्च विद्यालय पांचोंपुर, एवं बी एस एस क्लब ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं स्कॉलर्स स्कूल मिजार्पुर ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल में बी एस एस क्लब पांचुपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दौड़ में बी एस एस क्लब से 400 मीटर पुरुष वर्ग में प्रथम गोविंद, द्वितीय अभिनंदन, तृतीय सुनील और 400 मीटर और महिला वर्ग में दौड़ प्रथम अंशु, द्वितीय सोनी, तृतीय अंशु,स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल मिजार्पुर के तरफ से 200 मीटर दौड़ महिला वर्ग में प्रथम साक्षी, द्वितीय दुर्गा, तृतीय राजनंदनी पुरुष वर्ग में प्रथम सोनू सूद, द्वितीय पिंकेश, तृतीय अमन साथ ही गोला फेंक पुरुष वर्ग में में प्रथम गोविंद, द्वितीय बालमुकुंद, तृतीय

## स्टेट टॉपर आदित्य को रालोमो नेता प्रशांत पंकज ने किया सम्मानित, कहा : बढ़ा क्षेत्र का गौरव

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय के परीक्षा परिणाम में दलसिंहसराय निवासी छात्र आदित्य प्रकाश अमन ने पूरे बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। उनकी इस अभूतपूर्व सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। आदित्य की इस उपलब्धि पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत पंकज ने गुरुवार को उन्हें सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में श्री पंकज ने आदित्य को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं उपहार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान मौजूद लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर श्री पंकज ने अपने संबोधन में कहा कि, आदित्य प्रकाश अमन की यह सफलता कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और लगन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आदित्य ने न केवल अपने माता-पिता का, बल्कि पूरे दलसिंहसराय और बिहार का मान बढ़ाया है। ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों से समाज को नई दिशा मिलती है। उन्होंने आगे कहा कि युवा पीढ़ी को आदित्य से प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहिए, जिससे समाज और राष्ट्र का विकास संभव हो सके। वहीं, सम्मान प्राप्त करने के बाद आदित्य प्रकाश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं निरंतर परिश्रम को दिया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और सकारात्मक सोच से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर आदित्य के शिक्षक पिता हरेंद्र कुमार, माँ रिंकू कुमारी, शिक्षक एस के प्रसाद, रालोमो प्रखण्ड अध्यक्ष धनेश्वर महतो, अरविंद कुमार, महेश कुमार, प्रदीप कुमार, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, राम सागर महतो, डॉ. निर्मल कुमार चंचल, मो. इमामुद्दीन, सत्यम, योगेश कुमार, आदित्य राज, प्रशांत सहित अन्य लोग उपस्थित थे। सभी ने आदित्य को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## महिला सशक्तिकरण एवं योगदान पर केंद्रित कार्यक्रमो के साथ समस्तीपुर रेल मंडल ने मनाया महिला दिवस

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** समस्तीपुर मंडल मुख्यालय स्थित मंथन सभागार में महिला दिवस के अवसर पर गुरुवार को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज एवं कार्यस्थल पर महिलाओं की भूमिका, उनके योगदान तथा महिला सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी विवेक कुमार ने स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत किया। तत्पश्चात मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने अपने संबोधन में महिला कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि, "यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि, एक महिला समेकित रूप में पूरी कुशलता के साथ बहुआयामी व्यक्तित्व को जीती है। अनुभव बताते हैं कि, प्रत्येक महिला कर्मचारी अपने समकक्ष पुरुष की तुलना में कहीं अधिक जिम्मेदारी और कुशलता से कार्यस्थल पर दायित्वों और उससे जुड़ी परिस्थितियों का दबाव झेलती हैं। घर में परिवार के बुजुर्गों व बच्चों की देखभाल व, उनके दैनिक जीवन का प्रबंधन तथा संपूर्ण गृह व्यवस्था का संचालन पूरी निष्ठा, समर्पण और दक्षता से करती ही हैं, वे कार्यालयीन कार्यों का भी अत्यंत दक्षता, समर्पण और पेशेवर उत्कृष्टता के साथ निर्वहन करते हुए निरंतर आगे बढ़ती रहती हैं।" कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा रेल मंत्रालय द्वारा तैयार महिला सशक्तिकरण विषय पर लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इसके उपरांत विभिन्न महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों-यथा अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रेखा साहू, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनन्या स्मृति, लोको पायलट गुड्स कंचन कुमारी, तथा वरीय वाणिज्य लिपिक सह टिकट निरीक्षक कंचन कुमारी, ने अपने-अपने विचार साझा किए। इस दौरान वक्ताओं ने अपने अनुभवों के आधार पर कार्यस्थल पर महिलाओं की चुनौतियों, उपलब्धियों तथा आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।



प्रतिभागी को सम्मानित करते पदाधिकारी।

## पुनः निर्विरोध प्रखंड सचिव चुने गए सुरेंद्र, 17 सदस्यीय नई प्रखंड कमिटी गठित

**ताजपुर (एनएसबी)।** भाकपा माले के 17 सदस्यीय नई प्रखंड कमिटी एवं सचिव के चुनाव के साथ ही देर शाम 7वां प्रखंड सम्मेलन संपन्न हो गया। इस अवसर पर जिला पर्यवेक्षक जीबछ पासवान, जिला सचिव उमेश कुमार, राज्य कमिटी सदस्य बंदना सिंह, जिला कमिटी सदस्य उपेंद्र राय, महेश कुमार, खुर्शीद खैर, जयंत कुमार, मुख्य अतिथि डॉ. प्रभात कुमार की उपस्थिति में 17 सदस्यीय भाकपा प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। जिसमें क्रमशः ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, राजदेव प्रसाद सिंह, शंकर महतो, मनोज कुमार सिंह, आसिफ होदा, मो० एजाज, संजीव कुमार राय, मुंशीलाल राय, जीतेंद्र सहनी, प्रभात रंजन गुप्ता, मो० क्यूम, मुकेश कुमार गुप्ता, ललन कुमार दास, नीलम देवी, रंजू कुमारी, मो० शाद तौहीदी शामिल किए गए। मौके पर नवगठित प्रखंड कमिटी की संक्षिप्त बैठक में सुरेंद्र प्रसाद सिंह एक बार फिर निर्विरोध प्रखंड सचिव चुने गए। वे लगातार चौथी बार प्रखंड सचिव चुने गए हैं। सम्मेलन में कुल 107 प्रतिनिधि शामिल हुए। कामकाज के रिपोर्ट पर बहस में 14 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान अपने संक्षिप्त संबोधन में नवनिर्वाचित प्रखंड सचिव श्री सिंह ने कहा कि, भाजपा के बुलडोजर राज के खिलाफ, भूमिहीनों को वासभूमि-आवास, पहुंचपथ से वंचित गांव-टोले में पहुंचपथ, सरकारी जमीन पर बसे को पर्चा देने समेत प्रखंड, अंचल, मनरेगा, आपूर्ति, थाना आदि कार्यालयों के विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं में जारी लूट-भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कपूरी ठाकुर की कर्मभूमि ताजपुर के विकास- विस्तार, मानवाधिकार की रक्षा को लेकर लड़ाई जारी रहेगा। पर्यवेक्षक जीबछ पासवान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ताजपुर प्रखंड में भाकपा माले आंदोलन की सबसे बड़ी पार्टी है। कई बार भाकपा माले का आंदोलन असरदार के साथ निर्णायक भी रहा है। माले कार्यकर्ता माले एवं इसके जनसंगठनों का टीम हरेक टोला, गांव में बनाकर हजारों-हजार लोगों को माले से जोड़कर विराट आंदोलन खड़ा करने की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लें ताकि न्याय से वंचित लोगों को न्याय और उनका अधिकार दिलाया जा सके।


सम्मेलन का उद्घाटन करते माले नेता व कार्यकर्ता।

## सरायरंजन में सियासी हलचलः वार्ड पार्षद ने लगाया मुख्य पार्षद पर भ्रष्टाचार और कर्तव्यहीनता का आरोप, बर्खास्तगी की मांग तेज

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के सरायरंजन नगर पंचायत में सियासी हलचल तेज हो गई है। वार्ड पार्षद बॉबी चौधरी ने मुख्य पार्षद पूजा कुमारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए बर्खास्त करने की मांग करते हुए विभाग को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने साफ तौर पर लिखा है कि, बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। नियम के अनुसार हर महीने नगर पंचायत की बैठक अनिवार्य है, लेकिन 38 महीनों के कार्यकाल में मात्र 7 बैठकें आयोजित की गई। इतना ही नहीं, स्थायी समिति की बैठकों में भी भारी अनियमितता सामने आई है। जहां नियम के अनुसार 76 बैठकें होनी चाहिए थीं, वहां सिर्फ 17 बैठकें ही आयोजित की गईं। यह आंकड़ा खुद बताता है कि किस तरह नियमों की अनदेखी कर शासन व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है। वार्ड पार्षद श्री चौधरी ने आरोप लगाया है कि मुख्य पार्षद ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए इसे निजी आय का साधन बना लिया, जिससे नगर पंचायत के विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसी आधार पर उन्होंने धारा 69 बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 के तहत कार्रवाई की मांग करते हुए मुख्य पार्षद को तत्काल पद से हटाने की अपील की है। अब यह मामला प्रशासनिक और राजनीतिक दोनों स्तर पर तूल पकड़ता नजर आ रहा है। यदि जांच में आरोप सही साबित होते हैं, तो सरायरंजन की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।



## संक्षिप्त खबरें

### एक साथ चार बच्चे हुए पुरस्कृत. लोगों में हर्ष

**बिस्फी (एनएसबी)।** बिहार राज्य स्थापना दिवस 2026 के अवसर पर पटना गांधी मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय परसौनी बिस्फी के एक साथ चार बच्चों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है. जिसमें अभिमन्यु कुमार, यश कुमार झा, निशा कुमारी, रोशनी कुमारी शामिल है . राज्य स्तर पर पुरस्कार प्राप्त कर बिस्फी एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया.इन शानदार उपलब्धियों से विद्यालय के साथ-साथ पूरे प्रखंड में हर्ष का माहौल है. बीपीआरओ सह बीईओ शेखर कुमार, चहुटा अंचल बीईओ महेश पासवान, विद्यालय प्रधान राजेश कुमार झा, शिक्षक संघ के अध्यक्ष शत्रुघ्न राय, विकास ठाकुर, दिनेश यादव, सुदी लाल यादव मनोज मंडल, अशोक साफी,विभा कुमारी,विनोद झा. डॉ कौशल कुमार सिंह, मो जियाउद्दीन, मीनाक्षी कुमारी, हेमंत कुमार मिश्र, हरिशंकर प्रसाद दास ने सभी विजेता छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है!



### रामनवमी शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करने का दिया संदेश. निकल गया फ्लैग मार्च.

**बिस्फी (एनएसबी)।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने को लेकर बीडीओ बसंत कुमार सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर नीरज कुमार वर्मा, बिस्फी थानाधक्ष अविनाश कुमार, पतौना थानाध्यक्ष अनुराग कुमार एवं औंसी थानाध्यक्ष आदित्य कुमार भगत के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया. फ्लैग मार्च बिस्फी, भैरवा, चहुटा, रघौली, परसौनी, तिसी, नरसाम, औसी, जीरोमाइल सहीत अन्य जगहों का भ्रमण किया गया. फ्लैग मार्च के जरिए पुलिस प्रशासन ने रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण से मनाने का संदेश आम लोगों को दिया. बीडीओ ने बताया कि रामनवमी पर्व के दौरान विधि व्यवस्था भंग करने एवं अशांति का वातावरण उत्पन्न करने वाले तत्वों पर प्रशासन करी कार्रवाई करेगी. वही संवेदनशील स्थानों पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल भी लगाए गए हैं. समिति के सभी सदस्यों को शांतिपूर्ण माहौल एवं अनुशासित होकर रामनवमी यात्रा निकालने की सलाह दी.



### देवी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, जय माता दी के गंज से भक्तों में हुआ माहौल

**मधुबनी (एनएसबी)।** मां सिद्धिदात्री नवरात्रि के नौवें दिन पूजी जाने वाली मां दुर्गा की नौवीं शक्ति हैं, जो 'पूर्णता' (सिद्धियों) की देवी हैं। ये अष्ट सिद्धियां (अणिमा, गरिमा, लघिमा आदि) प्रदान करती हैं। कमल पर विराजमान, चार भुजाओं वाली ये देवी ज्ञान और मोक्ष की दाता हैं। पौराणिक मान्यतानुसार, भगवान शिव ने इनकी कृपा से ही 'अर्धनारीश्वर' रूप प्राप्त किया था। हनुमान प्रेम मंदिर के पुजारी पंडित पंकज झा शास्त्री ने बताया कि ज्योतिषीय दृष्टि से देखा जाए तो माँ सिद्धिदात्री केतु ग्रह का प्रतिनिधित्व करती हैं। वैदिक ज्योतिष के अनुसार, नवरात्र के नौवें दिन इनकी पूजा करने से केतु के नकारात्मक प्रभावों को कम करने और आध्यात्मिक स्पष्टता प्राप्त करने में सहायता मिलती है। यह नवदुर्गा का अंतिम रूप है जो सभी सिद्धियों को प्रदान करता है। आयुर्वेद में माँ सिद्धिदात्री को शतावरी के रूप में जाना जाता है, जो नवदुर्गा का नौवां रूप है। यह एक महाऔषधि है जो बल, बुद्धि, वीर्य, और शारीरिक शक्ति बढ़ाने के साथ-साथ हृदय को मजबूती प्रदान करती है। माता सिद्धिदात्री की तरह शतावरी भी त्रिदोष (वात, पित्त, कफ) का नाश कर समग्र स्वास्थ्य प्रदान करती है।

### हवन का विशेष महत्व है नवरात्रि पूजा में

**मधुबनी (एनएसबी)।** नवरात्रि में हवन (अग्नि यज्ञ) नौ दिनों की पूजा की पूर्णता और मां दुर्गा की असीम कृपा पाने का अंतिम व सबसे महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जो आमतौर पर महाअष्टमी या महानवमी को किया जाता है। यह नकारात्मकता दूर कर सकारात्मकता, सुख-समृद्धि लाता है और अग्नि के माध्यम से देवी-देवताओं तक आहुति पहुँचाकर उनकी प्रसन्नता सुनिश्चित करता है। नौ दिनों तक की गई व्रत, साधना और मंत्र जप का पूरा फल प्राप्त करने के लिए अंतिम दिन हवन करना अनिवार्य माना जाता है। पंडित पंकज झा शास्त्री के कथनानुसार हवन या यज्ञ का वैज्ञानिक महत्व मुख्यतः इसके वायु शोधक, कीटाणुनाशक और मानसिक स्वास्थ्य लाभों में निहित है। शोध बताते हैं कि आम की लकड़ी, घी और औषधीय सामग्री के दहन से उत्पन्न धुआँ 24 घंटे में 94% तक हवा के बैक्टीरिया को नष्ट कर सकता है। यह एक प्रकार का एंटीसेप्टिक, एरोमाथेरेपी और श्वसन प्रणाली को स्वच्छ करने वाला प्राकृतिक उपाय है।

### रामनवमी को लेकर जनकपुर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, नेपाली रेलवे स्टेशन पर दिखा उत्साह

**जयनगर (एनएसबी)।** भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर पड़ोसी देश नेपाल के धार्मिक नगरी जनकपुर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस खास अवसर पर भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र से हजारों श्रद्धालु जनकपुर धाम जाने के लिए निकल पड़े हैं, जिससे नेपाली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है।विशेषकर जयनगर से चलने वाली भारत-नेपाल रेलवे सेवा के माध्यम से श्रद्धालु बड़ी संख्या में जनकपुर पहुंच रहे हैं। सुबह से ही स्टेशन परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महिलाएं, पुरुष और बच्चे भगवान राम एवं माता सीता के जयकारे लगाते हुए उत्साहपूर्वक यात्रा करते नजर आए।जनकपुर स्थित प्रसिद्ध जानकी मंदिर में रामनवमी के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और भव्य आयोजन की तैयारियां की गई हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालु यहां भगवान श्रीराम और माता सीता के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य मानते हैं।रेलवे प्रशासन द्वारा भीड़ को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है, साथ ही टिकट काउंटर और प्लेटफॉर्म पर व्यवस्था को सुचारू रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि, भीड़ अधिक होने के कारण यात्रियों को कुछ असुविधाओं का सामना भी करना पड़ रहा है।गौरतलब है कि जनकपुर को माता सीता की जन्मस्थली माना जाता है, इसलिए रामनवमी के मौके पर यहां का धार्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है। हर वर्ष इस अवसर पर भारत और नेपाल के विभिन्न हिस्सों से हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।इस वर्ष भी रामनवमी को लेकर जनकपुर में आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।



### जिला कृषि कार्यालय पर किसान सभा का 2 अप्रैल को विशाल प्रदर्शन : मनोज

**मधुबनी (एनएसबी)।** विहार राज्य किसान सभा के बिहार राज्य के संयुक्त सचिव मनोज कुमार यादव ने व्यान जारी कर कहा कि मधुबनी जिला कमिटि किसान कौंसिल के जिला अध्यक्ष राम जी यादव और सचिव सत्यनारायण यादव जी के नेतृत्व में मधुबनी जिला कृषि कार्यालय पर 2 अप्रैल 26 को विशाल प्रदर्शन आयोजित होगी, बेमौसम बारिश के चलते किसानों को बड़े स्तर पर फसल का नुकसान हुआ है, यादव ने कहा कि आंधी, तुफान और वारिस से किसानों का गेहूं,मक्का, दलहन,तेलहन के साथ आम फसल का भारी नुक्सान हुआ है, किसान अपनी मेहनत और लागत लगाकर फसल तैयार किया था जिसको बेमौसम बारिश, आंधी ने तबाह कर डाला, जिला पदाधिकारी मधुबनी अपने स्तर से फसल नुकसान का जांच कराकर किसानों को प्रयाप्त मुआवजा के लिए राज्य सरकार से मांग कर किसानों के बीच फसल क्षति की मुआवजा देने की घोषणा करे ताकि किसानों को नुक्सान की भरपाई की जा सके।

# शांति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में रामनवमी एवं चैती दुगार्पूजा त्योहार मनाएं : डीएम, एसपी

- विधि-व्यवस्था के संधारण को लेकर डीएम आनंद शर्मा एवं एसपी योगेंद्र कुमार ने जारी किया संयुक्त आदेश
- जिले के 323 स्थानों पर 646 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ साथ काफी संख्या में पुलिस के जवानों की हुई प्रतिनियुक्ति
- सभी प्रखंडों के बीडीओ,सीओ एवम थानाध्यक्ष लगातार सभी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानो पर भ्रमणशील रहकर विधि-व्यवस्था पर रखेंगे कड़ी नजर
- डीएम ने असामाजिक एवम उपद्रवी तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध त्वरित करवाई का दिया निर्देश



जिलाधिकारी आनंद शर्मा, पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार।

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले में रामनवमी एवं चैती दुगार्पुजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवम भाईचारे के वातावरण में मनाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की आवश्यक एवं ऐहतियातन तैयारी की गई है। इस अवसर पर विधिव्यवस्था संधारण को लेकर जिलाधिकारी, आनंद शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक, योगेन्द्र कुमार द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत जिले के 323 स्थानों सुरक्षित सहित पर 646 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ साथ काफी संख्या में पुलिस के जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है। डीएम ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंच कर अपने दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश दिया है। सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थित होकर संयुक्त फोटो, व्हाट्सएप नम्बर पर भेजना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा है कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। शांति भंग करने वाले या कानून को हाथ में लेने वाले असमाजिक तत्वों पर तत्काल विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करे। अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई करने से जरा भी नही हिचके। सादे लिबास में पुलिसकर्मी शरारती तत्वों पर नजर रखेंगे। सभी पदाधिकारियों को पूरी तरह से चौकस रहने का निर्देश दिया गया है। *विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर वरीय अधिकारियों को जबाबदेही दी गई है,जो सीधे पल-पल की गतिविधियों से जिलाधिकारी को अवगत कराएंगे। सभी प्रखंडों के बीडीओ,सीओ एवम थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि आपस मे समन्वय बनाकर लगातार सभी संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कर स्थिति पर कड़ी नजर रखेंगे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी एवं चैती दुगार्पुजा का त्योहार मनाने की अपील किया गया हैं।

## नेपाल बॉर्डर पर कोडीन युक्त कफ सीरप के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार



गिरफ्तार अभियुक्त।

**जयनगर (एनएसबी)।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। उसके पास से कोडीन युक्त कफ सीरप बरामद किया गया है, जिसे अवैध रूप से नेपाल ले जाया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार, 48वीं वाहिनी एसएसबी मुख्यालय जयनगर के कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी के निर्देश पर कमला कंपनी के कमांडर सहायक कमांडेंट तासी पलधन के नेतृत्व में जवानों की एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार देर शाम भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बेतौन्हा सीमा चौकी के स्तंभ संख्या 269/09 के पास छापेमारी की।छापेमारी के दौरान जवानों ने एक युवक को संदिग्ध स्थिति में पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से कोडीन युक्त कफ सीरप की खेप बरामद हुई, जिसे नशीले पदार्थ के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। एसएसबी ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार युवक की पहचान जयनगर थाना क्षेत्र के खैरामाठ निवासी चन्द्रवीर चौड़वार के 22 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार के रूप में की गई है। प्रारंभिक पूछताछ में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिसके आधार पर एसएसबी अब इस तस्करी नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है।

एसएसबी अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में किसी बड़े गिरोह या अंतरराष्ट्रीय रैकेट के जुड़े होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। बरामद सामग्री और पूछताछ से मिले इनपुट के आधार पर आगे की कार्रवाई तेज कर दी गई है।कार्रवाई के बाद एसएसबी ने गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर जयनगर थाना पुलिस को सौंप दिया। जयनगर थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। साथ ही उसे न्यायिक हिरासत में मधुबनी भेज दिया गया है।

सीमा क्षेत्र में इस तरह की कार्रवाई से स्पष्ट है कि सुरक्षा एजेंसियां नशीली दवाओं की तस्करी को लेकर पूरी तरह सतर्क हैं। एसएसबी द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियान से तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।स्थानीय लोगों ने भी इस कार्रवाई की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि प्रशासन की सख्ती से क्षेत्र में नशे के कारोबार पर लगाम लगेगी। वहीं सुरक्षा एजेंसियां लोगों से भी अपील कर रही हैं कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## जयनगर में रामनवमी को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च, शांतिपूर्ण उत्सव की अपील



**जयनगर (एनएसबी)।** आगामी रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जयनगर में प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी क्रम में गुरुवार की शाम अनुमंडल प्रशासन के नेतृत्व में जयनगर थाना परिसर से भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल ने से किया।फ्लैग मार्च में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अमित कुमार अपने दलबल के साथ शामिल हुए। इसके अलावा बड़ी संख्या में पुलिस बल, सशस्त्र बल और अन्य सुरक्षा कर्मियों की भी तैनाती की गई थी। यह मार्च जयनगर थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील एवं प्रमुख इलाकों से होकर गुजरा, जिसमें बाजार, चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों को विशेष रूप से शामिल किया गया।

फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य लोगों में सुरक्षा का विश्वास कायम करना तथा रामनवमी के दौरान कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना था। प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार के मार्च से असामाजिक तत्वों में भय उत्पन्न होता है, वहीं आम नागरिकों को यह संदेश जाता है कि प्रशासन उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह सतर्क है।मार्च के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से संवाद भी किया और उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रामनवमी आस्था और श्रद्धा का पर्व है, जिसे आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। किसी भी प्रकार की अफवाह या भड़काऊ संदेशों से बचने तथा सोशल मीडिया पर संयम बरतने की भी अपील की गई।डीएसपी राघव दयाल ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि रामनवमी का पर्व पूरी शांति और उल्लास के साथ संपन्न हो। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।वहीं बीडीओ राजीव कुमार ने बताया कि जुलूसों के सुरक्षित संचालन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। सभी प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने भी कहा कि थाना क्षेत्र में लगातार गश्त बढ़ा दी गई है और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि फ्लैग मार्च से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल मजबूत होता है। इससे आम लोगों के बीच विश्वास बढ़ता है और त्योहार को लेकर सकारात्मक वातावरण बनता है। प्रशासन का कहना है कि रामनवमी के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या अशांति फैलाने की कोशिश करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। इसके साथ ही सोशल मीडिया मॉनिटरिंग भी तेज कर दी गई है, ताकि किसी भी भ्रामक सूचना को समय रहते रोका जा सके। इस अवसर पर बीडीओ राजीव कुमार, अपर थाना अध्यक्ष एसआई जीता कुमारी, एस आई मुकेश कुमार, एसआई मोनिका कुमारी, एसआई हीरामणी, एस आई अमित कुमार, एएसआई विनोद कुमार राय समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

## नीतिश -सम्राट की बुलडोजर राज के खिलाफ एकजुट होकर न्याय,अधिकार के लिये जन प्रतिरोध आंदोलन तेज : श्री ठाकुर



**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** भाकपा-माले का तीसरा बेनीपट्टी प्रखंड सम्मेलन अजीत कुमार ठाकुर, धरम दास पासवान एवं सुनीता सदाय की तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडली के संचालन में जमुआड़ी पंचायत भवन में देर रात संपन्न हुआ. पर्यवेक्षक के रुप में भाकपा-माले जिला कमिटी सदस्य मदन चंद्र झा उपस्थित थे.उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नीतिश -सम्राट की बुलडोजर राज के खिलाफ एकजुट होकर न्याय,अधिकार के लिये जन प्रतिरोध आंदोलन तेज करने का आवाहन किया. सम्मेलन में भाकपा(माले) प्रखंड सचिव प्रखंड बिदाई कमिटी की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रखंड क्षेत्र के 15 पंचायत के दर्जनों गांवों मे पार्टी का बिस्तार हुआ हैं, गरीबों के बास आवास, मनरेगा एवं गरीबों पर हुये मदन के खिलाफ आन्दोलन चलाये गये हैं. गरीब बसाओ आंदोलन की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। परंतु सामंती एवं भ्रष्ट ताकते आन्दोलन में तोड़ फोड़ करने की साजिशो का सामना गत सम्मेलन के बाद से करती रही है।तीसरा सम्मेलन के जरिये प्रखंड के सभी पंचायतों में पार्टी का बिस्तार करने और जुझारु आंदोलन तेज करने का संकल्प ब्यक्त किया। सम्मेलन में 56 प्रतिनिधि. 20 अतिथि ने भाग लिया.

## विषहरा स्थान में विषहरा महोत्सव के आयोजन को लेकर प्रशासनिक चर्चा



**खजौली (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के दतुआर गांव स्थित प्राचीन विषहरा स्थान में विषहरा महोत्सव के आयोजन को लेकर प्रशासनिक प्रक्रिया तेज हो गई है। पर्यटन विभाग, बिहार सरकार के संयुक्त निदेशक,पटना द्वारा जारी पत्र के आलोक में जिला विकास शाखा मधुबनी के प्रभारी पदाधिकारी ने खजौली प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) से विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने की मांग की है।जारी निर्देश में विषहरा महोत्सव के आयोजन हेतु स्थल चयन, संभावित उपयुक्त तिथि,कार्यक्रमों की रूपरेखा,अनुमानित व्यय एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं से संबंधित विस्तृत विवरण स्पष्ट मंतव्य के साथ उपलब्ध कराने को कहा गया है। विभाग द्वारा यह रिपोर्ट शीघ्र भेजने का निर्देश दिया गया है। ताकि महोत्सव आयोजन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके। बताया जाता है कि विषहरा पूजा समिति के अध्यक्ष दिलीप कुमार, भाजपा महामंत्री सुमित कुमार सिंह तथा स्थानीय ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से इस ऐतिहासिक धार्मिक स्थल को पर्यटन मानचित्र पर लाने की मांग की जा रही थी। उनके आग्रह पर पर्यटन सह कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार के मंत्री के आप्त सचिव द्वारा पहल किए जाने के बाद पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक ने जिला पदाधिकारी मधुबनी को पत्र भेजते हुए वर्ष 2026 से विषहरा महोत्सव आयोजित कराने हेतु विस्तृत प्रस्ताव उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। स्थानीय लोगों का मानना है।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत क्विज प्रतियोगिता आयोजित, छात्रों को दिलाई गई स्वच्छता शपथ



शपथ पत्र के बीच।

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिला गंगा समिति (नमामि गंगे) द्वारा संचालित स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को वॉटसन स्कूल सभागार, मधुबनी में जिले के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में गंगा एवं उसकी सहायक नदियों, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा जल संरक्षण से जुड़े विषयों पर प्रश्न पूछे गए।कुल 12 राउंड तक चली इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। प्रतियोगिता के अंत में उ. म. विद्यालय, भच्छी (रहिका) की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रीजनल सेकेंड्री स्कूल, मधुबनी की टीम द्वितीय स्थान पर रही। वहीं पोल स्टार स्कूल की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया।कार्यक्रम के दौरान वॉटसन मध्य विद्यालय के शिक्षक मनीष कुमार ने स्कोरर के रूप में अहम भूमिका निभाई। विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जबकि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।कार्यक्रम के दूसरे सत्र में उपस्थित छात्र-छात्राओं को नदी, तालाबों तथा अन्य जलस्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित आईसीडीएस के जिला समन्वयक स्मित प्रतीक ने अपने संबोधन में कहा कि गंगा एवं अन्य नदियों की स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों में पर्यावरण और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं। वहीं नमामि गंगे के जिला परियोजना पदाधिकारी (डीपीओ) आनंद अंकित ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा का उद्देश्य लोगों, विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों को नदियों एवं जलस्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि यदि नई पीढ़ी जल और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझेगी, तो आने वाले समय में हमारी नदियां अधिक स्वच्छ और सुरक्षित रह सकेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मुजफ्फरपुर में दर्दनाक हादसाः वाहन की चपेट में आने से मासूम की मौत, सड़क जाम व आगजनी कर लोगों ने काटा बवाल

**मुजफ्फरपुर/एनएसबी।** जिले के मुशहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सलहा गांव स्थित तिरहुत नहर बांध पर गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार भारी वाहन की चपेट में आने से एक मासूम बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान जलालपुर के 3 वर्षीय मोहम्मद आरिफ के रूप में हुई है। हादसे में बच्चे की हुई मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने तुरंत विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और द्वारिकानगर-समस्तीपुर मुख्य सड़क को जाम कर दिया। वहीं ग्रामीणों ने सड़क पर आगजनी कर हंगामा और प्रदर्शन करते रहे। सड़क जाम और हंगामा के कारण द्वारकानगर समस्तीपुर मार्ग में वाहनों का परिचालन ठप हो गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मुशहरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास शुरू किया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाकर जाम हटाने की कोशिश की, साथ ही घटना की जांच शुरू कर दी। वहीं ग्रामीणों ने दोषी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मुआवजे की मांग की है।



### वैश्विक संकट की घड़ी में भारत की स्थिति वेहतर होने के बावजूद कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री का पुतला जलाना अव्यवहारिक : सुरेश कुमार शर्मा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** आरडीजेएम मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने विश्व स्तरीय ईरान अमेरिका एवं मिडिलईस्ट देशों में चल रही लड़ाई के कारण विश्व में गैस और तेल की कमी की संभावना के मद्देनजर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार ने देश मे गैस व तेल संकट से बहुत हद तक निजात दिलाई है। फिलहाल अन्य देशों में तेल और गैस को लेकर जो स्थिति बनी हुई है, भारत मे उससे कही अधिक वेहतर स्थिति है। यह देश और प्रदेश की जनता बखूबी जानती है। इस बीच कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पेट्रॉलियम मंत्री का पुतला दहन करना बिल्कुल अव्यवहारिक है और कांग्रेस के कार्यकताओं द्वारा की गई सरकार विरोधी इस कार्रवाई की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। श्री शर्मा ने कहा कि संसद में विपक्ष की भूमिका निभा रही कॉग्रेस पार्टी सही मायने में अपने काम से भटक गई है। पूरे विश्व में तेल और गैस को लेकर संकट बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इस स्थिति में थोड़ा विलंब से हीं लेकिन शहर के लोगों को घर तक घरेलू गैस पहुंच रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री का पुतला जलाना बिल्कुल उचित नहीं है। पूर्व मंत्री ने कहा कि विपक्ष के पास सरकार का विरोध करने के लिए कोई मुद्दा हीं नहीं है। इस स्थिति में लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचने के लिए वे इस तरह की कार्रवाई कर रहे हैं।



### एनीमिया नियंत्रण के लिए 'एफसीएम थेरेपी' अभियान का राज्यस्तरीय शुभारंभ के साथ मुजफ्फरपुर सदर अस्पताल में भी हुआ उदघाटन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और मातृ मृत्यु दर में कमी लाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक पहल करते हुए एफसीएम इंजेक्शन थेरेपी अभियान की शुरूआत की है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पटना में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज इंजेक्शन थेरेपी अभियान का शुभारंभ किया। इसी क्रम में मुजफ्फरपुर के सदर अस्पताल में जिलास्तरीय अभियान का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ सुधीर कुमार और जिला कार्यक्रम प्रबंधक रेहान अशरफ ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ ज्ञानेन्दु शेखर, डॉ प्रेरणा सिंह, राज किरण कुमार, आशा कार्यकर्ता और पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों सहित स्वास्थ्य विभाग के कई प्रमुख कर्मी उपस्थित रहे। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. सुधीर कुमार ने प्रदेश में एनीमिया की स्थिति और स्वास्थ्य विभाग की चुनौती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिहार में लगभग 63 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का एनीमिया से पीड़ित होना राज्य के स्वास्थ्य तंत्र के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करता है। इसी चुनौती को स्वीकार करते हुए विभाग ने अभियान के सफल संचालन के लिए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। इसके तहत चिन्हित एनीमिक गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक लाने और उपचार के पश्चात उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाने के लिए विशेष एम्बुलेंस सर्विस की व्यवस्था की गई है। साथ ही, इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ट्रेंड मेडिकल ऑफिसर्स और स्टाफ नर्सो की तैनाती की गई है और राज्य स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स की एक विस्तृत सूची भी जारी की गई है। वही अभियान के पहले दिन मुजफ्फरपुर में कुल 54 चिन्हित बेनेफिशियरी में से 28 महिलाएं वैक्सीनेशन हेतु एलिजिबल पाई गईं, जिन्हें एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल लाकर एफसीएम थेरेपी प्रदान की गई। यह अभियान "एनीमिया मुक्त बिहार" के लक्ष्य को प्राप्त करने और सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने की दिशा में एक क्रांतिकारी माइलस्टोन साबित होगा।



### गायघाट हिंसक झड़प मामले में एसएचओ सहित पूरी टीम निलंबित, बेटे के आरोप के बाद एसएसपी ने की कार्रवाई

**मुजफ्फरपुर(एनएएसबी)।** 17 मार्च 2026 की रात गायघाट के चोरनिया में पुलिस और ग्रामीणों के बीच हुई हिंसक झड़प में 55 वर्षीय एक व्यक्ति जगवीर राय की हुई मौत के मामले में मृतक के पुत्र अविनाश कुमार द्वारा लगाए गए आरोप कि झड़प के दौरान दरोगा राजा सिंह ने ही उनके पिता के सीने में गोली मारी। इस आरोप पर कार्रवाई करते हुए एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने थानाध्यक्ष राजा सिंह समेत पूरी छापेमारी टीम को निलंबित कर दिया है। एसएसपी ने यह कार्रवाई ग्रामीण एसपी राजेश कुमार की जांच रिपोर्ट के आधार पर की है। ग्रामीण एसपी ने अपने रिपोर्ट में कहा है कि छापेमारी टीम ने सही निर्णय नहीं लिया, जिससे यह घटना हुई। ग्रामीण एसपी की जांच रिपोर्ट में छापेमारी प्रक्रिया में गंभीर खामियां सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, थानाध्यक्ष राजा सिंह पर्याप्त पुलिस बल और बिना सूचना लिए संवेदनशील इलाके में छापेमारी करने चले गए थे। चोरनिया गांव में पहले भी तत्कालीन थानाध्यक्ष सरुण कुमार मंडल का विरोध किया गया था, जिससे राजा सिंह ने नजरअंदाज किया। छापेमारी दल ने संयमित और विवेकपूर्ण तरीके से कार्रवाई नहीं की, जिससे स्थिति बेकाबू हो गई। स्थानीय चौकीदार प्रह्लाद कुमार ने भी फरार बदमाश और ग्रामीणों के संभावित विरोध के बारे में टीम को आगाह नहीं किया था। इस रिपोर्ट के बाद एसएसपी ने गायघाट थानाध्यक्ष राजा सिंह, एएसआई मनीष कुमार के अलावा रंजन कुमार, चांदनी कुमारी, ओम प्रकाश और चौकीदार प्रह्लाद कुमार को संस्पेंड कर दिया है।

### भाकपा-माले का 11वां मुजफ्फरपुर जिला सम्मेलन 4-5 अप्रैल को

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भाकपा-माले का 11वां मुजफ्फरपुर जिला सम्मेलन 4-5 अप्रैल 2026 को शहीद खुदीराम बोस - शहीद जुब्बा सहनी नगर मुजफ्फरपुर में आयोजित होगा। सम्मेलन की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए 28 मार्च को पार्टी जिला कमिटी की बैठक आयोजित की गई है, जिसमें राज्य सचिव कॉमरेड कुणाल और पॉलित ब्यूरो सदस्य मीना तिवारी भी भाग लेंगे। यह जानकारी पार्टी के जिला सचिव कृष्णमोहन ने दी। उन्होंने बताया कि जिला सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रखंडों से प्रतिनिधियों का चुनाव संपन्न हो चुका है। सभी स्तर पर पार्टी की महिला कार्यकर्ता भी अच्छी संख्या में जिला सम्मेलन के लिए प्रतिनिधि चुनी गई हैं। माले सचिव ने कहा है कि शहर से प्रखंडों तक तैयारी में सभी स्तर की कमिटियां जुटी हुई है। मुहल्ले व गांव के स्तर पर पार्टी सदस्यों की बैठक चल रही है। दो दिवसीय सम्मेलन के लिए पर्चा और रसीद के साथ कोष संग्रह के लिए जनसंपर्क भी किया जा रहा है। उन्होंने जिला सम्मेलन को पार्टी के संगठनात्मक जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुए कहा कि इस सम्मेलन में राजनीतिक स्थिति, जन आंदोलनों की दिशा, संगठन के विस्तार तथा आगामी कार्यभार पर व्यापक चर्चा और निर्णय लिए जाएंगे। सम्मेलन में सभी क्षेत्र से चुने हुए प्रतिनिधि भाग लेंगे, जो अपने-अपने क्षेत्रों के अनुभवों और सुझावों को साझा करेंगे।

# कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी को लेकर मचा हड़कंप

## दोपहर में कोर्ट के सभी कार्यकलापों को स्थगित कर कोर्ट परिसर खाली करने के संवाद से दहशतजदा रहे लोग

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर के कोर्ट परिसर में गुरुवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब व्यवहार न्यायालय को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली यह सूचना फैलते ही कोर्ट परिसर में मौजूद लोग दहशत में आ गए और पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। वहीं कोर्ट को उड़ाने की मिली धमकी की खबर मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एहतियातन बिना बिलंब किए कोर्ट परिसर को खाली करा दिया और पुलिस ने पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में ले लिया। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबलों की तैनाती कर दी गई और आने-जाने वालों की सघन जांच की जाने लगी। वहीं मौके पर पहुंची बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड की टीम ने पूरे कोर्ट परिसर और भवनों के भीतर चप्पे चप्पे की जांच में जुट गई। साथ हीं कोर्ट परिसर के हर संदिग्ध वस्तु की बारीकी से जांच करने में जुटी रही। पुलिस किसी भी तरह का जोखिम लेने के मूड में नहीं दिख रही थी और हर एंगल से मामले की जांच की जाती रही। बताया गया है कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले भी दो बार कोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई थी। जिसके मद्देनजर पूरे कोर्ट परिसर को सुरक्षा घेरे में लेकर पुलिस की टीम ने कोर्ट परिसर के चप्पे चप्पे की गहन जांच की थी। यह दीगर बात है कि पुलिस टीम को जांच में कुछ भी नहीं मिला था। वहीं दोबारा कोर्ट को उड़ाने की धमकी के मद्देनजर पुलिस सतर्कता बरतने के साथ पूरे कोर्ट परिसर की गतिविधियों पर नजर



धमकी की खबर से दहशतजदा होकर कोर्ट परिसर से बाहर निकलते लोग।



## रामनवमी पर मुजफ्फरपुर में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर हाई अलर्ट, ड्रोन, क्यूआरटी और सीसीटीवी कैमरे से सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** रामनवमी के दौरान जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। रामनवमी पर्व के दौरान किसी भी तरह से अशांति फैलाने वाले सहित असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक व्यापक पैमाने पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं एसएसपी ने खास तौर पर चेतावनी दी है कि अगर कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के जरिए अफवाह फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कुल मिलाकर इस बार रामनवमी पर मुजफ्फरपुर में सुरक्षा का फुलप्रूफ प्लान तैयार कर सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जहां हर गली, हर चौराहा और अब हर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भी पुलिस की नजर में है। वहीं रामनवमी जुलूस को लेकर भी नगर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हर जुलूस के साथ दंडाधिकारी, पुलिस बल और अधिकारी तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी को मौके पर ही कंट्रोल किया जा सके। नगर के अलग अलग हिस्सों में बिहार पुलिस मुख्यालय से मिले अतिरिक्त बल को तैनात किया गया है। ड्रोन कैमरों के जरिए जुलूस की आसमान से निगरानी होगी, जिससे हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। वहीं नगर के तीन प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कंट्रोल रूम बनाए गए हैं, जहां से पूरे शहर की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा आपात स्थिति में त्वरित स्थिति नियंत्रण के लिए पुलिस टीम संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च करना शुरू कर दिया है। ज्ञात हो कि पुलिस पहले ही ह्लसंदेशह्व दे चुकी है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्यूआरटी को अलग अलग स्थानों पर तैनात किया गया है, जो चंद मिनटों में मौके पर पहुंचकर हालात संभाल लेगी।



रामनवमी पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर फ्लैग मार्च करती पुलिस की टीम।

## देर रात मोतीझील ओवरब्रिज पर हुई भीषण दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर के काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के चन्द्रलोक चौक आरओबी पर ठाकुर नर्सिंग होम के समीप रात के लगभग दो बजे हुई भीषण सड़क दुर्घटना में दो युवा दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई। अहले सुबह परिजनों को घटना की जानकारी मिली। इसके बाद मौके पर पहुंचे दोनों मृतकों के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, जहां दोनों दोस्त का शव सड़क पर पड़ा था और बाइक एक तरफ गिरी पड़ी थीं। वहीं परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे में मृत दोनों युवकों की पहचान 19 वर्षीय अंशु और 19 वर्षीय विवेक के रूप में हुई है। दोनों मृतक बेला थाना क्षेत्र के कन्हौली मठ मोहल्ले के रहने वाले बताए गए हैं। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि अंशु और विवेक दोनो गहरे दोस्त थे। बुधवार की रात दोनों एक दोस्त से मिलने जाने की बात कहकर एक हीं बाइक से घर से निकले थे। मृतक विवेक के परिजन ने बताया कि रात ग्यारह बजे फोन पर विवेक से बात हुई तो उसने बताया कि वे दोनों जल्दी ही लौट रहे हैं। लेकिन कुछ देर बाद तक उनके नहीं लौटने पर घर के लोग सो गए। सुबह तीन बजे पड़ोस के एक व्यक्ति ने जगाकर बताया कि दोनों दुर्घटना के शिकार हो गए हैं। इसके बाद दोनों के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि दोनों का शव सड़क पर पड़ा था। घटना के बाद पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है, वही दोनों मृतकों के परिवार में कोहराम मचा है।



हादसे के शिकार दोनों मृतक की फाइल फोटो।

## मुजफ्फरपुर में लापता बच्चियों की तलाश होगी तेज व महिला थाना में खुलेगी 'एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट' : एसएसपी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** कांतेश कुमार मिश्रा ने गुरुवार को महिला थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने के सिरिस्ता, लंबित कांडों की फाइलों और महत्वपूर्ण रिकॉर्ड्स की गहन जांच की। निरीक्षण के बाद एसएसपी ने महिला थाना की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि जांच के दौरान सभी दस्तावेज और व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई हैं। यह एक रूटीन निरीक्षण था, जिसका उद्देश्य थानों की कार्यक्षमता को परखना है। निरीक्षण के बाद एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के आलोक में अब महिला थाना परिसर में ही 'एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट' (अल्ळ्व) को स्थापित किया जा रहा है। यह यूनिट विशेष रूप से उन बच्चियों और युवतियों की बरामदगी पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो लंबे समय से लापता हैं या जिनका अपहरण हुआ है। जिसे पुलिस अबतक ढूंढने में सफल नहीं हो पाई है। इस नई विशेष यूनिट की कमान और अनुश्रवण का जिम्मा विशेष अपराध शाखा के डीएसपी को सौंपा गया है। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि यह टीम केवल लापता बच्चों की तलाश ही नहीं करेगी, बल्कि एक विशेष अभियान चलाकर अपहृत बच्चियों की समयबद्ध बरामदगी के लिए वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों का सहारा लेगी। इससे जिले में मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराधों पर लगाम लगाने में बड़ी मदद मिलने की उम्मीद है। लापता बच्चियों की तलाश के अलावा, यह यूनिट महिला अपराध से जुड़े अन्य गंभीर मामलों पर भी पैनी नजर रखेगी। विशेष रूप से पॉक्सो एक्ट के लंबित मामलों और महिलाओं के विरुद्ध होने वाले जघन्य अपराधों के त्वरित निष्पादन की जिम्मेदारी भी इसी टीम की होगी। एसएसपी ने विश्वास जताया कि इस यूनिट के सक्रिय होने से आने वाले दिनों में महिला सुरक्षा और लंबित कांडों के निपटारे में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

## गवसरा आगलगी की घटना से प्रभावित अग्निपीड़ितों को क्षेत्रीय विधायक का मिला सहारा

### राहत सामगी के साथ पीड़ितों को हर संभव सहायता का मिला भरोसा

**कांटी(एनएस बी)।** मड़वन प्रखंड के गवसरा गांव में बुधवार की शाम हुए भीषण अग्निकांड से प्रभावित परिवारों के बीच गुरुवार को पहुंचे स्थानीय विधायक ई अजीत कुमार ने राहत सामग्री का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने अपने स्तर से 48 पीड़ित परिवारों को दो-दो कंबल, साड़ी, गमछा, गंजी एवं 25-25 किलो चावल भी प्रदान किया। साथ ही सरकारी स्तर से सभी पीड़ितों को 20-20 हजार रुपये का चेक भी उपलब्ध कराया गया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ने पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी परेशानी से अवगत होते हुए उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ राहत सामग्री नहीं, बल्कि आपके दुख में हमारी भागीदारी है। जबतक हर प्रभावित परिवार दोबारा अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो जाता, तब तक हमारी कोशिशें जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार और वे व्यक्तिगत रूप से हर अग्निपीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी पीड़ित परिवार को असहाय नहीं रहने दिया जाएगा।भोजन, वस्त्र और आवास हर जरूरत को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। साथ हीं उन्होंने कहा कि राहत कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर सामुदायिक किचेन का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिया कि यह व्यवस्था लगातार सुचारु रूप से चलती रहे और पीड़ितों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या की सूचना तत्काल उन्हें दी जाए। विधायक ने बीडीओ को निर्देश दिया कि सभी अग्नि पीड़ितों को अविलंब पीएम योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना से जोड़कर लाभ दिलाया जाए, ताकि उन्हें स्थायी आवास मिल सके।



अग्निपीड़ितों को राहत सामग्री व मुआवजा का चेक प्रदान करते क्षेत्रीय विधायक।

# गैस आपूर्ति में लापरवाही पर डीएम हुए सख्त, 4 दिनों में एजेंसियों को व्यवस्था सुधारने का दिया सख्त अल्टीमेटम

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** घरेलू गैस उपभोक्ताओं को समयबद्ध, पारदर्शी एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बुधवार को तीनों तेल कंपनियों आईओसीएल, एचपीसीएल एवं बीपीसीएल के प्रतिनिधियों तथा शहरी गैस वितरण परियोजना के मुख्य प्रबंधक के साथ समाहरणालय में समीक्षा बैठक की। बैठक में गैस आपूर्ति व्यवस्था में पाई गई खामियों पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताते हुए इसे गंभीर लापरवाही करार दिया और तत्काल व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि गैस कंपनियां अपने उपलब्ध स्टॉक के अनुपात में उपभोक्ताओं को नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करें। उपभोक्ताओं को समय पर गैस नहीं मिलना गंभीर चिंता का विषय है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीएम ने तेल कंपनियों के विरुद्ध कड़ा रुख अख्तियार करते हुए गैस सिलेंडरों के बैकलॉग और लंबित वितरण को प्राथमिकता के आधार पर समाप्त करते हुए अधिकतम चार दिनों के भीतर आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु करने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी तथा एसडीओ पूर्वी एवं पश्चिमी को प्रतिदिन आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी करने और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो यह व्यवस्था संधारित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि वर्तमान में औसतन लगभग 20 हजार सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है, जो बढ़ती मांग के मुकाबले अपर्याप्त है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव एवं संबंधित रिफिलिंग प्लांट को पत्र लिखकर अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि मांग में लगातार वृद्धि हो रही है, जबकि बॉटलिंग प्लांट से अपेक्षित मात्रा में गैस की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। उन्होंने अतिरिक्त सिलेंडरों की आपूर्ति बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि लंबित बुकिंग और बैकलॉग को नियंत्रित किया जा सके। वहीं

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अधिकतम उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से ही गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए तथा ह्लफर्स्ट कम, फर्स्ट सर्वह्व के सिद्धांत पर वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि स्टॉक में गैस उपलब्ध रहने के बावजूद वितरण में अपेक्षित प्रगति नहीं होना गंभीर लापरवाही को दशार्ता है, जिसे तत्काल सुधारना होगा। समीक्षा के दौरान एक और महत्वपूर्ण मुद्दा सामने आया कि कई उपभोक्ता पाइपलाइन गैस (पीएनजी) कनेक्शन होने के बावजूद एलपीजी कनेक्शन का भी लाभ उठा रहे हैं। जिलाधिकारी ने इसे नियमों के विरुद्ध बताते हुए ऐसे उपभोक्ताओं का सर्वे कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जिले में शहरी गैस वितरण परियोजना के तहत पीएनजी कनेक्शन की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि वर्तमान में जिले के 32,341 घरों में गैस मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें से 14,238 कनेक्शन चालू हैं, जबकि 18,103 कनेक्शन अभी सक्रिय किए जाने बाकी हैं। इसपर आईओसीएल के मुख्य प्रबंधक अनीश कुमार ने बताया कि लगभग 10,000 कनेक्शन जल्द ही चालू कर दिए जाएंगे, जिनमें से करीब 2,000 मल्टीपल कनेक्शन वाले उपभोक्ता हैं। शेष 8,103 कनेक्शनों के लिए एमडीपीई कनेक्टिविटी का कार्य तेजी से प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने इस कार्य में तेजी लाने और जल्द से जल्द सभी कनेक्शन चालू करने के निर्देश दिए। अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों और कंपनियों को चेतावनी देते हुए कहा कि गैस आपूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।



तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ गैस वितरण की समस्या पर बैठक करते डीएम।

## संक्षिप्त खबरें

### लगमा के बलुआ एवं राघोपुर बखरी में अटल कला भवन परियोजना के निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडेय ने गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित लगमा के बलुआ एवं राघोपुर बखरी में अटल कला भवन परियोजना के निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया। अटल कला


भूमि का निरीक्षण करते जिलाधिकारी रिची पांडेय व अन्य ।

भवन निर्माण के के लिए उपयुक्त दो में से कोई एक स्थल का अंतिम रूप से चयन किया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा दोनों ही स्थलों का निरीक्षण किया गया। इस संबंध में प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि निरीक्षण के उपरांत राघोपुर बखरी ही सूटेबल पाया गया है। जानकारी दी गई कि इस संबंध में अंतिम रिपोर्ट अंचल अधिकारी के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने भूमि के सीमाओं का गहन अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। अटल कला भवन के निर्माण से सीतामढ़ी के कला प्रेमियों को सरकार के द्वारा एक बड़ी सौगात दी जाएगी। स्थानीय कलाकारों में बात को लेकर उत्साह है कि यह केंद्र उनके प्रतिभा को निखारने और उन्हें पहचान दिलाने में सहायक होगा ।इसकी क्षमता 620 सीट की होगी। जानकारी दी गई किअटल कला भवन के निर्माण होने के उपरांत इसका विविध प्रयोग किया जा सकेगा। आधुनिक संसाधन एवं नवीन तकनीक पर आधारित इस भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ अन्य गतिविधियां आयोजित की जा सकेगी। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता संजीव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी आनंद कुमार, डीसीएलआर सदर अमित राज, वरीय उप समाहर्ता अमूल्य रत्न, एसडीसी मो. इस्लाम उपस्थित थे।

### मेधा सम्मान-सह-पीसीएस मार्गदर्शन कार्यक्रम का होगा आयोजन, प्रतिभाओं को मिलेगा सम्मान, युवाओं को सफलता का मार्ग

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने एवं युवाओं को लोक सेवा आयोग (पीसीएस) की तैयारी के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से दिनांक 28 मार्च 2026 (शनिवार) को 12 बजे से समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में मेधा सम्मान-सह लोक सेवा आयोग परीक्षा (पीसीएस) की तैयारी हेतु मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस गरिमामय कार्यक्रम में इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षाझ2026 के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टॉप 3 छात्र-छात्राओं को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली दो प्रतिभाशाली छात्राओं को भी विशेष रूप से सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों को सराहा जाएगा। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण यह भी होगा कि जिले के वे सभी विद्यार्थी एवं परीक्षार्थी, जो लोक सेवा आयोग (पीसीएस) की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें सीधे जिलाधिकारी रिची पांडे से मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। जिलाधिकारी अपने अनुभव साझा करते हुए बताएंगे कि किस प्रकार सही रणनीति, समय प्रबंधन, निरंतर अध्ययन और सकारात्मक सोच के माध्यम से सिविल सेवा जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की जा सकती है। वे अभ्यर्थियों को तैयारी की दिशा, संसाधनों के बेहतर उपयोग, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डालेंगे, जिससे युवा अपने लक्ष्य की ओर और अधिक दृढ़ता से अग्रसर हो सकें। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर युवा इसका लाभ सकेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पदाधिकारी सीतामढ़ी रिची पांडेय होंगे जबकि विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक अमित रंजन, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन बृज किशोर पांडे, जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी होंगे।

### सीएसबी लिमिटेड बैंक का पटना में खुला पहला ब्रांच

**पटना (एनएसबी)।** सी एस बी लिमिटेड बैंक का बिहार में पहला ब्रांच कदमकुआं में खोला गया। उद्घाटन पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग के मुख्य



अतिथि संजय सिंह ने किया। दक्षिण भारत के इस प्रतिष्ठित बैंक की देशभर में 852 शाखाएं हैं। मौके पर सीनियर बैंकर राकेश कुमार, ब्रांच मैनेजर अभिनव निशांत, क्लस्टर हेड प्रवीण मिश्रा और जोनल हेड गौरव महाजन मौजूद रहे। संजय सिंह ने कहा कि बैंक के आने से बिहार में बैंकिंग सेवाएं मजबूत होंगी। अधिकारियों ने बताया कि ग्राहकों को आधुनिक सुविधाएं और बेहतर सेवाएं मिलेंगी, जिससे स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

### श्री नितिन नवीन को भेंट की गई सचित्र रामकथा पुस्तक का विशेष प्रकाशन

**प्पटना (एनएसबी)।** पटना के श्रीराम भक्तों, विभिन्न मंदिरों एवं अखाड़ों के बीच वितरण हेतु "सचित्र रामकथा" पुस्तक का विशेष प्रकाशन किया गया। इस विशेष प्रकाशन में पुस्तक के अंत में रामनवमी शोभायात्रा अभिनंदन समिति के विगत 17 वर्षों के गौरवशाली इतिहास का संकलन किया गया है। साथ ही पटना के विभिन्न मंदिरों एवं अखाड़ों द्वारा श्रीराम चौक पर पहुंचने वाली भव्य शोभायात्रा में प्रस्तुत आकर्षक झांकियों के मनोहारी चित्रों को भी सुंदर ढंग से संजोया गया है। यह प्रकाशन रामभक्तों के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा एवं सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण दस्तावेज सिद्ध होगा। इस पुस्तक के प्रकाशक गणेश खेतड़ीवाल ने समिति के संयोजक माननीय नितिन नवीन, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी से भेंट कर उन्हें पुस्तक की एक प्रति भेंट की। एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर शोभायात्रा समिति के आयोजन से जुड़े श्री जगजीवन सिंह बबलू, राजेश जैन, गोपाल कृष्ण, मुकेश जैन, पवन भगत, सूजय सुलभ, रामलाल खेतान, अक्षय कुमार, आशीष आदर्श एवं पुरुषोत्तम अग्रवाल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**प्पटना (एनएसबी)।** बोरिंग रोड सित किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने अपनी वर्षगांठ के अवसर पर सामाजिक दायित्व निभाते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह शिविर कंपनी की सीएसआर गतिविधियों के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना था। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। फ्रैंचाइजी ओनर रंजन कुमार ने कहा कि रक्तदान एक महादान है, जिससे कई लोगों की जान बचाई जा सकती है।

# सीएसपी संचालक से हुई 3.50 लाख रुपए लूटकांड का सफल उद्भेदन, 3 गिरफ्तार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के मेजरगंज थाना क्षेत्र में 19 मार्च 2026 को सीएसपी संचालक से हुई ₹3.50 लाख की लूटकांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मेजरगंज थाना कांड संख्या- 98/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था।

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-1) के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल के


गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधिकारी व अन्य ।

आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का सूक्ष्म विश्लेषण कर एक आरोपी सुरज कुमार की पहचान की। इसके बाद तकनीकी साक्ष्य के आधार पर छापेमारी करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर अन्य दो अभियुक्त फेकन कुमार और कन्हैया कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त कन्हैया कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है और वह पूर्व में भी बैंक लूट मामले में जेल जा चुका है। अन्य संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सुरज कुमार, थाना- परसौनी, फेकन कुमार, थाना- परसौनी एवं कन्हैया कुमार, थाना- पुपरी (जिला-सीतामढ़ी) के रूप में की गयी है। पुलिस ने छापामारी में नगद ₹12,950, मोबाइल फोन 03, पिस्टल 01, कारतूस 02 एवं घटना के समय पहने गए कपड़े व अन्य सामग्री तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और फरार अपराधियों की तलाश जारी है।

## पश्चिम एशिया में जारी संकट एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनजर बैठक आयोजित


परिचर्चा भवन में उर्वरक के थोक एवं खुदरा विक्रेताओं के साथ बैठक करते डीएम ।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पश्चिम एशिया में जारी संकट एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनजर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में जिलाधिकारी रिची पांडे की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में उर्वरक के थोक एवं खुदरा विक्रेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, सभी

**उर्वरक की जमाखोरी एवं कालाबाजारी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं : जिलाधिकारी**

प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं कृषि विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया कि यूरिया सहित किसी भी उर्वरक की जमाखोरी एवं कालाबाजारी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में इस प्रकार की गतिविधियां राष्ट्रीय हित एवं सुरक्षा के साथ खिलवाड़ मानी जाएंगी और दोषियों के विरुद्ध विधि सम्मत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

**प्रशासनिक तंत्र हुआ सक्रिय:** जिला कृषि पदाधिकारी ने जानकारी दी कि उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जिला एवं प्रखंड स्तर पर प्रशासनिक तंत्र को सक्रिय कर दिया गया है। एसएसबी, पुलिस एवं खुफिया विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक प्रखंड से दैनिक रिपोर्ट जिला स्तर पर उपलब्ध कराई जाए। संदिग्ध दुकानों की सूची बनाकर विशेष निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी या वितरण में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित लाइसेंस निरस्त करने के साथ-साथ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**सीमावर्ती क्षेत्रों पर विशेष निगरानी के निर्देश**

जिलाधिकारी ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सीमावर्ती प्रखंडों में विशेष सतर्कता बरती जाए। वहां के उर्वरक विक्रेताओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा संदेहास्पद गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारियों के कार्यों का सतत अनुश्रवण करने तथा उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

## नि:शुल्क उच्च शिक्षा प्राप्त कर बथनाहा प्रखंड के मझौलिया व बखरी पंचायत के छात्राओं रचा इतिहास


फौकानिया (मैट्रिक) परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्रायें, शिक्षक व अन्य।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार स्टेट मदरसा एजुकेशन बोर्ड पटना द्वारा आयोजित फौकानिया (मैट्रिक) परीक्षा - 2026 का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें बथनाहा प्रखंड अंतर्गत मझौलिया एवं बखरी पंचायत के छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास कर अपने पंचायत सहित बथनाहा प्रखंड का नाम रौशन की है। मालूम हो कि बथनाहा प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय डुमरिया के शिक्षक सह कवि मो. कमरुद्दीन नदाफ के द्वारा लगभग दस वर्षों से लगातार निःशुल्क शिक्षा मुहैया कराया जा रहा है। जिसमें प्रति वर्ष बच्चे परीक्षा में सफल होते आ रहे हैं। इस वर्ष भी फौकानिया (मैट्रिक) परीक्षा - 2026 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण नाजनी खातुन, कुलसुम खातुन, नगमा खातुन, नुरीमा प्रवीण और रविना खातुन ने सफलता प्राप्त की है। सभी सफल छात्राओं को मो. कमरुद्दीन नदाफ द्वारा मेडल, फूल माला, डायरी और कलम दे कर सम्मानित किया गया। मो0 नदाफ ने छात्र छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरित कर उनके भविष्य को उज्जवल बनाने का कार्य कर रहे हैं। साथ ही साथ शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का भी प्रयास किये हैं और लगातार करते आ रहे हैं। मो. नदाफ की इस सराहनीय एवं प्रशंसनीय उपलब्धि के साथ साथ निःशुल्क उच्च शिक्षा प्रदान कराए जाने पर हाजी मौलाना मो. फखरुद्दीन रिजवी, वार्ड सदस्य मो अहमद रजा, मौलाना मो0 अजहरुद्दीन मिस्बाही, मो. हासीम दर्जी, अबदुश शकुर मंसूरी, मो. शहाबुद्दीन नदाफ, अब्दुल गफुर दर्जी ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी।

**सीतामढ़ी नगर में रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा**

# जय सियाराम के जयकारों की गूंज से माहौल भक्तिमय

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** रामनवमी के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के कार्याध्यक्ष सुमित कुमार के नेतृत्व में सीतामढ़ी नगर में भव्य और दिव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। आयोजन श्री रजत द्वार जानकी मंदिर सीतामढ़ी धाम से विधिवत शुरूआत हुई। ध्वज पूजन के उपरांत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल हुए और पूरे शहर में भक्ति का अद्भुत वातावरण बन गया। मातृशक्ति संयोजक नीरा गुप्ता के नेतृत्व में श्री राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के सजीव स्वरूपों ने अपनी आकर्षक भाव-भंगिमाओं के साथ नगर भ्रमण किया, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। ढोल-ताशा और सिंघा की गूंजती ध्वनि पर भक्त झूमते नजर आए और ह्लजय सियारामह्व के जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल के सदस्य संत भूषण दास, राज नारायण दास, महंत बाल कृष्ण दास सहित कई साधु-संत शामिल हुए। सभी संत-महात्मा श्रीराम के स्वरूप के साथ पैदल चलते हुए श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन करते रहे।

यह भव्य शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों—सोनापट्टी, लोहापट्टी, गांधी चौक, वीर कुंवर सिंह चौक, जवाहर चौक होते हुए कोट बाजार स्थित श्री हनुमान मंदिर के रास्ते पुनः जानकी मंदिर धाम पहुंचकर संपन्न हुई। समापन अवसर पर संत भूषण दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान श्रीराम मयार्दा पुरुषोत्तम हैं और मिथिला उनकी ससुराल है। इसलिए जानकी जन्मभूमि के लिए यह पर्व विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना आवश्यक है तथा सभी सनातनी हिंदुओं को एकजुट होकर भेदभाव मिटाकर समरस समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए। शोभायात्रा में सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से श्याम नंदन प्रसाद, दर्शन कुमार, विशाल कुमार, सीता संवाद के निदेशक आग्नेय कुमार, चुनचुन सिंह, जय किशोर यादव, मृत्युंजय भारत, बबलू कुमार, अशोक उपाध्याय (विभाग मंत्री), लव कुमार, अर्चना कुमारी, रेखा देवी, रूपा कुमारी (अधिवक्ता एवं जिला विधि प्रकोष्ठ प्रमुख), रोहित कुमार 'रिक्की' (जिला मंत्री), मधुबाला, संदीप कुमार, राम नंदन महतो, बबलू झा, कौशल सिंह, काजल कुमारी, राजेश गुप्ता (कोषाध्यक्ष), संजय कुमार चौधरी (जिला नगर अध्यक्ष), विवेक कुमार गुप्ता (जिला नगर मंत्री), विकास कुमार, राकेश कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, शंभू शौर्य, बबलू चौधरी, चंदन कुमार, राजा बैठा, विशाल खाना, लालबाबू राय, सुमित्रा देवी, रितेश कुमार (बजरंग दल), रतन देव वर्मा, इंदु देवी, दीपू वर्मा, नेहा कर्ण, अमित यादव, संतोष देशमुख एवं दिग्विजय सिंह सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार रामनवमी के अवसर पर निकाले गए जुलूस के दौरान जिला अंतर्गत विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी संवेदनशील स्थलों, प्रमुख मार्गों एवं चौक-चौराहों पर पुलिस पदाधिकारी/कर्मी मुस्तैद रहे।शोभायात्रा ने सीतामढ़ी में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा का एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।


जानकी मंदिर में श्री राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की झांकी के साथ श्रद्धालु


ढोल-ताशा के साथ नगर भ्रमण के दौरान शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालु


नगर में शोभायात्रा आयोजन के दौरान मुस्तैद पुलिस पदाधिकारी व कर्मी।

## राजद की बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री फातमी ने की अल्पसंख्यक समारोह को सफल बनाने की अपील

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** राष्ट्रीय जनता दल के जिला कार्यालय, सीतामढ़ी में पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अली अशरफ फातमी की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुनील कुमार कुशवाहा ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष फातमी ने बताया कि आगामी दिनांक 11 अप्रैल 2026 को पटना स्थित बापू सभागार में राज्यस्तरीय अल्पसंख्यक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सीतामढ़ी सहित पूरे बिहार के अल्पसंख्यक समाज से भारी संख्या में पटना पहुंचकर समारोह को सफल बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिला प्रधान महासचिव सह पूर्व सभापति नगर परिषद मो. जलालुद्दीन खां ने अपने ने कहा कि अन्य जिलों की अपेक्षा सीतामढ़ी जिला से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता एवं अल्पसंख्यक समाज के लोग पटना पहुंचकर इस समारोह को सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव जी के मार्गदर्शन एवं भाषण से कार्यकताओं को नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त होगी। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष मोहम्मद गौहर शमी, जिला प्रवक्ता मो. अमीरुल, मजदूर प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मो. इफ्तेखार, वरिष्ठ नेता अशरफ अली मुन्ना, बाबा मुन्ने सिद्दीकी, बाजपट्टी प्रखंड अध्यक्ष इश्तियाक अंसारी, जवाहर यादव, मो. नासिब, सुरेंद्र दादा, असलम सहित अनेक कार्यकर्ता एवं नेता उपस्थित रहे। बैठक का समापन पटना कार्यक्रम को सफल बनाने के संकल्प के साथ हुआ।


जिला राजद की बैठक को सम्बोधित करते फातमी व उपस्थित पार्टी के अन्य नेता।

## संक्षिप्त खबरें

### सघन वाहन जांच में 46 हजार का कटा चालान

**चकिया।** एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर गुरुवार को पुलिस द्वारा शहर स्थित पावर हाउस चौक के निकट सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क से आने जाने वाले वाहनों को रोककर वाहन से जुड़े कागजात की जांच की गई। कागजात में त्रुटि पाए जाने व हेलमेट नही पहनने तथा ट्राफिक नियम का उलंघन करने वाले चालकों का अनलाइन चालान काटा गया।इस सघन जांच अभियान का नेतृत्व इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष मुन्ना कुमार के द्वारा किया गया। समाचार प्रेषण तक 46 हजार रुपए का चालान कटा था। जांच अभियान में एसआई गौरव कुमार,अजीत कुमार पीएसआई नवीन कुमार सहित पुरूष व महिला सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। इस वाहन जांच अभियान की भनक से बाइक सहित अन्य वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। कई बाईक व अन्य वाहन चालक मार्ग बदल कर अपने गंतव्य की ओर जाते दिखे।

### रामनवमी पर्व को लेकर तुरकौलिया थाना पर शांति समिति की बैठक आयोजित

**तुरकौलिया।** रामनवमी पर्व को लेकर थाना परिसर में थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। जहां पुलिस पदाधिकारी के रूप में इंस्पेक्टर डीके भारती व अपर थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार मौजूद रहे। वही शांति समिति की बैठक में काफी संख्या में इलाके के गणमान्य लोग व नवयुवक शामिल थे। बैठक को संबोधित करते हुए 'थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी' ने कहा कि शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाना है। खासकर नवयुवकों से अपील करते हुए कहा कि संयमित ढंग से जुलूस निकालना है। किसी के भावनाओं को ठेस नही पहुंचे, इसका विशेष ध्यान रखना है। जुलूस के दौरान हल्ला हंगामा नही करना है। किसी भी तरह का छोटे या बड़े भाला, तलवार, गड़ासी जैसे धारदार हथियार के साथ जुलूस नही निकालें। शांतिपूर्ण वातावरण में जुलूस घुमाना है। डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। 'आपसी भाईचारे के साथ पर्व संपन्न कराना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।' पर्व को लेकर सभी तैयारियां कर ली गई है। फ्लैग मार्च निकालकर इलाके में घुमाया जा रहा है। ताकि उपद्रवियों का मनोबल निचे रहे। बैठक में मुखिया संघ अध्यक्ष सुनील कुमार, मुखिया विनोद सिंह, पूर्व मुखिया गोपाल महतो, सरपंच संघ अध्यक्ष विजय सिंह, सरपंच मनोज कुमार, अनील गुप्ता, संजीव पांडेय, रवि गुप्ता, आत्मप्रकाश गुप्ता, विक्की कुमार, रवि शर्मा, सौरभ प्रजापति, चंदन कुमार सहित दर्जनों मौजूद थे।

### शांति समिति की हुई बैठक

**तुरकौलिया।** रामनवमी पर्व को लेकर थाना परिसर में थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। जहां पुलिस पदाधिकारी के रूप में इंस्पेक्टर डीके भारती व अपर थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार मौजूद रहे। वही शांति समिति की बैठक में काफी संख्या में इलाके के गणमान्य लोग व नवयुवक शामिल थे। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी ने कहा कि शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाना है। खासकर नवयुवकों से अपील करते हुए कहा कि संयमित ढंग से जुलूस निकालना है। किसी के भावनाओं को ठेस नही पहुंचे, इसका विशेष ध्यान रखना है। जुलूस के दौरान हल्ला हंगामा नही करना है। किसी भी तरह का छोटे या बड़े धारदार हथियार के साथ जुलूस नही निकालें। शांतिपूर्ण वातावरण में जुलूस घुमाना है। जुलूस के दौरान जोर-जोर से नारेबाजी नही करते हुए सभी समुदायों का ख्याल करते हुए जुलूस निकालना है। डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। आपसी भाईचारे के साथ पर्व संपन्न कराना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। पर्व को लेकर सभी तैयारियां कर ली गई है। फ्लैग मार्च निकालकर इलाके में घुमाया जाएगा। ताकि उपद्रवियों का मनोबल निचे रहे। बैठक में मुखिया संघ अध्यक्ष सुनील कुमार, मुखिया विनोद सिंह, पूर्व मुखिया गोपाल महतो, सरपंच संघ अध्यक्ष विजय सिंह, सरपंच मनोज कुमार, अनील गुप्ता, संजीव पांडेय, रवि गुप्ता, आत्मप्रकाश गुप्ता, विक्की कुमार, रवि शर्मा, सौरभ प्रजापति, चंदन कुमार सहित दर्जनों मौजूद थे।

### अग्निशमन विभाग ने जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से किया मॉकड्रिल

# आग से बचाव के लिए दिए टिप्स

**मोतिहारी (एनएसबी)।** शहर के बंकट वार्ड एवं बड़ा बरियारपुर में गुरुवार को अगिशमन विभाग की ओर से जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को आग लगने की स्थिति में सतर्क रहने और त्वरित कार्रवाई करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधान अगिक मनोज चौधरी ने किया, जबकि अगिशमन वाहन के चालक निखिल कुमार ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया।

मकड्रिल के दौरान अगिशमन टीम ने घरों में लगने वाली आग, रसोई गैस सिलेंडर से होने वाली दुर्घटनाएं, बिजली शर्ट सर्किट तथा अन्य कारणों से उत्पन्न आग पर काबू पाने के व्यावहारिक तरीके प्रदर्शित किए। ग्रामीणों को बताया गया कि आग लगने की स्थिति में घबराने की बजाय तुरंत 101 या 112 नंबर पर कल करें। साथ ही मोतिहारी फायर कंट्रोल रूम के नंबर 7485805980 और 7485805981 पर भी सूचना देने की सलाह दी गई। वही सहायक जिला अगिशमन पदाधिकारी जय जयराम मंडल ने कहा कि गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए विशेष सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि सुबह 6 से 8 बजे के बीच तथा शाम को साढ़े 6 बजे के बाद ही खाना बनाएं, ताकि तेज गर्मी और लू के समय आग लगने की संभावना कम हो सके। इसके अलावा बिजली उपकरणों का सही उपयोग और गैस सिलेंडर की नियमित जांच करने की भी सलाह दी गई। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को आग बुझाने के प्राथमिक उपाय, जैसे बालू, पानी और अगिशामक यंत्र के सही उपयोग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में लोगों से अपील की गई कि वे जागरूक रहें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचना दें, ताकि समय रहते जान-माल की क्षति को रोका जा सके।


जानकारी देते अगिशमन विभाग की टीम।

# योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता : मंत्री

## मोतिहारी में मंत्री लखिन्द्र पासवान का स्वागत, भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह

**नव संदेश ब्यूरो**

**मोतिहारी।** जिला अतिथि गृह में बिहार सरकार के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं कल्याण विभाग के मंत्री लखिन्द्र पासवान के आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।जिला अतिथि गृह पहुंचने पर मोतिहारी विधायक एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार ने मंत्री लखिन्द्र पासवान का अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय विकास और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की।इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष पवन राज, किसान मोर्चा जिला प्रभारी श्याम बाबू सिंह, विनोद कुशवाहा, धर्मेंद्र कुमार, जिला प्रवक्ता साजिद रजा, सोशल मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा, आईटी सेल संयोजक ऋषभ झा, कौशल किशोर सिंह, जगजीवन पासवान, चंदन सिंह और सन्नी सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने मंत्री के स्वागत में नारे लगाए और संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। नेताओं ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इसकी जानकारी जिला मीडिया सह प्रभारी सुधीर कुमार गुप्ता ने दी।


स्वागत करते लोग।

## एमजीसीयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी व ब्रजकिशोर सिंह वार्षिक पुरस्कार समारोह संपन्न

**मोतिहारी(एनएसबी)।** महात्मा बुद्ध परिसर, बनकट स्थित वृहस्पति सभागार में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू) द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सह ब्रजकिशोर सिंह वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव एवं मुख्य अतिथि प्रो. कैलाश सोदानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रारंभ में छात्र मनोज ने 'रघुपति राघव राजा राम' भजन प्रस्तुत किया। वर्तमान समय में गांधीवादी चिंतन की प्रासंगिकता और साहित्य विषय पर आयोजित संगोष्ठी के संयोजक मानविकी एवं भाषा संकाय के अधिष्ठाता प्रो राजेंद्र बडगूजर थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो संजय पासवान तथा गांधी संग्रहालय स्मारक समिति, मोतिहारी के सचिव विनय कुमार सिंह उपस्थित रहे। स्वागत भाषण में प्रो बडगूजर ने अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की महत्ता बताई।



समारोह में उपस्थित लोग।

मुख्य अतिथि प्रो. कैलाश सोदानी ने कहा कि सत्य और स्वच्छता गांधीवादी विचारधारा की मूल आत्मा है। कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव ने इसे विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। वहीं विनय कुमार सिंह ने चंपारण को गांधीजी की कर्मभूमि बताते हुए उनके विचारों की प्रासंगिकता पर बल दिया।समारोह में वर्ष 2022, 2023 और 2024 के लिए ब्रजकिशोर सिंह वार्षिक पुरस्कार प्रदान किए गए। वर्ष 2022 का पुरस्कार भैरव लाल दास, 2023 का प्रो गिरीश्वर मिश्र तथा 2024 का प्रो बीएम शर्मा को उनकी पुस्तकों के लिए दिया गया। सभी सम्मानित विद्वानों ने गांधीजी के विचारों को वर्तमान समय में अपनाने पर जोर दिया।कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रो सुनील महावर ने सभी अतिथियों, विद्वानों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षाविद, शोधार्थी एवं छात्र उपस्थित रहे।

## बिहार में एनीमिया नियंत्रण के लिए 'एफसीएम थेरेपी' अभियान की शुरुआत

**मोतिहारी(एन एस बी)।** बिहार में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने एनीमिया (खून की कमी) के खिलाफ विशेष अभियान की शुरुआत की है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज (एफसीएम) इंजेक्शन थेरेपी अभियान का राज्यस्तरीय शुभारंभ किया। इसे एनीमिया जैसी गंभीर समस्या से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मोतिहारी के सदर अस्पताल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन सिविल सर्जन ड़ दिलीप कुमार ने किया। सिविल सर्जन ने बताया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (छथ्भ्-5) के अनुसार बिहार में करीब 63 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। इस चुनौती से निपटने के लिए हर जिले में चयनित स्वास्थ्य संस्थानों में कम से कम 20 बेड और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।अभियान के तहत चिन्हित गर्भवती महिलाओं को एंबुलेंस से अस्पताल लाकर उपचार दिया जा रहा है। शुभारंभ के दिन विभिन्न प्रखंडों से आई 17 महिलाओं को एफसीएम थेरेपी दी गई और बाद में सुरक्षित घर पहुंचाया गया।स्वास्थ्य विभाग ने उपचार के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसमें मध्यम और गंभीर एनीमिया की स्थिति में एफसीएम थेरेपी के उपयोग पर जोर दिया गया है। यह अभियान मातृ मृत्यु दर में कमी लाने और एनीमिया मुक्त बिहार के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगास इस अवसर पर उपाधीक्षक ड़ सच्चिदानंद सत्यार्थी, ड़ सुरुचि स्मृति, डीसीएम नंदन झा, पिरामल फाउंडेशन के प्रमंडलीय प्रबंधक नावेद उर रहमान, जिला प्रबंधक मुकेश कुमार सहित कई स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।



फीता काटकर उद्घाटन करते सीएस,, डीएस व अन्य।

# मिथिला की मधुर परंपरा में सजा राम-जानकी विवाह, भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**मोतिहारी(एन एस बी)।** अरेराज प्रखंड क्षेत्र के गुरहां में आयोजित श्रीशतचंडी महायज्ञ के कल सातवें दिन की कथा एवं रामलीला कार्यक्रम का शुभारंभ अरेराज प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी आदित्य नारायण दीक्षित ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कथा श्रवण से हमारे मन की सभी गी दूर होती है, साथ ही ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में फैली दुर्भावना एवं आपसी मतभेद समाप्त होते हैं। यज्ञ से समस्त विश्व का कल्याण होता है और विश्व कल्याण हो के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय बन जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में सभी वर्गो का सहयोग सराहनीय है और इस प्रकार के आयोजन प्रत्येक वर्ष होने चाहिए।

इस अवसर पर शिक्षाविद प्रभाकर मिश्रा, अरविंद मिश्रा, मुखिया प्रतिनिधि ऐश्वर्य मिश्रा, यज्ञ समिति के अध्यक्ष रामनिवास पांडेय एवं सरपंच धनंजय चौबे भी मौजूद रहे। कल के रामलीला में मिथिला पद्धति से राम-जानकी विवाह का अत्यंत मनोहारी मंचन किया गया। मिथिला के मधुर गीतों और पारंपरिक गालियों से पूरा पंडाल गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए और ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो भगवान श्रीराम का वास्तविक विवाह हो रहा हो। राजा दशरथ के चारों पुत्रों का विवाह धूमधाम से संपन्न होने का श्य दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस दिव्य और मनमोहक प्रस्तुति का आनंद लिया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विवेक पांडेय एवं छोटा सर द्वारा किया गया। ग्रामीणों का सहयोग आयोजन में विशेष रूप से सराहनीय रहा।इस मौके पर यज्ञाचार्य पंडित मदन शास्त्री, संयोजक संजीव कुमार मिश्रा, सहसंयोजक रामकिशोर प्रसाद चौरसिया, चंद्रभूषण पाठक, संजय पांडेय, प्रमोद पांडेय, केशव पांडेय, प्रकाश मिश्रा, नवनीत पांडेय, केपी चौरसिया, मोहन भगत, सोनू भगत, पलटू ठाकुर, प्रमोद मिश्रा, चंद्र किशोर मिश्रा,सुजीत नाथ तिवारी,जमुना साह, शिक्षक अनिल कुमार, अभिमन्यु पाठक, अंकल मिश्रा, प्रमोद राय, रेणु कुमारी सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। पूरे आयोजन में भक्ति, संस्ति और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।


भागवत कथा का फीता काट शुभारम्भ करते मुख्यातिथि।

## संक्षिप्त खबरें

### फेनहारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सिविल सर्जन ने किया निरीक्षण जल्द होगा चालू

**फेनहारा(एन एस बी)।** फेनहारा प्रखंड में करोड़ों के लागत से बंद पड़े सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जल्द ही चालू होने जा रहा है। स्थानीय विधायक राणा रणधीर सिंह ने कुछ दिन पहले विधानसभा में इस मुद्दे को उठाया था, जिसके बाद मोतिहारी सिविल सर्जन ड दिलीप कुमार सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।सिविल सर्जन ने बताया कि बिजली की समस्या के कारण यह स्वास्थ्य केंद्र बंद पड़ा था, लेकिन उन्होंने बिजली विभाग के जेई से बात की है और एक दो दिनों में इसकी शुरुआत हो जाएगी। इस स्वास्थ्य केंद्र के चालू होने से फेनहारा प्रखंड सहित आसपास के मरीजों को काफी राहत मिलेगी, क्योंकि उन्हें अब कहीं और जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।यह स्वास्थ्य केंद्र सभी सुविधाओं से लैश होगा, जिसमें आईसीयू की भी सुविधा है। यह 24 घंटे खुला रहेगा और सभी प्रकार के मरीजों के लिए अलग-अलग डक्टर बैठेंगे।

### चम्पारण एचपीसीएल एलपीजी बटलिंग प्लांट में लेवल-3 अग्निशमन मक ड्रिल आयोजित

**मोतिहारी(एन एस बी)।** जिले के हरसिद्धि स्थित एचपीसीएल चम्पारण एलपीजी बटलिंग प्लांट में बुधवार, 26 मार्च 2026 को लेवल-3 अगिशमन मक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित समाधान और समन्वित कार्रवाई का अभ्यास किया गया। मक ड्रिल का परिश्य टैंकर बुलेट के फटने से भारी गैस रिसाव और उसके परिणामस्वरूप बीएलईवीई (ठवपसपदह स्पुनपक म्गचंदकपदह टंचवत म्गचसवेपवद) की स्थिति पर आधारित था।यह अभ्यास प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य प्लांट में संभावित दुर्घटनाओं से निपटने की तैयारियों को परखना और मजबूत करना है। विशेष रूप से टैंक, ट्रक एवं गैस क्षेत्र में एलपीजी रिसाव और संभावित आगजनी जैसी स्थितियों से निपटने के लिए कर्मचारियों और संबंधित एजेंसियों को प्रशिक्षित किया गया। मक ड्रिल में विभिन्न विभागों एवं आपातकालीन सेवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर प्लांट मैनेजर श्री अर्जुन सिंह एवं आरसी श्री उज्ज्वल प्रकाश ने बताया कि इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना, विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा कर्मचारियों की तैयारियों का मूल्यांकन करना है। उन्होंने कहा कि एचपीसीएल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और इस तरह के अभ्यास नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैंस मक ड्रिल के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज सुश्री अंजलि शर्मा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री रवि कुमार, फायर सर्विस के श्री रमेश प्रसाद, एसआई श्री धनंजय कुमार दुबे, चिकित्सा पदाधिकारी ड़ ब्रजेश कुमार, सीओ गुलशन कुमार पासवान एवं एसआई श्री परसनाथ चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूत करने का संदेश दिया।

### राजस्व कर्मियों में आक्रोश, समझौता लागू नहीं होने पर एक दिवसीय प्रदर्शन का ऐलान

**मोतिहारी(एन एस बी)।** राजस्व कर्मियों ने कचहरी चौक पर धरना प्रदर्शन किया और सरकार पर लिखित समझौता लागू नहीं करने का आरोप लगाते हुए कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। कर्मियों द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि सरकार के साथ पूर्व में हुए समझौते के बावजूद उसे अब तक लागू नहीं किया गया, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार, राजस्व कर्मियों का कहना है कि सरकार का रवैया तानाशाहीपूर्ण है और उनके साथ न्याय नहीं किया जा रहा है। कर्मियों ने मांग की है कि सरकार तत्काल प्रभाव से समझौते को लागू करे और उनकी लंबित मांगों को पूरा करे।अपनी मांगों को लेकर राजस्व कर्मियों ने एक दिवसीय प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा, ताकि सरकार का ध्यान उनकी समस्याओं की ओर आकर्षित हो सके। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।कर्मियों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जरूरत पड़ने पर वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर भी जाने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस आंदोलन को समर्थन देते हुए 21 कर्मियों ने अपने हस्ताक्षर कर एकजुटता दिखाई है।राजस्व कर्मियों ने सरकार से संवाद स्थापित कर समस्या का शीघ्र समाधान निकालने की अपील की है, ताकि प्रशासनिक कार्य प्रभावित न हो और आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### खेल मैदान पर छात्रावास निर्माण का विरोध

**पीपराकोठी।** थाना क्षेत्र के हरपुर पंचायत के अंतर्गत शेखवा टोला में स्थित एकमात्र खेल मैदान पर एससीध्एसटी छात्रावास निर्माण का ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। गांव-गांव से जुटे लोगों ने एकजुट होकर इस निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग प्रशासन से की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मैदान केवल एक जमीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि दस से अधिक गांवों के करीब 20 हजार लोगों की जीवनशैली, परंपरा और भविष्य से जुड़ा हुआ केंद्र है। इस मैदान में प्रतिदिन बच्चे खेलकूद कर अपने सपनों को आकार देते हैं, वहीं बुजुर्ग सुबह-शाम टहलते और व्यायाम करते हैं। इसके अतिरिक्त छठ पूजा, दुर्गा पूजा, महायज्ञ जैसे बड़े धार्मिक अनुष्ठान और सामाजिक आयोजन भी इसी मैदान में संपन्न होते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि यदि यहां छात्रावास का निर्माण होता है, तो यह पूरा क्षेत्र अपनी एकमात्र सार्वजनिक पहचान खो देगा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में आज तक एक भी विद्यालय नहीं है, जिससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र की पहली और सबसे बड़ी जरूरत विद्यालय निर्माण है, न कि खेल मैदान को खत्म कर छात्रावास बनाना। ग्रामीणों के बीच यह सवाल बार-बार गूंज रहा है कि श्जब पढ़ाई की बुनियादी सुविधा ही नहीं है, तो छात्रावास का क्या औचित्यश स्थानीय लोगों ने यह भी जानकारी दी कि पंचायत में कई स्थानों पर सरकारी जमीन उपलब्ध है, जहां छात्रावास का निर्माण आसानी से किया जा सकता है। इसके बावजूद इसी मैदान का चयन करना ग्रामीणों की समझ से परे है। साथ ही, मैदान के समीप पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास पहले ही हो चुका है, जिससे ग्रामीणों को आशंका है कि धीरे-धीरे पूरा मैदान ही समाप्त हो जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में झम्मन प्रसाद राय, सुबोध कुमार यादव, राजीव साह, अनिल गुप्ता, पाशंकर प्रसाद यादव, रितेश कुमार यादव, सुमित गिरी सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल हुए।

### पहाड़पुर में रामनवमी पर आस्था और एकता की भव्य झलक

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई के आदर्श वाक्य को आत्मसात करते हुए रामनवमी के पावन अवसर पर पहाड़पुर में भव्य और ऐतिहासिक शोभा यात्रा निकाली गई। इस आयोजन ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शो को जीवंत करते हुए हिंदू समाज की एकजुटता और आस्था का शानदार प्रदर्शन किया।यह भव्य शोभा यात्रा मटियारवा मलंग बाबा हाथी चौक से प्रारंभ होकर अरेराज शिव मंदिर तक पहुंची। पूरे रास्ते श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। जगह-जगह लोगों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया और जय श्री राम के गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।शोभा यात्रा की सबसे बड़ी आकर्षण रथ पर सजी भगवान श्री राम, लक्ष्मण और हनुमान जी की मनमोहक झांकी रही, जिसने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही 11 घोड़ों की रोमांचक दौड़ ने आयोजन में अलग ही उत्साह और ऊर्जा का संचार किया।कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मौके पर थाना अध्यक्ष अजय कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार मिश्रा स्वयं पुलिस बल के साथ मौजूद रहे और पूरे आयोजन पर पैनी नजर बनाए रखी। उनकी देखरेख में शोभा यात्रा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हुई।इस आयोजन का नेतृत्व बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख सुरेंद्र पटेल एवं प्रखंड संयोजक सतीश कुमार हिन्दू ने किया। कार्यक्रम में आरएसएस कार्यकर्ता हिमांशु हिन्दू, गौ रक्षा प्रमुख कार्तिक पटेल, बजरंग दल सदस्य विकास पटेल, पंचायत संयोजक उमेश पटेल, सेतु राय, परमेश्वर मिश्रा, आशीष कुमार, राजा कुमार, नागार्जुन झा, ओमप्रकाश चौरसिया, दुलारेलाल प्रसाद सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं, युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने इस शोभा यात्रा में भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ भगवान श्री राम के जयकारे लगाए। पूरा क्षेत्र राममय हो गया और हर ओर भक्ति, ऊर्जा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।कुल मिलाकर, यह शोभा यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि सामाजिक एकता, अनुशासन और सांसतिक गौरव का भी भव्य प्रदर्शन साबित हुई, जिसकी गूंज लंबे समय तक क्षेत्र में सुनाई देती रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### रामनवमी पर महारस से निकाली गयी भव्य शोभायात्रा, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम, श्रद्धालुओं में रहा उत्साह का माहौल



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के महारस गांव स्थित प्रसिद्ध माँ कात्यायनी मंदिर के प्रांगण से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया गया, जिसके साथ श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। शोभायात्रा में घोड़ा, बाइक एवं कार सवार श्रद्धालु शामिल हुए। यह यात्रा कुशमी, दोहरापुर, पहलाम इस्लामिया हाई स्कूल, पहाड़पुर होते हुए भटपुरा स्कूल के पास से रानीबाग ढाला, पुरानी बाजार, डाक बंगला चैक, शर्मा चैक एवं स्टेशन चैक से गुजरते हुए सिमरी बख्तियारपुर के हाई स्कूल मैदान में पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान सिमरी बख्तियारपुर एसडीओ आलोक रॉय, एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर, सर्किल इंस्पेक्टर मो. सुजाउद्दीन, बीडीओ गुलशन झा, थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी पूरे मार्ग में तैनात रहकर शोभायात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में जुटे रहे। मौके पर युवा क्रांति के संरक्षक खगेश कुमार, बिमलेश भगत, सुधांशु कुमार, पूर्व प्रमुख रमेशचन्द्र यादव, पवन कुमार, पंचू सिंह, बिजेंद्र यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### रसलपुर के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया, प्रखंड टॉपर्स हुए सम्मानित



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय रसलपुर के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में प्रखंड टॉपर को सम्मानित करने हेतु एक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शंभू कुमार सिंह ने की तथा संचालन रामप्रवेश सादा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत के मुखिया अशोक यादव उपस्थित रहे। समारोह में रसलपुर निवासी पवन कुमार के पुत्र गुलशन कुमार को 430 अंक प्राप्त कर प्रखंड में प्रथम स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय टॉपर लजिना प्रवीण ने 351 अंक लाकर पहला स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्रों की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर शिक्षक राजेश रंजन, अभूष कुमार, पंकज कुमार, नीतू कुमारी, राजेश कुमार, जावेद, मिथलेश कुमार पंडित सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### युगनारायण यादव को 'सरदार वल्लभभाई पटेल सेवा रत्न सम्मान से किया गया सम्मानित, ग्रामीणों में खुशी



**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के प्रख्यात समाजसेवी युगनारायण यादव को सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल सेवा रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर उनके सराहनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। जानकारी के अनुसार, युगनारायण यादव वर्ष 2018 से लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन कर रहे हैं। उनके इस प्रयास से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ी है और लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आई है। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीण छात्रों के लिए शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से छात्रों को बेहतर शिक्षा और विकास के अवसर मिल रहे हैं। सम्मान पत्र में उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा गया है कि उनकी सेवा भावना, समर्पण और समाज के प्रति जिम्मेदारी उन्हें समाज में एक अलग पहचान दिलाती है। उनके कार्य ग्रामीण विकास और जनकल्याण के लिए प्रेरणादायक हैं। आयोजकों के अनुसार ऐसे समर्पित व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं और सकारात्मक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इनके समाज सेवा भावना सराहनीय है। वहीं इस मौके पर सम्मानित होने पर सबों को धन्यवाद दिए।


### सफलता आर्ट्स क्लासेज की छात्रा का जिले में चैथा स्थान, 8 सफल छात्र छात्राओ को संस्थान ने किया सम्मानित

**प्रतिभा किसी की मोहताज नही और ना ही मंजिल प्राप्त करने मे कोई गरीबी आड़े नही आ सकता: मुख्तार**









**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सफलता आर्ट्स क्लासेज, इस्लामियाँ चैक के विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है।वही जिले में चैथा स्थान लाकर संस्थान सहित परिवार को गौरवान्वित किया है।ज्ञात हो कि इंटर की बोर्ड परीक्षा 2026 में सफलता आर्ट्स क्लासेज की छात्रा डिंपल कुमारी ने 441 अंक लाकर जिले में चैथा स्थान प्राप्त किया है। डिंपल ने इस उपलब्धि का श्रेय संस्थान के निदेशक मुख्तार आलम और संजीव चैधरी सर को दिया है। निदेशक मुख्तार आलम ने बताया कि डिंपल को भूगोल में 98 राजनीति विज्ञान में 91 इतिहास में 89 और हिंदी में 91 अंक प्राप्त हुआ है जबकि अंग्रेजी में मात्र 72 अंक है। इसी तरह संस्थान के अन्य छात्र मनमोहन कुमार को 409, शिवांगी कुमारी 395, हंसिका सोनी 368,सोनम कुमारी 358, आमन कुमार 354, रितिका वर्मा 334 एवं बबली कुमारी नें 314 अंक प्राप्त कर संस्थान एवं अपने माता पिता का नाम रौशन किया है। उन्होने बताया कि इस संस्थान के सभी छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर गौरवान्वित किया है। उन्होने बताया कि हमारे संस्थान के मध्यम वर्गीय एवं गरीब परिवार से आनेवाले छात्र छात्राओ ने अपने रिजल्ट से साबित कर दिखाया कि प्रतिभा किसी की मोहताज नही होती और ना ही मंजिल प्राप्त करने मे कोई गरीबी आड़े नही आ सकता है। जिस प्रकार आकाश की अनंत उंचाई सदैव खाली रहता है उसी प्रकार सर्वोच्च स्थान सदैव खाली रहता है।

### डॉ० दादी जानकी जी की छठी पुण्यतिथि वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाई गई।

**सहरसा (एनएसबी)।** गुरूवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बनगांव रोड स्थित शांति अनुभूति भवन में संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका डॉ० दादी जानकी जी की छठी पुण्यतिथि वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर दादी जी के जीवन चरित्र एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए स्थानीय सेवाकेन्द्र प्रभारी स्नेहा बहन ने कहा कि दादी जी का बचपन से ही अध्यात्म के तरफ गहरा झुकाव था। ईश्वर से मिलने की ललक उनके मन में सदैव हिलोरे लेती रहती थी। उनके जीवन में एक नया मोड़ आया जब उन्होंने संस्थान के साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा से मुलाकात की। उनसे मिलते ही उनके द्वारा साक्षात परम ज्योति निराकार परमपिता परमात्मा शिव के दिव्य ज्योति स्वरूप का उन्हें अनुभव हुआ और उस अनुभव में उन्हें उस दिव्य ज्योति पुंज से बहुत अपनेपन का आभास हुआ और मानो उनके जीवन की तलाश पूरी हो गई। उस दिन ही उन्होंने अपना समस्त जीवन परमात्म-कार्य के लिए न्यौछावर करने का संकल्प किया।



# 20 चिन्हित गर्भवती महिलाओं को यह इंजेक्शन प्रदान किया गया

## इंजेक्शन की एक खुराक से औसतन 2.5 ग्राम तक हीमोग्लोबिन में वृद्धि देखी जा रही हैः सिविल सर्जन

**सहरसा (एनएसबी)।** सदर अस्पताल सहरसा में गुरूवार को मातृ स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत एफसीएम इंजेक्शन कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय द्वारा पटना स्थित ऊर्जा स्टेडियम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय आयोजन में किया गया। जिसमें सभी जिलों की सहभागिता सुनिश्चित की गई। जिला अस्पताल सहरसा में आयोजित कार्यक्रम में डॉ हरिशेखर भारती प्रभारी सिविल सर्जन सहरसा, जिला अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ एसएस मेहता, विनय रंजन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, कंचन कुमारी, जिला मूल्यांकन एवं अनुश्रवण पदाधिकारी, राहुल किशोर, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक अस्पताल प्रबंधक सिंपी कुमारी, पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं सदस्य उपस्थित रहे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गंभीर एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य में त्वरित एवं प्रभावी सुधार सुनिश्चित करना है। एफसीएम इंजेक्शन एक आधुनिक एवं प्रभावशाली उपचार पद्धति है, जिसके माध्यम से कम समय में हीमोग्लोबिन स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रत्येक जिले में 20 चिन्हित गर्भवती महिलाओं को यह इंजेक्शन प्रदान किया गया। चिकित्सकीय आंकड़ों के अनुसार, इस इंजेक्शन की एक खुराक से औसतन 2.5 ग्राम तक हीमोग्लोबिन में वृद्धि देखी जा रही है, जो इसे एनीमिया प्रबंधन के लिए अत्यंत कारगर बनाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस पहल से न केवल गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार होगा, बल्कि प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं में कमी आएगी और राज्य में मातृ मृत्यु दर को कम करने में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित यह कार्यक्रम सुरक्षित मातृत्व एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक सशक्त कदम है, जो “स्वस्थ मां, स्वस्थ शिशु” के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा।



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय।

## विगत 54 वर्षों से अपने हाथ से मूर्ति बना करते है चैत्र नवरात्र पूजनः आनंदी दास

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहरी क्षेत्र के गौतम नगर गंगजला वार्ड 15 में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैती दूर्गा पूजा में मां दूर्गा सहित अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित की गयी। महाअष्टमी के दिन गुरुवार से श्रद्धालुओं की भीड जुट रही है।महिला श्रद्धालुओं ने मां का खोइछा भरा। वहीं महानवमी को श्रद्धालुओं की भीड सुबह से ही उमडेगी। हालांकि चैती नवरात्रा की पूजा अर्चना लगभग सभी दूर्गा मंदिरों में की जाती है लेकिन शहरी क्षेत्र में दो जगहों पर प्रतिमा स्थापित की जाती है। गंगजला गौतम नगर निवासी आनंदी दास वर्ष 1972 से अपने दरवाजे खुद के हाथों मां दूर्गा एवं अन्य देवी देवताओं की मूर्ति बना पूजा अर्चना करते आ रहे हैं।मां के दर्शन एवं पूजा के लिए किसी प्रकार की बंदिस नहीं है। आनंदी दास ने बताया कि शुरूआत के दिनों में उनका परिवार काफी सुखी था लेकिन परिवार में आपसी वैमनस्यता के कारण अन्यान्य भाइयों द्वारा सब संपति हड़प कर उन्हें बेसहारा छोड़ दिया गया। लेकिन वे सबकुछ भगवान को सौंप कर किसी तरह गुजर बसर कर रहे थे।भगवान के प्रति पूर्ण आस्था के साथ पूजा-पाठ करता रहा। इसी क्रम मे भगवती ने उन्हें साक्षात दर्शन देकर सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया एवं चैत महीने में प्रतिमा निर्माण की आज्ञा दी।उन्हें उन दिनों मूर्ति बनाने नहीं आती थी। कारीगरों का खुशामद किया लेकिन अत्यधिक रुपए मांगने पर वे देने में असमर्थ थे। जिसके बाद उन्हें खुद से मूर्ति निर्माण की प्रेरणा मिली। जिसके बाद उन्होंने मूर्ति निर्माण किया जिसमें सफल रहे।उसके बाद उनके जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ।वही पुत्र पौत्र धन धान्य से परिपूर्ण होकर सपरिवार पूजा-पाठ मे संलग्न हैं।उन्होंने बताया कि अब तो मूर्ति निर्माण में उनके पुत्र ब्रजेश कुमार, चंद्रशेखर, बिजली मिस्त्री बंटी कुमार, संटी कुमार, सोनू,विनीत कुमार,अमित कुमार अंशु,राज लक्ष्मी एवं मुन्नी कुमारी द्वारा भी भरपूर सहयोग किया जाता है। इस अवसर पर मां दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, गणेश, कार्तिक, राम, लक्ष्मण, सीता, बजरंगबली, ब्रह्मा, विष्णु, महेश के मूर्ति बनाते हैं।उन्होंने बताया कि वर्ष के चारों नवरात्रों में कलश स्थापना के साथ पूजा हवन अनुष्ठान का आयोजन कर कुमारी कन्या भोजन भी आयोजित किया जाता है। इसके साथ ही कार्तिक महीने में काली पूजा के दौरान काली प्रतिमा का निर्माण कर काली पूजा का आयोजन धूमधाम से किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस पूजा पाठ के दौरान वे किसी से भी किसी प्रकार का कोई चंदा या सहयोग नहीं लेते हैं बल्कि स्वयं खर्चे से ही पूजा का विशेष आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर पंडित रविंद्रनाथ झा,कन्हैया झा,सुशीलानंद झा,विशम्भर झा,ब्रजकिशोर झा द्वारा पूरे विधि विधान से विधिवत पूजा कराई जा रही है।पंडित श्री झा ने बताया कि कलश स्थापना के साथ वैष्णव पूजा कर कोहड़े की बलि प्रदान कर प्रतिदिन श्री दुर्गा सप्तशती का पुरे विधि-विधान सें सम्पूट पाठ किया जा रहा है।इससे पुरा वातावरण धार्मिक अनुष्ठान से गुंजायमान हो रहा है।



चैती दूर्गा पूजा में डुबे श्रद्धालु।

### कोपा पंचायत के बिंदटोली में 44 वर्षों से मां भगवती दुर्गा की होती है भव्य पूजा-अर्चना, केवल कोपा पंचायत में ही होती चैती दुर्गा पूजा का विशेष महत्व



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत कोपा पंचायय के बिंदटोली चैक पर चैती नवरात्र के शुभ अवसर पर स्थापित मां भगवती दुर्गा की निर्माण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।गुरुवार की रात महाष्टमी की पूजा सम्पन्न होने के साथ ही श्रद्धालूओ के पूजा-अर्चना हेतू मंदिर का पट्ट खोल दिया गय।इस दौरान शुक्रवार से दो दिवसीय मेले का भव्य आयोजन होगा। मालूम हो कि बिंदटोली में गत 1982 से चैती दूर्गा की पूजा प्रारंभ की गई थी जो बीते 44 वर्षों से अनवरत जारी है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के मौके पर चैती दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय मेले के दौरान रात मे मैया जागरण व भजन कीर्तन के साथ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।मैया जागरण पुर्णिया के मुस्कान जागरण टीम द्वारा किया जाएगा। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मेले में बकायदा सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। उक्त बाबत मेला कमेटी के अध्यक्ष रामजतन कुमार ने बताया की भगवती के प्रतिमा का निर्माण महिनाथनगर के कलाकार द्वारा किया जाता है।रविवार को भगवती के प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। वैसे प्रत्येक वर्ष प्रतिमा का विसर्जन पचाढी.के तालाब में विसर्जन किया जाता था लेकिन इस वर्ष तालाब में पानी नहीं रहने से विसर्जन का कार्य अन्यत्र किया जाएगा।

### 27 से 31 मार्च तक खुले रहेंगे बिजली बिल कलेक्शन काउंटरः विद्युत कार्यपालक अभियंता

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति निकट आने और नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड का राजस्व संग्रहण तय लक्ष्य से कम होने की वजह से कंपनी ने 27 से 31मार्च तक सभी कलेक्शन काउंटर कार्यरत रखने का निर्णय लिया है। कंपनी मुख्यालय द्वारा इस संबंध में सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता और सहायक विद्युत अभियंताओं को निर्देश दिया है कि इस फैसले का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। ताकि ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ता अपने बिल का भुगतान कर सके। वही वरीय सहायक विद्युत अभियंता राजस्व ने बताया कि सहरसा जिला के राजस्व जमा करने हेतु सभी राजस्व संग्रहण काउंटर खुले रहेंगे। साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि उपभोक्ता ऑनलाइन माध्यम से एवं वेबसाइट, सुविधा ऐप, ग्रामीण क्षेत्रों में रूरल रेवेन्यू फ्रेंचाइजी के माध्यम से अपने घर पर ही बकाया विद्युत विपत्र का भुगतान कर सकते हैं उन्होंने अपील की वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्ति को देखते हुए विपत्र बकाया भुगतान स समय करे एवं ऑनलाइन के माध्यम से भुगतान करने पर 1.5 प्रतिशत छुट का अतिरिक्त लाभ भी ले सकते हैं।

## भारतीय पान महासंघ सह इंडियन इंक्लूसिव पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**12 अप्रैल को पटना स्थित बाबू सभागार में पान आंदोलन की वर्षगांठ भव्य रूप से आयोजन**



बैठक में विधायक व भारतीय पान के कार्यकत्र्ता।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहर के डीबी रोड स्थित जिला परिषद् के पूजा हॉल में गुरुवार को अखिल भारतीय पान महासंघ सह इंडियन इंक्लूसिव पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सहरसा विधायक इंजीनियर इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय पान महासंघ के जिला अध्यक्ष सीताराम दास और कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ धनोज कुमार प्रवक्ता बिहार प्रदेश इंडियन इंक्लूसिव पार्टी ने किया। बैठक को संबोधित करने प्रमुखता से टुनटुन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष आई आई पी, गावो शर्मा पूर्व मुखिया, अनुराग अक्की, रिभा शर्मा महिला प्रदेश अध्यक्षा अखिल भारतीय पान महासंघ, मनोज शर्मा वर्तमान मुखिया, मनोज शर्मा, पल्लू राजा, सौर बाजार नगर पंचायत विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार, अमरेंद्र कुमार जिला मुख्यालय विधायक प्रतिनिधि, आशीष कुमार बटरहा निवासी, उपेंद्र शर्मा, बिमलेश कुमार, चंदन कुमार, रोहित शर्मा, गुंजन कुमारी, आशा शर्मा, रूपम देवी, छोटेलाल शर्मा उर्फ मास्टर जी, भागेश्वर शर्मा कोरलाही निवासी, छोटू संगम, पिंटू कुमार पान युवा प्रदेश सचिव आईआईपी, उदय, रंजू देवी, श्याम सुंदर शर्मा, राजेश राज शर्मा, शिबलू शर्मा, तरुण शर्मा, नारायण शर्मा ति लाठी निवासी, रोहित शर्मा, अशोक शर्मा, राजदेव शर्मा, धीरेन्द्र शर्मा सरपंच, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि 42 रामनंदन शर्मा, मनोज शर्मा झपरा टोला निवासी, रंजीत दास तांती पूर्व कहरा ब्लॉक प्रमुख, अरुण शर्मा, सुधीर शर्मा महासचिव अखिल भारतीय पान महासंघ, सुधीन शर्मा ने संबोधित किया। बैठक के दौरान पान समाज के उत्थान, अधिकार एवं संगठन को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई। अपने संबोधन में विधायक श्री गुप्ता ने पान समाज की एकता और संघर्ष की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि जब तक समाज संगठित नहीं होगा, तब तक अपने हक और अधिकारों की प्राप्ति संभव नहीं है। इस अवसर पर सर्वसम्मति से यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि आगामी 12 अप्रैल को पटना स्थित बाबू सभागार में पान आंदोलन की वर्षगांठ भव्य रूप से मनाई जाएगी। इसके लिए 12 अप्रैल, 12 हजार पान समाज के संकल्प के साथ अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों, कार्यकत्ताओं एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों ने इस संकल्प को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंकने का भरोसा दिलाया। अंत में सभी ने एकजुट होकर पान समाज के अधिकार, सम्मान और भागीदारी की लड़ाई को और तेज करने का संकल्प लिया।

## प्रयागराज कोल्ड स्टोरेज हादसे में पिपरा भेलवा के 3 परिवारों के सदस्यों की दर्दनाक मौत



**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र के पिपरा भेलवा गॉव के तीन परिवारों के सदस्यों की प्रयागराज में कोल्ड स्टोरेज की बिल्डिंग गिरने से हुई असामयिक मृत्यु ने पूरे इलाके को शोक की लहर में डुबो दिया है। यह हृदयविदारक हादसा बीते दिनों घटित हुआ, जिसमें निर्दोष लोगों की जान चली गई। क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह ने पीड़ित परिवारों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा, “इस दुख की घड़ी में मैं पूरी मजबूती से पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा हूं।” विधायक सिंह ने आगे बताया कि इस घटना को लेकर बिहार सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार से वार्ता की गई है, ताकि पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा एवं हर संभव सहायता मिल सके। सरकार द्वारा प्रत्येक प्रभावित परिवार को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, विधायक ने अपनी ओर से भी तत्काल प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया, जिससे इस कठिन समय में उन्हें कुछ संबल मिल सके।

## 5,202 सिलेंडरों की दैनिक आवश्यकता के विरुद्ध 5,673 सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित की गई : दीपेश कुमार

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिलें में गैस सिलेन्डर आपूर्ति को सामान्य करने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे है। जिसकी प्रतिदिन प्रेस कांफ्रेंस कर मीडियाकर्मियों को इसकी अद्यतन जानकारी दी जा रही है। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने गुरुवार को कार्यालय में मीडिया ब्रीफिंग कर जिला प्रशासन द्वारा गैस आपूर्ति को लेकर किये जा रहे कारवाई के संबंध बताया। उन्होने बताया कि जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार के निदेर्शानुसार जिले में एलपीजी सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और कालाबाजारी रोकने हेतु व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।जिसके अंतर्गत 25 मार्च को अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान एक “कॉमन सर्विस सेंटर” पर अवैध रूप से रखे गए गैस सिलेंडर जब्त किए गए। दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित थाने में सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिला प्रशासन स्पष्ट करता है कि घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग या अवैध भंडारण पर शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जाएगी। जिले में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर पैनिक की स्थिति न हो, इसके लिए आपूर्ति तेज कर दी गई है। जिले में कुल 5,202 सिलेंडरों की दैनिक आवश्यकता के विरुद्ध कल दिनांक 25 मार्च को जिला प्रशासन की देखरेख में कुल 5,673 सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित की गई। उप विकास आयुक्त, सहरसा की अध्यक्षता में कल तीनों ऑयल मार्केटिंग कंपनियों, आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल के एरिया मैनेजरों और गैस वितरकों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की गई। बैठक में सख्त निर्देश दिया गया कि गैस बुकिंग और वास्तविक वितरण की तारीख के बीच 04 दिनों से अधिक का अंतर नहीं होना चाहिए। कुछ वितरकों जैसे आशा भारत गैस एजेंसी द्वारा अवगत कराया गया कि रमजान और ईद के कारण वेंडर व डिलीवरी स्टाफ की कमी हुई है। प्रशासन ने निर्देश दिया है कि एक से दो दिनों के भीतर सभी वेंडर काम पर वापस लौटें ताकि डिस्पैच प्रक्रिया पूरी तरह सुचारू हो सके। जिला पदाधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कल “सिटी गैस सर्विस” की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ कार्यस्थल का भौतिक निरीक्षण भी किया गया। प्रोजेक्ट देख रही इंडियन ऑयल कंपनी को निर्देशित किया गया है कि अप्रैल महीने के दूसरे सप्ताह तक लक्षित घरों में पाइप के जरिए गैस की आपूर्ति अनिवार्य रूप से शुरू कर दी जाए। जिला प्रशासन आम जनता से अपील करता है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी प्रकार की कालाबाजारी की सूचना तत्काल जिला आपूर्ति कार्यालय को दें।



डीएम दीपेश कुमार।

## संक्षिप्त खबरें

### आग लगने से लाखों का नुकसान एक महिला सहित तीन बकरियां झुलसी

**मोरवा (एनएसबी)।** मोरवा प्रखंड के वार्ड संख्या 3 में आग लगने से लाखों की नुकसान की खबर है जिसमें एक महिला सहित तीन बकरियां झुलस गई है। इस घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात राम पुकार सहनी के घर में आग लगने से गैस सिलेंडर, खाने पीने के सभी सामान सहित सब कुछ जल का राख हो गया। आग बुझाने के क्रम में रीता देवी झुलस गई है, जबकि आग लगने से घर में बंधी तीन बकरियां भी झुलस गई। सब कुछ जल जाने से पीड़ितों में मायूसी छाई हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक रणविजय साहू ने पहुंचकर अपने निजी कोष से आर्थिक सहायता एवं राहत सामग्री उपलब्ध कराई है। साथ ही गरीब परिवार के हर सुख दुःख में साथ देने का आश्वासन दिया। साथ ही विधायक ने सीओ आलोक चंद्र रंजन को घटना की अविलंब जांच कर अति शीघ्र सरकारी राहत मुहैया कराने का निर्देश दिया है। मौके पर राजद पंचायत अध्यक्ष जीतेंद्र मंडल, उमेश सहनी, अंकित कुमार, राहुल कुमार, श्रवण कुमार सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### शिद्दत से याद किए गए शहीद प्रदीप महतो

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** समता पार्टी के नेता शहीद प्रदीप महतो के 30 वें शहादत दिवस पर मथुरापुर में उनके स्मारक पर जिला जनता दल यूनाइटेड की ओर से पुष्प एवं माला अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विधायक राजकुमार राय ने कहा कि श्री महतो जीवन भर लोगों की सेवा करते रहे। इस अवसर पर विधायक अश्वमेध देवी जी ने जीवन भर उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जदयू के जिला अध्यक्ष डॉ दुर्गेश राय ने इस अवसर पर कहा कि, आज ही के दिन अहले सुबह शहीद साथी प्रदीप महतो की हत्या कर दी गई थी। इस जिले में समता पार्टी के निर्माण में उनकी अहम भूमिका थी। संगठन के जिस स्वरूप को उन्होंने मेरे साथ खड़ा किया था उसके बदौलत ही पार्टी ने इतनी लम्बी दूरी तय की है। हम जब भी उनको याद करते हैं तो एक बार फिर से नई ऊर्जा मिलती है और पार्टी की मजबूती में सभी साथी लग जाते है। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं ने श्रद्धांजली अर्पित किया। जिसमें विधान पार्षद डॉ तरुण चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष नीलम चौधरी, अनस रिजवान, मनोज जायसवाल, प्रदीप साह शिवे, बनारसी ठाकुर, राकेश राज, आदि मौजूद रहे।

### चुनाव के दौरान पार्टी का विरोध करने पर महिला नेत्री समेत तीन लोगों से मांगा गया स्पष्टीकरण

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** भाजपा बिहार प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने भाजपा समस्तीपुर के पूर्व जिला महामंत्री एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कौशल पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा गीतांजलि एवं भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रभात ठाकुर को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण एक सप्ताह में स्पष्टीकरण देने केलिए पत्र जारी किया गया है। इस बाबत जानकारी देते हुए वरिष्ठ मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि बीते विधानसभा चुनाव में उक्त तीनों को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाया गया था। जानकार सूत्रों के मुताबिक इनपर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की अवहेलना का भी आरोप है।

### दरभंगा में विनयानंद व सुरेंद्र शैल को मिलेगा शोध व काव्य सम्मान

**कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत प्रत्येक वर्ष की बात 2026 के जयराम शोध संस्थान सुल्तानपुर गांव में सद्गृहस्थ संत जगन्नाथ चौधरी शोध सम्मान और वासुदेव गोविंद काव्य शिरोमणि सम्मान की घोषणा कर दी गई है। इस शोध सम्मान में पाग,डोपटा, माला, मान- पत्र मिथिला विजय स्तंभ चित्र से सुसज्जित स्मृति चिन्ह चांदी का कलम और ग्यारह हजार रुपए नगद राशि दिया जाता है। अभी तक यह सम्मान डॉक्टर नरेश कुमार विकल्प( 2018) भैरव लाल दास (2019) डॉक्टर महेंद्र नारायण राम (2022)डॉक्टर रामानंद झा रमण (2023) डॉक्टर रामावतार यादव (2024) और पंडित भवनाथ झा (2025) को अलंकृत किया जा चुका है। वही प्रथम वासुदेव गोविंद काव्य शिरोमणि सम्मान शंकर मधुपांस (2024) को और दूसरा सम्मान डॉक्टर चंद्रमणि झा( 2025 )को प्रदान किया गया था। वहीं चयन समिति में डा रंगनाथ दिवाकर और डा अमर नाथ चौधरी। दिप नारायण ने बताया कि इस वर्ष का सद्गृहस्थ संत जगन्नाथ चौधरी शोध सम्मान मंगरौनी निवासी पं विनयानंद झा को एवं वासुदेव गोविंद काव्य शिरोमणि सम्मान सुरेन्द्र शैल को दिया जाएगा। समारोह में 24 अप्रैल, 2026 को गणमान्य महानुभाव की उपस्थिति में प्रदान किया जाएगा।

### चलती बाइक से गिरकर महिला की मौत

**आरा (एनएसबी)।** गड़हनी थाना क्षेत्र के बड़ौरा गांव के समीप गुरुवार की दोपहर चलती बाइक से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। मृतका आयर थाना क्षेत्र के मरसिया गांव निवासी राज बहादुर सिंह की 40 वर्षीया पत्नी चिंता देवी है। इधर, मृतका के बेटे अविनाश कुमार ने बताया कि चैती छठ को लेकर दो दिन पूर्व वह अपनी मां चिंता देवी के साथ थाना क्षेत्र के बड़ौरा गांव अपने ननिहाल गया था। गुरुवार की दोपहर जब वह अपनी मां एवं मामा के साथ बाइक द्वारा वापस अपने गांव लौट रहा था। उसी दौरान बड़ौरा गांव के समीप अचानक ब्रेकर आ गया।

### आरा में अज्ञात18 वर्षीया युवती की मौत

**आरा (एनएसबी)।** पीरो थाना क्षेत्र के पीरो पीएचसी में अज्ञात 18 वर्षीया युवती की मौत हो गई। बुधवार की शाम थाना क्षेत्र के लोहिया चैक स्थित पटन देवी मंदिर के पास अज्ञात युवती बेहोशी की हालत में पड़ी थी। तब स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना डायल 112 नंबर पुलिस को दी गई थी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच उसे इलाज के लिए पीरो पीएचसी ले गई थी। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### रामनवमी को लेकर 111 डीजे जप्त, शांति व्यवस्था सख्त

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक, मधुबनी योगेंद्र कुमार के निदेशार्नुसार जिला अन्तर्गत रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस द्वारा गुरुवार को सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक एवं सघन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना अनुमति एवं नियमों का उल्लंघन कर संचालित किए जा रहे कुल-111 डीजे, साउंड सिस्टम को तत्काल प्रभाव से जब्त किया गया। मधुबनी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि उच्च न्यायालय एवं सरकारी निदेशों के अनुरूप तेज ध्वनि एवं बिना अनुमति डीजे के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध है। नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# गैस एजेंसी की गाड़ी से 22 सिलेंडर व कैश लूटे

नवसंदेश ब्यूरो

**सोनवर्षा राज (सहरसा)।** बसनही थाना क्षेत्र में रघुनाथपुर पंचायत समीप गुरुवार की शाम चार से पांच हथियार बंद अपराधियों ने एजेंसी के पिकअप से हथियार के बल पर सिलेंडर सहित 25000 रुपये लूटने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार बेखौफ नकाबपोश अपराधियों ने हथियार के बल पर आनन्द गैस एजेंसी अतलखा की घरेलू गैस से भरी हुई पिकअप गाड़ी को हथियार के बल पर बंधक बनाकर पिकअप गाड़ी से 22 भरा हुआ गैस सिलेंडर और करीब 25000 रुपया लूट लिया गया। हद तो ये है कि घटना का अंजाम अपराधियों ने बसनही थाना से करीब 2 किलोमीटर की दूरी पर दिया है। इससे पुलिस की गश्ती दल पर सवाल उठ रहा है। हालांकि घटना की सूचना मिलते ही बसनही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक छानबीन में जुटी।

**देर शाम को 4-5 बदमाशों ने हथियार के बल पर घटना को दिया अंजाम**



घटना के बाद मौके पर पहुंचकर छानबीन करती पुलिस।

### मधुबनी में रामनवमी को लेकर देव-देवी मंदिरों में सजा दरबार

**मधुबनी (एनएसबी)।** राम नवमी को लेकर जिला और आसपास के राम जानकी और हनुमान मंदिर में तैयारी लगभग पूरी हो गई है। इस बार श्री राम नवमी 27 मार्च शुक्रवार को मनाया जा रहा है। राम नवमी का पर्व हिंदू धर्म में भगवान विष्णु के सातवें अवतार, श्री राम के जन्म के उपलक्ष्य में चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है।

यह बुराई पर अच्छाई, धर्म की स्थापना और "मयार्दा पुरुषोत्तम" राम के आदर्शों (सत्य, धर्म, त्याग) का प्रतीक है। शास्त्रों (विशेषकर वाल्मीकि रामायण) के अनुसार, भगवान राम का जन्म त्रेतायुग में चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न में अयोध्या के राजा दशरथ की पत्नी कौशल्या के गर्भ से हुआ था। यह दिव्य अवतार धर्म की स्थापना, रावण के अंत और मयार्दा का पालन करने के लिए हुआ था, जिसे राम नवमी के रूप में मनाया जाता है। यह वसंत नवरात्र का समापन दिवस भी है, जो आध्यात्मिक शुद्धि और शक्ति पूजा का संदेश देता है। स्टेशन चौक स्थित हनुमान प्रेम मंदिर के पुजारी पंडित पंकज झा शास्त्री ने कहा कि राम नवमी केवल धार्मिक त्योहार नहीं, बल्कि वैज्ञानिक रूप से वसंत ऋतु के चरम और सूर्य के तेज से जुड़ा है। यह मौसम परिवर्तन का समय होता है, जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा (इम्यूनिटी) को सूर्य की ऊर्जा से मजबूत किया जाता है और शरीर को आगामी गर्मियों के लिए तैयार किया जाता है।

स्टेशन चौक स्थित हनुमान प्रेम मंदिर कमिटी के अध्यक्ष एवं पूर्व वार्ड पार्षद श्री कैलाश साह से बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी हनुमान प्रेम मंदिर में श्री राम नवमी भव्य तरीके से मनाया जाएगा। वहीं कमिटी के सचिव राजू कुमार राज का कहना है कि अन्यवर्ष की अपेक्षा इस वर्ष भव्य तरीके से हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया जायेगा । मंदिर में आने वाले भक्तों को कोई दिक्कत न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, राम नवमी को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है ।

### बाबा केवल धाम इंद्रवाड़ा में राजकीय मेला क्षेत्र में परेशान करती रही बच्चों के गुम होने की खबर

**मोरवा (एनएसबी)।** राजकीय रामनवमी मेला बाबा केवल धाम इंद्रवाड़ा के विशाल मेले में पूजा के दौरान एवं मेला घूमते हुए सैकड़ो छोटे बच्चे खो गए हैं। मेला क्षेत्र में खोए हुए बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। जबकि खोए हुए बच्चों की जानकारी मिलते ही उमेश सहनी,राजू सहनी, देबू सहनी,सनोज सहनी सहित मेला समिति के अधिकांश सदस्यों के द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों से श्रद्धालुओं एवं आए हुए यात्रियों को अपने बच्चों को खोजने एवं मिले हुए बच्चों को ले जाने की जानकारी दे रहे हैं। पटोरी डीएसपी बीके मेधावी हलई थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार, संजय कुमार सिंह, सुजीत कुमार, श्वेता कुमारी, अनिल कुमार सिंह सहित सैकड़ो पुलिस बल के द्वारा संपूर्ण मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जा रही है।

## वाहन की टक्कर से किशोर की मौत

**बिथान (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के बेलौन गांव से बेलाही गांव को जोड़ने वाली सड़क पर गुरुवार की सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर जम कर हंगामा किया। मृतक की पहचान बेलौन वार्ड संख्या 10 निवासी मो. अकील के पुत्र मो. साकिर के रूप में हुई है। बताया जाता है कि साकिर सुबह खेत देखने गया था। इसी दौरान बेलौन-बेलाही मार्ग पर तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। घटना से नाराज ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोपी वाहन की पहचान कर कार्रवाई करने तथा पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की। जाम के कारण कुछ समय तक आवागमन बाधित रहा। घटना की सूचना पर पहुंची बिथान थाना पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। थानाध्यक्ष प्रकाश चंद्र राजू ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर भेज दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**समस्तीपुर में आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम**

### भाजपा के युवा नेता लगाएंगे सेवा शिविर

**आरा (एनएसबी)।** रामनवमी के अवसर पर आरा शहर के शिवगंज मोड़ पर भाजपा के युवा नेता ऋषभ राज सिंह के नेतृत्व में शिविर लगाया जाएगा। श्री सिंह ने बताया कि रामनवमी शोभायात्रा के दिन सभी राम भक्तों की सेवा करने का एक छोटा सा प्रयास करने में जुटा हूँ, जिसमें श्रद्धालुओं के स्वागत और सेवा हेतु शिविर लगाया जाएगा। शिवगंज मोड़ से गुजरने वाले भक्तों के लिए शीतल शरबत, मुरब्बा एवं बतासा प्रसाद स्वरूप व्यवस्था की गई है।

### पूर्व वार्ड पार्षद पुत्र को मारा चाकू

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के अबरपुल निचली कल मोहल्ले में बुधवार की देर शाम पूर्व पार्षद पुत्र को चाकू मार दी गई। उसे मुंह में कंठ के पास चाकू लगा है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी टाउन थाना क्षेत्र के अबरपुल निचली कल मोहल्ला निवासी स्व.मो. सुफियान सह पूर्व वार्ड पार्षद फमीदा खातून का 25 वर्षीय पुत्र ताज तनवीर है। अबरपुल निचली कल मोहल्ले में बारात जा रहा था। उसी दौरान एक युवकों से कहासुनी हुई, जिसके बाद उक्त युवक ने पूर्व वार्ड पार्षद पुत्र को चाकू मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

### जिला फुटबॉल संघ के पूर्व सचिव परशुराम पाण्डेय के निधन पर शोक

**आरा।** भोजपुर जिला फुटबॉल संघ के पूर्व सचिव परशुराम पाण्डेय का असामायिक निधन हो गया। उनके निधन पर बिहार राज्य थ्रोबाल एसोसिएशन बिहार के राज्य सचिव जीतू चंद्रवंशी ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि परशुराम पांडेय के निधन से फुटबॉल जगत को अपूर्ण छाती हुई है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है, उन्होंने दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

18वें स्मृति पर्व पर
आभार सहित विनम्र श्रद्धांजली
रोशन तुम्हीं से दुनिया, रौनक तुम्हीं जहां की
हमने सजाई महफिल, हर जर्रे में छाया तू ही।।
हमेशा हमारे दिल में ..... हमेशा हमारे साथ



गुरु मदन लाल कोसर
संस्थापक, प्राचीन कला केंद्र, चंडीगढ़
(20.06.1930 से 27.03.2008)
श्रद्धावनत
क्षेत्रीय कार्यालय
प्राचीन कला केन्द्र, फ्लैट नं0 31, 3री मंजिल, भवानी कमर्शियल काम्प्लेक्स,
(सीडीए बिल्डिंग के निकट), राजेन्द्र पथ, पटना - 800 001
प्रधान कार्यालय : सेक्टर- 35बी, चंडीगढ़, पिन- 160022
सौजन्य : जगमोहन विद्यापति कॉलेज ऑफ आर्ट एंड टेक्नोलॉजी ओईनी
पोस्ट- वैनी, जिला- समस्तीपुर (848131)
मो. : 8434205478

## पदस्थापित प्रधान शिक्षक को प्रभार नहीं देना पड़ा महंगा, वरीय शिक्षक को बीईओ ने दिया शोकॉज

**लदनियां (एनएसबी)।** लदनियां प्रखंड क्षेत्र स्थित चौपाल प्राथमिक विद्यालय के वरिय शिक्षक बाल कृष्ण पासवान को नव पदस्थापित प्रधान शिक्षक को पूर्ण प्रभार नहीं सौंपने के कारण जिला शिक्षा पदाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए पत्र निर्गत किया है,जो वरीय शिक्षक को महंगा पड़ गया है।

इसका खुलासा जिला शिक्षा पदाधिकारी मधुबनी ने वरिय शिक्षक बाल कृष्ण पासवान से जवाब तलब किया है । 24 घंटे अंदर वरिय शिक्षक बाल कृष्ण पासवान द्वारा निर्देशित पत्र का अनुपालन नहीं होने पर अग्रिम कार्रवाई की जायगी। डी इ ओ मधुबनी ने दिनांक 24 मार्च 026 को अपने कार्यलय पत्रांक 1261 के माध्यम से चौपाल विधालय के वरिय शिक्षक बाल कृष्ण पासवान से मांगी स्पष्टिकरण में जिक्र किया है कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी लदनियां ने अपने कार्यालय पत्रांक 81 दिनांक 24 मार्च 026 को जिला शिक्षा कार्यालय मधुबनी को प्रेषित पत्र में कहा है कि 21 जुलाई 025 नव पदस्थापित राजेन्द्र पासवान प्रधान शिक्षक के रुप में योगदान दिया । वरिय शिक्षक बाल कृष्ण पासवान 8 माह बीतने बाद भी प्रधान शिक्षक राजेन्द्र पासवान को पूर्ण प्रभार नहीं दिया है। डीईओ के कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में बी इ ओ लदनियां के द्वारा निर्गत पत्र के माध्यम से वरिय शिक्षक बाल कृष्ण पासवान से स्पष्टीकरण मांग की गई है ।

डी इ ओ ने वरिय शिक्षक बाल कृष्ण पासवान से मांगा गया स्पष्टीकरण में कहा है कि पत्र प्राप्ति के 24 घंटे अंदर नव पदस्थापित प्रधान शिक्षक पूर्ण राजेन्द्र पासवान को नहीं किया गया तो उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जायगी । उक्त सनसनीखेज खुलासा का प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने भी स्वीकार किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### खगड़िया में सड़क दुर्घटना में खाद व्यवसायी की मौत, परिवार के चार सदस्य घायल

**खगड़िया।** जिले के मानसी थाना क्षेत्र के ठाठा के समीप नेशनल हाईवे-31 पर बुधवार की देर रात अज्ञात ट्रक और स्कॉर्पियो की टक्कर में खाद व्यवसायी दीपक कुमार (50) की मौत हो गई, जबकि परिवार के चार अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मासूम बच्ची की स्थिति अत्यंत नाजुक बनी हुई है, जिसे बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, खगड़िया नगर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या-13 निवासी दीपक कुमार बुधवार को परिवार के साथ गोगरी जमालपुर स्थित ननिहाल से श्राद्ध भोज से लौट रहे थे तभी मानसी थाना क्षेत्र के ठाठा, चौधाबन्नी स्थित कसरैया धार के पास पीछे से ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से सभी घायलों को खगड़िया सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। दीपक के निधन की खबर फैलते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। इधर घटना के बाद ट्रक चालक फरार होने में सफल रहा। गुरूवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

### पच्चीस हजार का इनामी कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**खगड़िया।** जिले के गोगरी थाना, डीआईयू टीम खगड़िया एवं एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में खगड़िया जिले का 25,000 रुपये के इनामी अपराधी चंदन यादव को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार गोगरी थाना कांड संख्या 274/25 में वांछित चंदन को महेशखूंट चौक से गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध गोगरी एवं अन्य थानों में हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, रंगदारी आदि जैसे कई संगीन कांड दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चन्दन यादव नयाटोला तौफीर, थाना गोगरी का रहनेवाला है। छापेमारी में गोगरी थानाध्यक्ष परशुराम सिंह, महेशखूंट थानाध्यक्ष पुअनि सुजीत कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

### फसल क्षति का सही से आकलन कराया जाय : जितेन्द्र

**खगड़िया।** जिले में बीते दिनों आंधी के साथ तेज वारिष होने से हुई फसल की नुकसान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव ने जिलाधिकारी से मिलकर कहा कि मक्का, गेहूं, केला सरसों की फसलों का नुकसान क्षति हुआ गेहूं मक्का की फसल खेतों में गिर गया फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुका है,जिसका षि विभाग के द्वारा सही आकलन कर किसान को फसल क्षति मुआवजा मिले। उन्होने कहा कि इटवा स्लुईस गेट की सफाई एवं पक्की नहर का निर्माण कर कोसी नदी तक मिलाने एवं सूरज नगर एवं उड़ानगारी के पास नए स्लुईस गेट की निर्माण कर किसानों के हित में सही कदम उठाया जाए, ताकि जल जमाव की समस्या से किसानों को राहत मिल सके। उन्होने कहा कि इसका निर्माण होने से किसान सही समय पर अपने खेतों की बुआई कर पायेगें, नहीं तो जल जमाव की समस्या होने से हजारों एकड़ भूमि जलमग रहने के कारण सही समय पर जल निकासी नहीं हो पाता, जिससे किसानों को का सही समय पर खेत बुआई नहीं होता, जिसके कारण फसल अच्छी नहीं पैदावार होती है।

### खगड़िया में पहली बार होगी राज्यस्तरीय लगोरी प्रतियोगिता

**खगड़िया।** लगोरी एसोसिएशन ऑफ बिहार के तत्वावधान में खगड़िया में लगोरी संघ तथा ब्राइटवे पब्लिक स्कूल द्वारा 28 और 29 मार्च को राज्यस्तरीय सब जूनियर लगोरी प्रतियोगिता का आयोजन जवाहर प्लस 2 विद्यालय, महेशखूंट के प्रांगण में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों के 300 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। यह जानकारी आयोजन समिति के संयोजक सह खगड़िया जिला लगोरी संघ के संयुक्त सचिव विजय प्रताप ने दी। उन्होंने बताया की इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर बिहार की टीम चुनी जाएगी जो आगामी रेवाड़ी (हरियाणा) में आयोजित होनेवाले सब जूनियर नेशनल लगोरी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर खगड़िया जिला लगोरी संघ के सचिव दीपक कुमार ने बताया कि खगड़िया जिले में पहली बार राज्य स्तरीय लगोरी प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। यह जिले के लिए गर्व की बात है। आयोजन की तैयारी जोर-जोर से की जा रही है। खिलाड़ी 27 मार्च की शाम में आयोजन स्थल पर पहुंचेंगे जिनके रहने खाने और खेलने की समुचित व्यवस्था की गई है। प्रतियोगिता में खगड़िया जिले की भी बालक-बालिका की टीम भाग लेगी जिनका निरंतर अभ्यास राज्यस्तरीय कोच प्रेम प्रकाश सिंह की देखरेख में जवाहर विद्यालय के मैदान में किया जा रहा है।

### एनीमिया नियंत्रण को लेकर एफसीएम थेरेपी का शुभारंभ




**खगड़िया।** सदर अस्पताल खगड़िया के कोविड वार्ड में एफसीएम थेरेपी का विधिवत शुभारम्भ हुआ, जिसमें गंभीर एनीमिया से पीड़ित 23 गर्भवती महिलाओं को यह सुविधा प्रदान की गई। यह थेरेपी एनीमिया प्रबंधन में एक प्रभावी और त्वरित समाधान है, जिसमें एक ही डोज में सुरक्षित रूप से आयरन की पूर्ति संभव होती है, जिससे गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार लाया जा सकता है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. रामेंद्र कुमार, डीएस डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. संजू कुमारी, डॉ. अर्चना कुमारी, डॉ. शशिवाला सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे। साथ ही सदर अस्पताल के मैनेजर प्रणव कुमार, पीरामल फाउंडेशन से ललन कुमार, सेराज हसन, करण कुमार, बीएचएम विजय कुमार एवं बीसीएम प्रभाकर कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के कई पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि एफसीएम थेरेपी के माध्यम से गंभीर एनीमिया से जूझ रही गर्भवती महिलाओं को त्वरित राहत मिलेगी, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में मदद मिलेगी। यह पहल एनीमिया मुक्त बिहार के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी।

# चार दिवसीय चैती दुर्गा मेला में उमड़े श्रद्धालु

## सच्चे मन से मैया के दरबार में हाजिरी लगाने वाला खाली हाथ नहीं लौटता



मां दुर्गा की प्रतिमा की पूजा करते भक्त।

**पसराहा (एसएनबी)।** महद्दीपुर में चार दिवसीय राजकीय दुर्गा मेला में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। आध्यात्म और आस्था के संगम के रूप में विख्यात महद्दीपुर की मां दुर्गा के प्रति भक्तों में अटूट विश्वास है। माना जाता है कि यहां स्थापित मां दुर्गा भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। यही कारण है कि इस मंदिर की ख्याति अब केवल बिहार तक सीमित न रहकर देश के कोने-कोने में फैल चुकी है।

मंदिर की अद्भुत कलात्मक शैली और वहां स्थापित मां दुर्गा की जीवंत व आकर्षक संगमरमर की प्रतिमा श्रद्धालुओं को अपनी ओर बरबस ही आकर्षित कर

**यहां रामनवमी पर दशकों से किया जा रहा भव्य मेले का आयोजन**

लेती है। लोक मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से मैया के इस दरबार में हाजिरी लगाता है, वह कभी खाली हाथ वापस नहीं लौटता। स्थानीय निवासियों और श्रीश्री 108 चैती दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के अनुसार, दशकों से यहां रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यहां राज्य के विभिन्न हिस्सों से लाखों श्रद्धालु उमड़ते हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष रोहीन कुमार सिंह, सचिव अरुण सिंह और अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार मेले में पहली बार जम्मू की तर्ज पर बनी वैष्णो देवी गुफा और 'जल परी' मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगे। इसके अतिरिक्त मीना बाजार, मौत का कुआं, टावर झूला और ड्रैगन ट्रेन जैसे मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध रहेंगे।

सांस्कृतिक और पारंपरिक खेलों के प्रति भी यहां विशेष उत्साह देखा जा रहा है। अखाड़ा प्रभारी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित होने वाले कुश्ती दंगल में नेपाल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और बिहार के नामी पहलवान अपने जौहर दिखाएंगे। अभिनय निर्देशक रणधीर कुमार तथा प्रोन्टियर सुनील सिंह व सुनील मेहता ने बताया मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम रहेगी, जिसमें 28 मार्च को भव्य देवी जागरण के बाद आगामी दिनों में एक और जल्लाद, सूर्यपुत्र कर्ण और पराजय जैसे नाटकों का मंचन किया जाएगा।

## सुरक्षा को लेकर मुश्तैद रही पुलिस



पसराहा स्टेशन से बन्देहरा चौक तक पुलिस के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

**पसराहा (एसएनबी)।** महद्दीपुर में आयोजित होने वाले प्रसिद्ध राजकीय चौती दुर्गा मेले को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। 27 मार्च को रामनवमी के पावन अवसर के बाद शुरू होने वाले इस चार दिवसीय ऐतिहासिक मेले की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए गोगरी इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने अपनी तैयारियां मुकम्मल कर ली हैं। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने और आम जनमानस में विश्वास जगाने के उद्देश्य से शुक्रवार को फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। गोगरी इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार के साथ पसराहा थानाध्यक्ष नवीन कुमार, महेशखूंट थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार, गोगरी थानाध्यक्ष परशुराम कुमार और अपर थानाध्यक्ष रिशु कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल ने पसराहा स्टेशन से पैदल मार्च शुरू किया। यह मार्च मेला परिसर का भ्रमण करते हुए महद्दीपुर चौक और फिर बन्देहरा चौक तक पहुंचा। इस दौरान अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों से सीधा संवाद स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी साझा की। इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार ने जनता से अपील करते हुए कहा कि वे पूरी तरह भयमुक्त होकर मेले की सांस्कृतिक और धार्मिक छटा का आनंद लें। पुलिस बल हर पल उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। उन्होंने संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया।

# अष्टमी तिथि को मां के दर्शन को लगी श्रद्धालुओं की भीड़

**गोगरी (एसएनबी)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुश्कीपुर इमलीतल में चैती दुर्गा मेला में लोगों की भीड़ गुरुवार से उमड़ पड़ी। अष्टमी पर्व होने के कारण भक्तो ने इस मौके पर मां का दर्शन किया और मेला का आनंद उठाया। इस अवसर पर सार्वजनिक चौती दुर्गा मेला समिति की ओर से कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं। नगर परिषद वार्ड नंबर 32 मे स्थापित मां दुर्गा के मंदिर परिसर मे 28 मार्च को आहा नाच नाचो प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया जाएगा। मेला में कई तरह की दुकान लगाए गए हैं। दुर्गा मेला को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर सुरक्षा के भी काफी ध्यान दिए गए थे। मेला में बच्चो द्वारा खिलौने की जमकर खरीदारी की गई।

### रामनवमी पर दिखेगा सांप्रदायिक सद्भाव का अनोखा दृश्य

**परबत्ता** प्रतिनिधि के अनुसार, रामनवमी के पावन अवसर पर मोजाहिदपुर में आपसी सद्भावना की अनूठी मिसाल देखने को मिलती है। वर्षो से चली आ रही परंपरा के अनुसार इस अवसर पर व्यामशाला से निकलने वाले जुलूस में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। शस्त्र पूजा के बाद दोनों समुदाय के लोग पारंपरिक लडवारी खेल का आयोजन करते हैं, जो आपसी एकता और भाईचारे का प्रतीक है। साथ ही विभिन्न कला प्रदर्शनों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटेंगे।

नगर पंचायत अंतर्गत श्रीश्री 108 वैष्णवी दुर्गा मंदिर मोजाहिदपुर का पट बुधवार की देर रात श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। जैसे ही मंदिर का पट खुला, मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा क्षेत्र भक्ति के माहौल में डूब गया और जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। बुधवार से मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना का सिलसिला और भी व्यापक रूप से शुरू हो गया है। श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन-पूजन में जुटे हैं। स्थानीय समिति द्वारा पूजा की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। नवरात्र के इस पावन अवसर पर पूरे क्षेत्र में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत माहौल देखने को मिल रहा है।

# दो दिवसीय मां कात्यायनी महोत्सव शुरू



कात्यायनी महोत्सव के उद्घाटन के मौके पर मौजूद डीएम व अन्य अधिकारी।

**खगड़िया (एसएनबी)।** जिले के सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ स्थल मां कात्यायनी स्थान में दो दिवसीय कात्यायनी महोत्सव का शुभारंभ जिलाधिकारी नवीन कुमार, एसपी राकेश कुमार समेत अन्य अधिकारियों व न्यास समिति के सदस्यों ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि मां कात्यायनी महोत्सव का शुभारंभ जिले के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष कात्यायनी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सर्वप्रथम इस अवसर पर जिले के स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। गायक राजकुमार पोद्दार द्वारा माता के भजन से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पशचात राज्य स्तरीय रवि आनंद स्टार नाइट द्वारा माता का जागरण व माता की झांकी प्रस्तुत किया गया। गायिका सोनियां सिंह, गायक रवि आनंद, गौरव ठाकुर व कल्यना मंडल द्वारा एक से बढ़कर एक माता रानी की भजन प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर एसडीपीओ मुकुल रंजन, बीडीओ रंजीत कुमार सिंह, जिला कला एवं संस्ति पदाधिकारी घनश्याम कुमार, बीपीआरओ प्रमथ मयंक, कात्यायनी न्यास समिति के उपाध्यक्ष युवराज शंभु, कोषाध्यक्ष प्रतिनिधि भवेश कुमार सन्नी, न्यास समिति सदस्य ललन यादव,त्रिभुवन कुमार,सरपंच विनोद यादव,मुरली यादव,धीरेंद्र यादव, भानुप्रताप सिंह, राजेश सिंह समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

**डीएम और एसपी ने किया शुभारंभ, बोले- हर साल होगा आयोजन**

### कात्यानी धाम में श्रोताओं ने भक्ति रस का लिया आनंद

**चौथम।** प्रखंड क्षेत्र के मां कात्यानी धाम में मां कात्यानी महोत्सव 2026 का आगाज किया गया। इस महोत्सव के दौरान भक्ति रस के गायक लखबीर सिंह लक्खा भी पहुंचे। अपनी भक्ति रस में वे लोगों को बांधे रहे। उनकी भक्ति गायिकी का लोगों ने खूब आनंद उठाया। इससे पूर्व स्थानीय कलाकारों के नृत्य-संगीत का भी लोगो ने आनंद उठाया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग जुटे रहे हैं। व्यवस्था एवं सुविधा को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी की है। यह कार्यक्रम चैत्र नवरात्रि सप्तमी से आरंभ होकर रामनवमी के शुभ अवसर पर नवरात्र एवं रामनवमी पूजा को खास बनाने के उद्देश्य से आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारी भी पूरी तरह से चुस्त दुरूस्त देखी गई। इस कार्यक्रम की सफलता को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात की गई थी, जबकि कई अधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई थी। कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी नवीन कुमार, पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी निगरानी में लगे हुये हैं। जिला कला पदाधिकारी धनश्याम कुमार भी कार्य क्रम शिरकत कर रहे हैं।

# प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम समाज में बदलाव लाने का सशक्त माध्यम

**खगड़िया (एसएनबी)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में फरवरी माह में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के बेहतर संचालन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शक्ति केंद्रों के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न भगत ने की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय खंडेलिया उपस्थित रहे। उनके साथ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अश्विनी चौधरी, अश्विनी सिंह, पूर्व जिला प्रभारी राम सुमिरन सिंह एवं जिला महामंत्री नंदू शाह मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री डॉ. इंदु भूषण कुशवाहा ने किया।

कार्यक्रम के दौरान खगड़िया जिला अंतर्गत मन की बात कार्यक्रम के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए गोगरी ग्रामीण मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्र प्रमुखों को पार्टी द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में शक्ति केंद्र मदारपुर की पिंकी देवी, गोगरी के लाल बहादुर पासवान, गोछारी के विजय कुमार, पैकात के रोशन कुमार, महेशखूंट दक्षिणी के शक्ति केंद्र प्रमुख अमरदीप कुमार, महेशखूंट उत्तरी के नंदन कुमार तथा मेहंदीपुर भरसो के शक्ति केंद्र प्रमुख दिनेश कुमार शामिल रहे।




भाजपा कार्यालय में सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न भगत ने अपने संबोधन में कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों से सीधे संवाद स्थापित करते हैं, जिससे संगठन के कार्यकर्ताओं को प्रेरणा एवं दिशा मिलती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इस कार्यक्रम को और अधिक जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। मुख्य अतिथि संजय खंडेलिया ने अपने संबोधन में मन की बात कार्यक्रम की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। वहीं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अश्वनी चौधरी एवं अश्वनी सिंह ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत बनाने एवं मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ स्तर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, राजेश सिंह, आलोक विद्यार्थी, जिला मंत्री नवीन सिन्हा, मधु देवी, धर्मवीर जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष मृत्युंजय झा, जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय, पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा वंदना कुमारी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री डॉ. पुनीता कुमारी, मंडल अध्यक्ष रंजीत कुमार राजा उर्फ सोनू चौरसिया, अवनीश कुमार, रोमित कुमार, संजय ठाकुर, अजय कुमार शुभंकर (शुभम), अजय कुमार, रंजीत कुमार सिंह, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू पासवान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

# गंगा के कटाव से बचाव को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**खगड़िया (एसएनबी)।** जिले के दियारा क्षेत्र में लगातार बढ़ते गंगा के कटाव की भयावह स्थिति को लेकर प्रभावित क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का शिष्टमंडल जिलाधिकारी से मिला और विस्तृत ज्ञापन सौंपकर अविलंब ठोस एवं स्थायी समाधान की मांग की। इस दौरान शिष्टमंडल ने क्षेत्र की जमीनी हकीकत, लोगों के भय और भविष्य की गंभीर चिंताओं को विस्तारपूर्वक रखा।

शिष्टमंडल के प्रतिनिधियों ने बताया कि खगड़िया, बेगूसराय और मुंगेर जिलों के सीमावर्ती दियारा क्षेत्रों में गंगा नदी का कटाव लगातार विकराल रूप धारण करता जा रहा है। इससे लगभग 70 हजार की आबादी पर सीधा खतरा मंडरा रहा है। साथ ही लगभग 20 से 25 हजार एकड़ उपजाऊ कृषि भूमि भी धीरे-धीरे गंगा में विलीन होने की कगार पर है। प्रतिनिधियों ने कहा कि यह केवल जमीन का नुकसान नहीं बल्कि हजारों परिवारों के जीवन, आजीविका और अस्तित्व का संकट है। ज्ञापन में विशेष रुप से खगड़िया जिले के दक्षिणी रहीमपुर, मध्य रहीमपुर एवं उत्तरी रहीमपुर पंचायत, बेगूसराय जिले के रघुनाथपुर बरारी पंचायत तथा मुंगेर जिले के टीकारामपुर पंचायत को अत्यधिक प्रभावित क्षेत्र बताया गया। इन पंचायतों के लोगों का जीवन आज अनिश्चितता के साये में गुजर रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि हर साल बाढ़ और कटाव के डर के बीच जीना उनकी मजबूरी बन गई है। शिष्टमंडल ने वर्ष 2018 में सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का भी उल्लेख किया, जिसमें लगभग 70 से 80 करोड़ रुपये की लागत से कटाव रोकने के लिए कार्य कराया गया था। उस समय यह पहल क्षेत्र के लिए बड़ी उम्मीद बनकर सामने आई थी। हालांकि, विभागीय लापरवाही, निगरानी की कमी और कुछ असामाजिक तत्वों की संवेदनहीनता के कारण यह योजना स्थायी समाधान नहीं बन सकी। इसके बावजूद उसी प्रयास का परिणाम है कि आज तक कई पंचायतें पूरी तरह से समाप्त होने से बची हुई हैं। इसके लिए क्षेत्र की जनता ने सरकार के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान समय में गंगा का कटाव अत्यंत तीव्र गति से हो रहा है और यदि समय रहते इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो आने वाले 3 से 4 वर्षों में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। यहां तक कि गंगा का प्रवाह राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के नजदीक पहुंचने की आशंका जताई गई, जो न केवल स्थानीय बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर भी बड़े संकट का कारण बन सकता है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि इस क्षेत्र में सरकार द्वारा निर्मित कई महत्वपूर्ण सार्वजनिक संपत्तियां जैसे प्राथमिक, मध्य एवं इंटर स्तरीय विद्यालय, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केंद्र और शुद्ध पेयजल की टंकियां भी कटाव की जद में आ चुकी हैं। यदि शीघ्र उपाय नहीं किए गए तो ये सभी संरचनाएं गंगा में समा जाएंगी, जिससे सरकारी संसाधनों का भारी नुकसान होगा और ग्रामीणों की बुनियादी सुविधाएं पूरी तरह समाप्त हो जाएंगी। शिष्टमंडल ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि दियारा क्षेत्र के लोग पिछले लगभग 80 वर्षो से इस क्षेत्र में रह रहे हैं और बार-बार होने वाले कटाव और विस्थापन की पीड़ा झेलते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कटाव के बाद की स्थिति अत्यंत दयनीय होती है, जिसमें लोगों को पुनः शून्य से जीवन शुरु करना पड़ता है। यह स्थिति किसी भी समाज के लिए अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। प्रतिनिधियों ने अपने ज्ञापन में यह भी कहा कि गंगा कटाव को रोकने के केवल दो ही संभावित उपाय है। पहला, नदी स्वयं अपना रास्ता बदल ले, जो व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है और दूसरा, सरकार ठोस और वैज्ञानिक उपायों के माध्यम से कटाव को नियंत्रित करे। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रशासन यदि गंभीरता से पहल करे, तो इस विकराल समस्या का समाधान संभव है।



जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने को पहुंचे शिष्टमंडल में शामिल जनप्रतिनिधि और ग्रामीण।

**70 हजार की आबादी पर सीधा मंडरा रहा है खतरा**

**20 से 25 हजार एकड़ उपजाऊ कृषि भूमि गंगा में विलीन होने की कगार पर**

शिष्टमंडल ने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि वे इस मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करें और स्थायी समाधान हेतु ठोस योजना बनाकर सरकार को प्रस्ताव भेजें। साथ ही तत्काल राहत और बचाव के लिए अस्थायी उपायों को भी शीघ्र लागू करने की मांग की गई।

जिलाधिकारी नवीन कुमार ने शिष्टमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इस समस्या को उच्च स्तर पर उठाया जाएगा तथा संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन इस मुद्दे की गंभीरता को समझता है और हर संभव प्रयास किया जाएगा ताकि लोगों की सुरक्षा और उनके जीवन-यापन को बचाया जा सके। इस अवसर पर शिष्टमंडल के सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो हजारों परिवारों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। उन्होंने प्रशासन से उम्मीद जताई कि इस बार उनकी आवाज अनसुनी नहीं होगी और ठोस एवं स्थायी समाधान निकाला जाएगा।

अंत में शिष्टमंडल ने कहा कि गंगा कटाव केवल एक प्राकृतिक आपदा नहीं बल्कि एक सामाजिक और मानवीय संकट बन चुका है, जिसके समाधान के लिए सरकार, प्रशासन और समाज सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। यदि समय रहते प्रभावी कदम उठाए गए, तो हजारों लोगों का जीवन और भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। शिष्टमंडल का नेतृत्व सामाजिक कार्यकर्ता ई. धर्मेंद्र कुमार, नागेंद्र सिंह त्यागी एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य ष्ण कुमार कर रहे थे। शिष्टमंडल प्रतिनिधियों में जितेंद्र यादव, पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, पूर्व मुखिया मक्खन साह, प्रद्युमन सिंह, सुमित चौधरी, मुकेश यादव, राजद नेता मौसम कुमार गोलू, अरुण यादव, मनोज यादव, उमेश यादव, आमोद यादव, घनश्याम कुमार, नागेश्वर यादव, रमाकांत दास, विजय कुमार, राकेश पासवान शास्त्री, बबलू यादव, संजय यादव, वीर प्रकाश यादव, सदानंद यादव इत्यादि प्रमुख थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सदर अस्पताल में थेरेपी की शुरुआत

#### गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं को मिलेगी बड़ी राहत

**लखीसराय।** जिले में गंभीर एनीमिया (रक्त अल्पता) से जूझ रही गर्भवती महिलाओं के लिए राहत की बड़ी खबर है। गुरुवार को माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडे द्वारा पटना के ऊर्जा अडिटोरियम से वीडियो कन्फ्रेंसिंग (टब) के माध्यम से श्थ्ब्ड थेरेपी कार्यक्रमश का भव्य उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत अब आयरन की भारी कमी वाली गर्भवती महिलाओं का इलाज आधुनिक फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज (थ्ब्ड) इंजेक्शन के जरिए किया जाएगा। थ्ब्ड थेरेपी की विशेषता यह है कि गंभीर एनीमिया से पीड़ित महिलाओं को मात्र एक इंजेक्शन के माध्यम से रक्त की कमी से छुटकारा मिल जाता है। यह थेरेपी गर्भावस्था के दौरान होने वाले विभिन्न जोखिमों को कम करने में बेहद सहायक सिद्ध होती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सदर अस्पताल में यह जीवनरक्षक इंजेक्शन पूरी तरह निरूशुल्क उपलब्ध कराया गया है। लखीसराय सदर अस्पताल में इस सेवा का लाभ पाने वाली पहली लाभार्थी दामोदरपुर की श्रीमती मधुकुमारी बनीं, जिन्हें चिकित्सकों की देखरेख में पहला थ्ब्ड इंजेक्शन दिया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन ड. जय प्रकाश सिंह, डिप्टी सुपरिटेंडेंट ड़ राकेश कुमार, अस्पताल प्रबंधक, पीरामल स्वास्थ्य के प्रतिनिधि, जीएनएम श्रीमती सीमा कुमारी एवं श्रीमती रोशनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिले के सभी प्रखंडों से आशा कार्यकर्ताओं द्वारा सक्रिय पहल की गई। आशा कर्मियों के माध्यम से प्रत्येक प्रखंड से 4-5 गंभीर एनीमिया पीड़ित गर्भवती महिलाओं को एम्बुलेंस द्वारा सुरक्षित रूप से सदर अस्पताल लाया गया, जहाँ उनका सफल उपचार किया गया। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से जिले में मातृ मृत्यु दर में कमी आने और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने में बड़ी मदद मिलने की उम्मीद है।

### पुलिस ने लोगों से की शांति बनाए रखने की अपील

**पीपराकोठी।** आगामी रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार की शाम पीपराकोठी थाना पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों एवं संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया।नफ्लैग मार्च के दौरान पुलिस द्वारा माइकिंग के माध्यम से आमजन को सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया गया। लोगों से अपील की गई कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। इस फ्लैग मार्च में एसआई मनीष कुमार, स्मिता राजश्री, नंदलाल पासवान, आदित्य भरद्वाज, रंजीत राम एवं ज्योति महतो सहित थाना पुलिस के सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे। पुलिस की इस पहल से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल मजबूत हुआ है और आम लोगों में विश्वास बढ़ा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आरपीएफ का लक्ष्य रेल संपत्ति के साथ यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना : आईजी

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेलवे सुरक्षा बल के आईजी (महानिरीक्षक) अमिय नंदन सिन्हा गुरुवार को कारखाना एवं यार्ड पोस्ट स्टेशन का निरीक्षण करने जमालपुर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान जहां आईजी पहले कारखाना पोस्ट पहुंचे जहां उन्हें गड अफ अनर दिया गया। वही आरपीएफ के पदाधिकारी जवानों को वाले होने वाले समस्या को लेकर सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन भी आईजी ने किया। सुरक्षा सम्मेलन के दौरान आईजी ने जहां समस्या को सुनकर उनके निदान के गंभीर दिखे।आरपीएफ जवानों से संवाद किया तथा सुरक्षा संबंधी निर्देश भी दिए। वही स्टेशन परिसर में सुरक्षा को मजबूत करने पर जोर दिया। सुरक्षा सम्मेलन के बाद आईजी मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल एवं इरिमी के महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा से मिलकर कारखाना के साथ इरिमी एवं रेल संपत्ति की सुरक्षा से संबंधित बातों पर गंभीर चर्चा हुई।

वही बैरक एवं पोस्ट के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, मालखाना, रिकर्ड और अपराधियों के खिलाफ की गई करवाई, पोस्ट डायरी, गिरफ्तारी पंजी और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। आईजी ने पोस्ट के पदाधिकारी को कर्तव्य निष्ठा का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य।

रेलवे संपत्ति की सुरक्षा और ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना होता है इसलिए ड्यूटी को पूरी ईमानदारी कर्तव्य निष्ठा के साथ करना चाहिए। मौके पर डीएससी असीम कुल्लू, इंस्पेक्टर एके शर्मा, राजीव नयन, सुजीत कुमार यादव, एसके सुधा कई पदाधिकारी जवान मौजूद थे। निरीक्षण करने के बाद अपने परिवार के साथ मुंगेर के प्राचीन एवं आध्यात्मिक इतिहास को जानने समझने को लेकर करी सुरक्षा के बीच मुंगेर पहुंचे। मुंगेर पहुंचने पर उन्होंने मीर कासिम का किला, उत्तर वाहिनी गंगा, एवं शक्तिपीठ माता चंडी अस्थान पहुंच परिवार के साथ पूजा अर्चना के बाद योग आश्रम को भी देखा। योग विश्वविद्यालय में योग से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी भी लिए। मुंगेर के आध्यात्मिक स्थलों के दर्शन के दौरान आईजी एवं उनके परिवार को पूरी सुरक्षा व्यवस्था के दायरे में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव नयन के साथ जिला पुलिस भी अलर्ट दिखे।



आरपीएफ पोस्ट का निरीक्षण करते आईजी।



आईजी मैडम के सुरक्षा में लगे आरपीएफ।

# परिचालन बाधित न हो इसको लेकर रात में हो रहा है विद्युत ओवरहेड तार का मेंटेनेंस

## बीते रात्रि जमालपुर स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म 1 घंटे के लिए रहा बाधित

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर बीते रात्रि विद्युत ओवरहेड तार मेंटेनेंस कार्य को लेकर लगभग 1 घंटे प्रभावित रहा। इस दौरान 1 घंटे के अंदर तमाम ट्रेनों का दो एवं तीन प्लेटफार्म से किया गया।

देवरात्रि करीब 12रू45 से 1रू30 तक चले मेंटेनेंस कार्य को लेकर रात्रि के तीन महत्वपूर्ण ट्रेन का परिचालन दो एवं तीन प्लेटफार्म से किए जाने पर यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेनों के स्पीड मेंटेनेंस एवं यात्रियों के सुरक्षा के मध्य नजर स्टेशन से लेकर रेल खंड पर ट्रैक एवं विद्युत ओवरहेड तार मेंटेनेंस कार्य तेजी से चल रहा है जिससे कि परिचालन व्यवस्था बाधित नहीं हो सके।



प्लेटफर्म पर ओवरहेड विद्युत मेंटेनेंस कार्य करते कर्मचारी।

# सीसीटीवी कैमरा से निगरानी होगी रामनवमी चैती दुर्गा पूजा का

## जोगी बाबा दुर्गा स्थान रामपुर में थानाध्यक्ष को पूजा समिति ने किया सम्मानित



थानाध्यक्ष को सम्मानित करते पूजा समिति।

**जमालपुर (मुंगेर)।** रामनवमी एवं चौती दुर्गा पूजा शहर में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसको लेकर ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरा से निगरानी किया जा रहा है।

उक्त बातें जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने जोगी बाबा दुर्गा स्थान रामपुर में विधि व्यवस्था का जायजा लेते हुए कहा। उन्होंने पूजा समिति से बातचीत करते हुए कहा कि चौती दुर्गा पूजा को लेकर लगने वाले मेले पुलिस हर कदम पर आप सबों के साथ है। आप लोगों से यही अपील है कि पूजा को व्यवस्थित बनाने में हम लोगों का सहयोग करें।

थानाध्यक्ष के बातों का समर्थन करते हुए पूजा समिति के टुनटुन सिंह,विपिन सिंह, किसान संजय सिंह एवं संतोष कुमार ने कहां की विधि व्यवस्था भंग नहीं हो इसको लेकर हम लोग प्रशासन के द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करेंगे।

इधर पूजा समिति की ओर से थानाध्यक्ष को माता का चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर राजा कुमार,राहुल कुमार,अजय सिंह, प्रोफेसर अविनाश सहित कई मौजूद थे।

### रेल में बढ़ते लूट खसोट को लेकर होगा आंदोलन : मनोज

#### 29 मार्च को मोर्चा द्वारा आहुत बैठक में बनाई जाएगी रणनीति

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेल क्षेत्र जमालपुर में भयावह लुट खसोट को लेकर जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा सह समाजवादी पार्टी के मिडिया प्रभारी मनोज क्रांति ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सहित पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक और प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त को पत्र लिखकर रेल क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यो की जांच की मांग की है उन्होंने अपने लिखे पत्र में कहा की जो रेलवे ईमानदारी का प्रर्याय हुआ करता था आज वह रेल विभाग भ्रष्टाचार में आकण्ठ डूब चुका है और तमाम अधिकारी लुट खसोट में लगा है। जिसका प्रमाण है जमालपुर रेल क्षेत्र में चल रहा निर्माण कार्य जिसमे खुलेआम लूट खसोट जारी है। जमालपुर में चार विद्युत उपकेंद्र मुख्य कारखाना प्रबंधक के आवास के वायीं तरफ और मुख्य रेलवे अस्पताल के बाहर रामपुर एवं दौलतपुर मे निर्माण हो रहा है जिसमें तीन नंबर ईट दो नंबर सीमेंट के साथ ही काफी कम गुणवत्ता वाली सरिया का उपयोग किया जा रहा है यही नहीं रेल क्षेत्र के ईस्ट कालोनी में लगाए जा रहे बिजली के खंभे भी पुराने हैं और उसे रंग पेंट कर खड़ा किया जा रहा है जिसकी जांच की आवश्यकता है। क्योंकि यहां के वरिय रेलवे अधिकारी के मिली भगत से कई कनिय पदाधिकारी एवं लिपिक अपनी पत्नी व अन्य परिजन के नाम से ठेकेदारी और पेटीदारी का काम करता है और जमकर कारखाना को लूट रहा है जमालपुर रेल क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्य इसका स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने बताया की कारखाना में बढ़ते लूट के साथ ही पीडब्ल्यूआई कर्मचारियों को कारखाना से हटाने सहित कई मुद्दे को लेकर 29 मार्च को जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा के वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक आयोजित की गई है, जिसमें आन्दोलन की रुप रेखा तय की जाएगी।

# बिहार भाजपा स्थापना दिवस को लेकर 5 से 12 अप्रैल तक आयोजित होंगे कार्यक्रम

**लखीसराय/ पटना (एनएसबी)।** बिहार भाजपा स्थापना दिवस को इस वर्ष बड़े स्तर पर मनाने जा रही है। स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए प्रदेश कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान तय किया गया कि भाजपा का स्थापना दिवस पांच अप्रैल से शुरू होकर 12 अप्रैल तक चलेगा।

प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया कि पांच से सात अप्रैल तक सभी पार्टी पदाधिकारी कार्यालयों की सजावट करेंगे और छह अप्रैल को सभी कार्यालयों में श्विकास यात्राश निकाली जाएगी। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने घर पर भाजपा का ध्वज फहराएं और ध्वज के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करें। इसके साथ ही 6 या 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर प्राथमिक और सक्रिय सदस्यों के साथ स्थापना दिवस मनाया जाएगा। आठ और नौ अप्रैल को जिला कार्यालयों में सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन होगा, जिसमें चयनित विषयों पर चर्चा की जाएगी। वहीं सात से 12 अप्रैल तक शगाँव बस्ती चलो अभियानश चलाया जाएगा, जिसमें पार्षद और पंचायत सदस्य से ऊपर के सभी जनप्रतिनिधियों सहित पार्टी के सभी कार्यकर्ता भाग लेंगे। यह कार्यक्रम प्रत्येक विधानसभा के 50 बड़े गांवों में आयोजित होगा। संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया ने कहा कि कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदेश स्तर पर एक टोली बनाई गई है, जिसमें प्रदेश महामंत्री राधामोहन शर्मा, पूर्व विधायक पवन जायसवाल, पिंकी कुशवाहा, सत्यपाल नरोत्तम और राजीव रंजन को शामिल किया गया है। साथ ही 13 भागों में क्षेत्रवार प्रभारी भी नियुक्त किए गए हैं।

मिथिला के लिए ड़ रागिनी रानी, तिरहुत के लिए संजय तिवारी, मगध के लिए स्वाति सिन्हा, शाहाबाद के लिए जनार्दन शर्मा जोगी, चंपारण के लिए अर्जुन गुप्ता, सारण के लिए गौतम कुमार, भागलपुर के लिए विट्टू सोनी, कोशी के लिए पूनम शर्मा, सीमांचल के लिए अमरेश कुमार ओझा, पटना के लिए निधि सिंह, मुंगेर के लिए सुशांत कुमार और बेगूसराय के लिए अर्चना ठाकुर को जिम्मेदारी दी गई है। इस बैठक में मुख्यालय सह प्रभारी दिलीप मिश्रा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी प्रभात मालाकार और सोशल मीडिया सह संयोजक अंबरीश शर्मा भी उपस्थित रहे।



मंच पर उपस्थित भाजपाई।

## संक्षिप्त खबरें

### महागौरी को समर्पित होता है दुर्गा माता के अष्टमी पूजा



दुर्गा मां की आरती को लेकर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़।

**जमालपुर (मुंगेर)।** नवरात्रि में अष्टमी पूजा जिसे महाअष्टमी भी कहा जाता है। जिसका बहुत विशेष महत्व है। यह दिन माँ दुर्गा के 8 स्वरूप, माँ महागौरी को समर्पित होता है। इस बार नवरात्र के अष्टमी को लेकर श्रद्धालुओं में असमंजस की स्थिति देखी जा रही थी। कोई 25 को तो कोई 26 को अष्टमी को मनाई गई। तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति के बावजूद दुर्गा मंदिर में काफी संख्या में महिलाओं ने माता की आराधना कर महागौरी को सफेद मिठाई, खीर, हलवा, पंचामृत, नारियल और केले का भोग लगाया। वही माता को कुमकुम, रोली, अक्षत, सफेद फूल और चंदन से माँ महागौरी का तिलक लगाया। वहीं देर संध्या दुर्गा मंदिर में माता को भव्य आरती लगाई गई। आरती को लेकर नयागांव, गौरीपुर, परहम, दौलतपुर, केशोंपुर जोगी बाबा दुर्गास्थान रामपुर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई।

### जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हुआ शहर, सामाजिक समरसता का दिया संदेश

**लखीसराय (एनएसबी)।** बृहस्पतिवार को रामनवमी के पावन अवसर पर रामनवमी शोभायात्रा महोत्सव समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा का शुभारंभ किऊल स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण से अत्यंत हर्षोल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामनवमी शोभायात्रा समिति के संयोजक सोनू कुमार ने की। शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष परशुराम सिंह, प्रांत बलोपासना प्रमुख साहिल सत्यम, जिला मंत्री बंटी कुमार और विभाग संयोजक सोनू पटेल उपस्थित रहे।अतिथियों ने अपने संबोधन




शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन आदर्शो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान राम आदर्श पुत्र, आदर्श पति और आदर्श भाई के जीवंत स्वरूप हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम द्वारा शबरी के जूठे बेर खाना वर्तमान समय में सामाजिक समरसता की ष्टि से एक अनूठा उदाहरण है। धर्म की रक्षा हेतु उनके शौर्य और त्यागमय जीवन ने समाज के सभी वर्गो को नेतृत्व प्रदान किया, जिसमें जटायु, हनुमान, नील-नल, सुग्रीव, गिलहरी और जामवंत जैसे पात्रों को साथ लेकर उन्होंने विलक्षण कार्य संपन्न किए। वक्ताओं ने अयोध्या में श्रीरामलला मंदिर निर्माण के गौरवशाली इतिहास की चर्चा करते हुए बताया कि इसके लिए 500 वर्षो का लंबा संघर्ष रहा, जिसमें पौने चार लाख हिंदुओं ने बलिदान दिया और 76 बार युद्ध लड़े गए। वर्ष 1984 से चले मंदिर आंदोलन में विश्व हिंदू परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका और कोठारी बंधुओं के सर्वोच्च बलिदान को भी याद किया गया। इस अवसर पर अमन कुमार, सन्नी सुमन, नवीन सोनी, बालष्ण शर्मा, दीपक सिंह, हिमांशु पटेल, विकास तिवारी, विष्णु कुमार, राजकिशोर, किशन कुमार, संदीप कुमार, हर्षित कुमार, प्रियांशु, अंकेश, राजीव समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता और सनातनी हिंदू धर्मावलंबी उपस्थित होकर धर्म ध्वजा के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए।

### रामजन्मोत्सव पर पर्यावरण भारती ने लगाए त्रिवेणी के पौध

**लखीसराय (एनएसबी)।** भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव एवं रामनवमी के पावन अवसर पर श्पर्यावरण भारतीश द्वारा लखीसराय के कियूल क्षेत्र स्थित वृन्दावन में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देव वृक्ष की श्रेणी में आने वाले पीपल, बरगद और गूलर (त्रिवेणी) के तीन पौधे रोपे गए। कार्यक्रम का नेतृत्व पर्यावरण प्रहरी हिमालय ने किया। पौधारोपण के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पर्यावरण भारती के संस्थापक राम बिलास शाण्डिल्य ने कहा कि वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से निपटने के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देवताओं, महापुरुषों और सामान्य मानव के जन्म दिवस पर पौधारोपण करना प्रत्येक व्यक्ति का परम कर्तव्य होना चाहिए। रामनवमी की तिथि और मुहूर्त पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि भारतीय पंचांग के अनुसार चौत्र शुक्ल नवमी तिथि का प्रारंभ 26 मार्च 2026 को दिन के 11रू48 बजे से हो रहा है, जबकि 27 मार्च को यह सुबह 10रू06 बजे तक रहेगी। शास्त्रों के अनुसार भगवान राम का जन्म मध्या (दोपहर) में हुआ था, इसलिए पूजा का मुख्य समय 26 मार्च को है। हालांकि, भारतीय परंपरा में उदयातिथि और सूर्योदय के विशेष महव के कारण अयोध्या में रामनवमी का मुख्य उत्सव 27 मार्च को मनाया जाएगा। शाण्डिल्य ने भगवान श्रीराम के आदर्शो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन संपूर्ण मानवता के लिए अनुकरणीय है। वे सामाजिक समरसता के सच्चे प्रतीक थे, जिन्होंने माता शबरी के जूठे बेर खाए, केवट को गले लगाया और जटायु का अंतिम संस्कार किया। उन्होंने लंका विजय के बाद भी मोह न करते हुए विभीषण को वहां का राजा बनाया और जननी व जन्मभूमि को स्वर्ग से भी महान बताया। मर्यादा पुरुषोत्तम का जीवन हमें सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में पूजा विधान के बारे में भी जानकारी दी गई कि किस प्रकार घरों में गंगाजल से अभिषेक, दीप प्रज्वलन, तुलसी दल समर्पण और रामचरितमानस व रामरक्षा स्तोत्र के पाठ से सुख-शांति का आगमन होता है। चूंकि चौत्र नवमी को मां दुर्गा की अंतिम पूजा भी होती है, इसलिए इस दिन पौधारोपण को और भी पुनीत कार्य माना गया। इस पौधारोपण अभियान में रणधीर प्रसाद, विजय कुमार, हिमालय, अमरेंद्र महतों, शिक्षक अरविंद कुमार, मनोज कुमार सिंह, नीरज नयन, रघुवंश प्रसाद, पीयूष, आशीष, मनीष और आयुष सहित कई पर्यावरण प्रेमियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।



वृक्षारोपण करते लोग।

# रामनवमी पर निकलेगी शोभायात्रा, पुलिस-प्रशासन चौकस

नव संदेश ब्यूरो

**आरा।** रामनवमी का त्योहार शुक्रवार को शहर सहित पूरे भोजपुर जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान जगह-जगह भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी। आरा शहर में शोभा यात्रा की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे शहर के विभिन्न मोहल्लों से झांकी रामगढ़िया पहुंचेगी।

दोपहर 12 बजे भगवान के जन्म के उपरांत आरती व पूजन होगा, तत्पश्चात रामगढ़िया से शोभायात्रा प्रारंभ होगी। शोभायात्रा शहर के रामगढ़िया, अबरपुल, पड़ाव मोड़, चैक आर्य पथ, शीशमहल चैक, गोपाली चैक, जेल रोड, शिवगंज मोड़, सदर अस्पताल रोड, मठिया मोड़, महादेवा रोड, धर्मन चैक पहुंचेगी। उसके बाद चित्रटोली रोड, डींस टैंक गोलंबर, रमना रोड, महावीर टोला रोड, करमन टोला, नवादा थाना मोड, कृषि भवन, कतीरा, पकड़ी, जज कोठी गोलंबर होते हुए रमना मैदान में समाप्त होगी। शोभायात्रा में मंत्री, विधायक समेत अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगें।

## 269 स्थलों पर दंडाधिकारी व पुलिस अफसर की होगी तैनाती

**आरा।** रामनवमी के त्योहार को लेकर शहर सहित पूरे जिले में कुल 269 स्थलों पर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसको लेकर जिला पदाधिकारी-सह-जिला दंडाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक राज के द्वारा रामनवमी के शांतिपूर्ण आयोजन और विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु संयुक्त आदेश जारी किया गया है। दिए गये आदेश में कहा गया है कि रामनवमी पर्व के अवसर पर विभिन्न मंदिरों और ठाकुरबाड़ियों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, जिसके मद्देनजर जिले में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु विशेष सतर्कता आवश्यक है।

## अफवाह फैलाने वालो पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

रामनवमी शोभायात्रा के दौरान अफवाह फैलाने, सामाजिक सद्भाव भंग करने, सामाजिक विद्वेष उत्पन्न करने और उपद्रवी गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी की जाएगी, साथ ही उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बिना अनुमति के कोई भी जुलूस न निकले। नया लाइसेंस निर्गत करने से पूर्व संबंधित रूट का सत्यापन संयुक्त रूप से करने के बाद ही अनुमति प्रदान की जाए। वही असामाजिक तत्वों पर विशेष निगाह रखने के लिए सादे लिबास में भी पुलिस अफसर व जवानों की तैनाती की गई है।

## जिले के विभिन्न इलाकों में प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

**आरा (एनएसबी)।** रामनवमी पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर आज अनुमंडल पदाधिकारी सदर, आरा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1, ट्रैफिक डीएसपी, भोजपुर, थानाध्यक्ष नवादा/नगर क्षेत्र के थानाध्यक्षगण, अपर नगर आयुक्त, विद्युत प्रमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी, पथ निर्माण विभाग के सहायक अभियंता एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान



रामनवमी जुलूस के निर्धारित मार्ग (रूट) का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, स्वच्छता एवं विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से बनाए रखें। इस अवसर पर आम नागरिकों से अपील की गई कि रामनवमी के दिन शांति एवं सौहार्द बनाए रखें तथा प्रशासन का सहयोग करें, जिससे यह पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

## रामनवमी शोभायात्रा की ड्रोन से होगी निगरानी

रामनवमी के अवसर पर निकाले जाने वाले प्रत्येक जुलूस की वीडियोग्राफी कराई जाए और संपूर्ण शोभायात्रा की ड्रोन से निगरानी की जाएगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों, विशेष रूप से डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और लाउडस्पीकर की ध्वनि निर्धारित मानक से अधिक नही हो, इसका सख्ती से पालन कराया जाएगा। शोभा यात्रा के आगे और पीछे पुलिस की बाइकर्स टीम होगी। जिन रास्तों से शोभायात्रा गुजरेगी उन रास्तों के संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की तैनाती की जाएगी।

## भगवामय हुआ पुरा आरा शहर

रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर लोगो का उत्साह चरम पर है। रामनवमी को लेकर पूरा शहर भगवामय हो गया है। इसके अलावे शहर के विभिन्न मुहल्लों के भवनों पर भगवा झंडा लगाया गया है। इसके अलावे सडक के दोनो ओर पोल पर भगवा झंडा लगाया गया है। शोभा यात्रा को लेकर कई चालक भी अपने वाहनों पर भगवा झंडा लहराते दिखे।

## शोभा यात्रा को लेकर झंडा, बैनर व पोस्टर से पटा शहर

रामनवमी शोभा यात्रा शुक्रवार को है। इसको लेकर लोगो का उत्साह चरम पर है। शहर के विभिन्न इलाकों में विद्युत पोलों पर भगवा झंडे लगाए गए हैं। वहीं जगह-जगह राम भक्तों के स्वागत में बैनर एवं पोस्टर लगाए गए हैं।

## राम भक्तों के स्वागत के लिए लगाए जाएंगे स्टॉल

श्री रामनवमी शोभा के दौरान शुक्रवार को राम भक्तों के स्वागत के लिए जगह-जगह स्टाल लगाए जाएंगे। इसको लेकर पूरे शहर में तैयारी जोर-शोर से चल रही है। राम भक्तों के स्वागत के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों, ट्रस्टों एवं संस्थाओं द्वारा स्टॉल लगाया जाएगा। जहां शीतल-पेय, शरबत, मिष्ठान, बुंदिया, फल आदि का वितरण किया जाएगा।

## शोभायात्रा के दौरान एंबुलेंस भी रहेगा मुस्तैद

रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को भी ध्यान में रखते एंबुलेंस की तैनाती कि गई है। इसको लेकर सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया है। कहा गया हैं कि शोभायात्रा के दौरान जुलूस के पीछे एंबुलेंस तथा आवश्यक दवाओं की व्यवस्था रखें। इसके अलावे सदर अस्पताल में आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ, जीवन रक्षक दवाओं एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की सुनिश्चितता की जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### दवा लाने जा रहे रिटायर बीसीसीएल कर्मी को टेलर ने रौंदा, मौत

**आरा (एनएसबी)।** कोईलवर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के समीप गुरुवार की दोपहर दवा लाने जा रहे रिटायर बीसीसीएल कर्मी को टेलर ने रौंद दिया। हादसे में उनकी मौत हो गई। मृतक बबुरा थाना के पुराना सबलपुर गांव निवासी स्व. रघुवीर पांडेय के 72 वर्षीय पुत्र योगेंद्र पांडेय है। वे झारखंड के बीसीसीएल कंपनी से रिटायर हुए थे। बबुरा पुलिस द्वारा टेलर को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। मृतक के भतीजे अंगद पांडेय ने बताया कि गुरुवार की दोपहर वह बाइक द्वारा दवा लाने के लिए कोईलवर जा रहे थे। उसी दौरान दौलतपुर गांव के समीप बेलगाम टेलर ने उन्हें रौंद दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद बबुरा डायल 112 नंबर पुलिस वाहन द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गया। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। टाउन थाना पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी संचला देवी, दो पुत्री छेमा देवी, बबली देवी व दो पुत्र रजनीश पांडेय एवं मनीष पांडेय है।

### युवक ने गले में फांसी लगा की खुदकुशी

**आरा (एनएसबी)।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप गांव में बुधवार की रात एक युवक ने गले में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सदर एसडीपीओ-वन राजकुमार साह एवं उदवंतनगर थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस द्वारा एफएसएल की टीम को बुलाया गया। टीम घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य को इकट्ठा किया। मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप गांव निवासी 23 वर्षीय सुधीर बताया जा रहा है। बुधवार की देर शाम किसी व्यक्ति के द्वारा उसे जबरन अपने साथ ले जाया जा रहा था। ऐसा करते हुए कुछ ग्रामीणों ने देखा था। इसी बीच सोमवार की सुबह जब स्थानीय ग्रामीणों ने उसके कमरे में खिड़की से झांक कर देखा, तो वह बेड पर मृत अवस्था में पड़ा था। जबकि उसके रूम में लगे पंखे में चादर बंधा हुआ था। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीण द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। इधर, उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप गांव के चैकीदार संजय कुमार ने बताया कि सुधीर का सीमा देवी नाम की महिला से प्रेम-प्रसंग था। उसने दो महीना पहले सीमा देवी से लव मैरिज की थी। शव सीमा देवी के घर में पाया गया है।

### विधायक ने मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना, चार-चार लाख का दिया चेक

**आरा/बड़हरा (एनएसबी)।** बड़हरा प्रखंड के विशुनपुर बंधु छपरा गंगा नदी मे छठ पूजा के समय नहाने के दौरान दो नवयुवकों की मृत्यु की खबर सुनकर बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह विशुनपुर पहुंचे। उन्होने मृत युवक नागेन्द्र पाठक के पुत्र निशांत पाठक एवं नारायण प्रसाद के पुत्र सागर कुमार के आकस्मिक मृत्यु पर शोक संतृप्त दोनो परिवारो से मिल कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। दोनो परिवारों को विधायक द्वारा चार-चार लाख का चेक प्रदान किया गया। उन्होने कहा कि आज दोनो परिवारों पर नियति ने पहाड़ ढाया है। इस हृदयविदारक घटना से हम सभी मर्माहत है। मौके पर संतोष सिंह संटु, हरेराम चंद्रवंशी, टुनटुन महतो, पट्टि सिंह, बबलू पासवान, मुन्ना सिंह, विवेक पाठक, कमल प्रसाद, अमरनाथ प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, विट्टू सहित ग्रामीण जनता शामिल थे।



विशुनपुर पहुंचे बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह

## विद्यालयों में पोषण वाटिका योजना पर उठे सवाल

### आवश्यक सामग्री की खरीद प्रक्रिया विवादों में, हेडमास्टरों में नाराजगी

**पीरो (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के 45 विद्यालयों में पोषण वाटिका के विकास के लिए शिक्षा विभाग द्वारा प्रति विद्यालय 5 हजार रुपये की राशि आवंटित की गई है। इस योजना का उद्देश्य विद्यालय परिसर में पोषणयुक्त सब्जियों एवं पौधों की खेती को बढ़ावा देना है, ताकि बच्चों को पोषण के प्रति जागरूक किया जा सके। नियमानुसार, संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक पीपीए (परचेज प्रोसीजर एप्रूवल) जेनरेट कर अपने स्तर पर चयनित वेंडर से आवश्यक सामग्री की खरीद करते हैं। लेकिन इस प्रक्रिया में अब विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सूत्रों के अनुसार, जिला शिक्षा कार्यालय की ओर से विद्यालय प्रधानों पर दबाव बनाया जा रहा है कि वे जिला द्वारा जेनरेट किए गए पीपीए के माध्यम से जिला स्तर पर चयनित वेंडर को ही भुगतान करें। जबकि नियमावली के तहत विद्यालय प्रधानों को स्वतंत्र रूप से वेंडर चयन करने का अधिकार प्राप्त है। इस कथित हस्तक्षेप को लेकर प्रखंड के कई विद्यालय प्रधानों में असंतोष व्याप्त है। विद्यालय प्रधानों का यह भी कहना है कि यदि उन्हें अपने स्तर पर वेंडर चयन की स्वतंत्रता नहीं दी जाएगी, तो योजना के क्रियान्वयन में अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न होंगी। अब देखना यह होगा कि विभाग इस मुद्दे पर क्या रुख अपनाता है और विद्यालयों में पोषण वाटिका योजना का क्रियान्वयन किस प्रकार सुनिश्चित किया जाता है।

## परिभ्रमण योजना के तहत छात्राओं ने शेरशाह का मकबरा व ताराचंडी धाम का किया भ्रमण

**पीरो (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री बिहार दर्शन कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक परिभ्रमण पर निकले प्लस टू हाई स्कूल पीरो की छात्राओं के जत्थे ने सासाराम स्थित शेरशाह शूरी के ऐतिहासिक मकबरा व मां ताराचंडी मंदिर सहित कई अन्य ऐतिहासिक महत्व के धरोहरों से रुबरु होकर उनके संबंध में विस्तार से जानकारी हासिल किया। परिभ्रमण जत्थे को पीरो नगर परिषद की सभापति किरण उपाध्याय के प्रतिनिधि सह जदयू के प्रदेश महासचिव मनोज उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



विद्यालय की टीम द्वारा छात्राओं को पायलट बाबा धाम का भ्रमण कराया गया। जहां छात्राओं ने वहां आकर्षक प्रतिमाओं व कई अन्य मनभावन दृश्यों का अवलोकन किया। ट्विनिंग प्रोग्राम के तहत इस विद्यालय के छात्राओं का जत्था सहेजनी (हसनबाजार) स्थित एएनएम ट्रेनिंग कॉलेज पहुंचा। जहां कॉलेज के कर्मियों ने छात्राओं को एएनएम ट्रेनिंग कॉलेज की प्रत्येक गतिविधियों से अवगत कराया। शैक्षणिक परिभ्रमण दल के साथ विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक भीम राय की देखरेख में शिक्षक द्वय विकास चंद्र व अमित कुमार और शिक्षिका द्वय रिंकू कुमारी व प्रीति कुमारी के अलावा परिचारी रामजी पाठक बच्चों के मार्गदर्शन के लिए मौजूद थे। छात्राओं को एएनएम ट्रेनिंग कॉलेज की विस्तृत जानकारी दी गई। पायलट बाबा के धार्मिक महत्व की जानकारी छात्राओं को दी गई। प्रभारी प्रधानाध्यापक भीम राय ने कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण बच्चों को ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व के स्थलों से रुबरू होने तथा उनके बारे में जानने समझने का मौका प्रदान करता है।

## महाअष्टमी पर आरण्य देवी के दर्शन के लिए उमड़ी रही भक्तों की भीड़

**आरा (एनएसबी)।** चैत नवरात्र के आठवें दिन गुरुवार को देवी दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी की पूजा-अर्चना की गई। अष्टमी तिथि को पूजन करने के लिए मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी रही। आरा शहर की अधिष्ठात्री देवी मां आरण्य देवी के मंदिर में पूजन एवं दर्शन को लेकर गुरुवार की अहले सुबह से ही महिला-पुरुष श्रद्धालु-भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने कतारबद्ध होकर देवी के दर्शन किए। पूजा-अर्चना एवं देवी दर्शन का यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। महानवमी के दिन मां आरण्य देवी के दरबार में दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को भैरव बाबा मंदिर के रास्ते प्रवेश कराया जाएगा। माता के मंदिर का मुख्य द्वार निकास द्वार के रूप में कार्य करेगा। मंदिर के बाहर तथा अंदर किसी भी गतिविधि पर विशेष निगाह रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। रोशनी का समुचित प्रबंध किया गया है। मंदिर को रंग-बिरंगे बल्वों से सजाया गया है।




## रामनवमी को लेकर कोईलवर में पुलिस का फ्लैग मार्च, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

**कोईलवर (एनएसबी)।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार की शाम कोईलवर थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस की मौजूदगी से पूरे क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल देखने को मिला।

फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीपीओ सदर-2 रणजीत कुमार सिंह ने किया। मार्च कोईलवर नगर पंचायत के विभिन्न प्रमुख मार्गों और संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा, जहां पुलिस बल ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से बातचीत कर शांति बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाहों से दूर रहने की अपील की। मार्च के दौरान पुलिस ने विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, धार्मिक स्थलों और प्रमुख चैक-चैराहों पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। साथ ही, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने की बात कही गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की गड़बड़ी या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर कोईलवर थानाध्यक्ष नरोतमचंद्र समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। फ्लैग मार्च के जरिए पुलिस ने आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा जगाने के साथ-साथ यह संदेश भी दिया कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क और तैयार है।

## नृत्य शिक्षिका आदित्या को बिहार दिवस पर समारोह में शिक्षा विभाग ने किया सम्मानित

**आरा (एनएसबी)।** कथक नृत्य की सुविख्यात कलाकार सह भोजपुर के टाउन प्लस टू उच्च विद्यालय की नृत्य शिक्षिका को सांगीतिक सेवाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों में सराहनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया। गत दिनों आदित्या को पटना के गाँधी मैदान में बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित बिहार दिवस के मुख्य समारोह में नोडल पदाधिकारी डॉ. जैनेंद्र दोस्त, कथक नर्तक सह व्याख्याता राजीव रंजन, व्याख्याता डॉ. विशाल भूषण व व्याख्याता उदय पंडित ने संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह व अपर मुख्य सचिव द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य समारोह में शिक्षिका आदित्या ने प्रदर्शन कला मंच से कथक नृत्य करने के साथ साथ समारोह में शिरकत करने आये सरकारी विद्यालय की छात्राओं को ठुमरी पर भाव अभिनय का प्रशिक्षण भी दिया। शिक्षिका आदित्या की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा पदाधिकारी मान्वेंद्र कुमार राय, डीपीओ चंदन प्रभाकर, प्रधानाध्यापक सैयद रफत ईमाम समेत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं में आनंद किशोर, प्रबोध मिश्रा, ऋचा भारद्वाज, लाला राजीव रंजन, रियाज अहमद, सुमेश कुमार, सुभाष कुमार, बालेन्दु शेखर पाठक, मनोज कुमार महिप, मृत्युंजय कुमार, उमेश कुमार, राजीव पासवान ने बधाई दी है।



नृत्य की मोहक भंगिमा में कथक कलाकार सह टाउन प्लस टू उच्च विद्यालय की नृत्य शिक्षिका आदित्या।

## रामनवमी पर शोभा यात्रा को लेकर आरा शहरी इलाकों में कई घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी प्रभावित

**आरा (एनएसबी)।** रामनवमी के उपलक्ष्य में आरा शहरी इलाकों में शोभा यात्रा प्रस्तावित है। शोभा यात्रा आरा शहर के कई मार्गो से निकलने की सूचना प्राप्त है।

**लगभग 14 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहने की संभावना**

सुरक्षा के दृष्टिकोण से 27 मार्च (शुक्रवार) को सुबह 10 बजे से रात्रि 12 बजे तक आरा पूर्वी गुमटी, पावरगंज धरहरा, ए.टू. जेड (धोबीघाटवा), पुरानी पुलिस लाइन एवं जापानी पीएसएस से लगभग 14 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहने की संभावना है। जैसे-जैसे मार्ग क्लियर होते जाएंगे उस क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति चालू होते जाएगी। सभी आम जनों से अनुरोध होगा कि वे पानी की व्यवस्था आवश्यक रूप से कर लेंगे।

## अयोध्या में चल रहे यज्ञ में उमड़ी भीड़

**आरा (एनएसबी)।** श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में हो रहे राजघाट अयोध्या में श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में आज उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति मनवेंद्र सिंह, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह स्वामी जी से मिलकर आशीर्वाद लिए। साथ में उत्तर प्रदेश के कई विधायक भी मौजूद रहे। इस मौके पर बिहार के परिवहन मंत्री निराला और संदेश विधायक राधा चरण साह को उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने अंगवस्त्रम से सम्मानित किये।

बिहार झारखंड उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के भक्तगण तथा जन प्रतिनिधि यज्ञ स्थल पर पहुंचकर स्वामी जी का दर्शन किए तथा यज्ञ मंडप का परिक्रमा किया। 28 मार्च को यज्ञ की पूणार्हुति है जिसको लेकर काफी संख्या में भक्तगण का पहुंचना शुरू हो गया है। यज्ञ को सफल बनाने में वीरेंद्र दुबे मलू उपाध्याय राहुल सिंह कमलेश सिंह बच्चा दूबे लक्ष्मण तिवारी सहित काफी संख्या में लोग लगे हुए हैं। मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि 28 मार्च को पूणार्हुति के दिन पूरे यज्ञ स्थल पर 9 हेलीकॉप्टर पुष्प वर्षा करेंगे। इस मौके पर प्रशासन की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था की गई है। सारे कार्यक्रमों का देखरेख श्री अयोध्या नाथ स्वामी जी महाराज कर रहे हैं। श्री जियर स्वामी जी महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में हिस्सा लेने से पुण्य की प्राप्ति होती है। यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने से कई जन्मों का पाप नष्ट हो जाता है और पूरे परिवार पर लक्ष्मी नारायण की कृपा बनी रहती है।

**यज्ञ की परिक्रमा से कई जन्मों का पाप नष्ट होता है : जीयर स्वामी**



## विषपान से युवक की हालत गंभीर, रेफर

**आरा (एनएसबी)।** शहर के टाउन थाना क्षेत्र के चैधरीयाना मोहल्ले में विषपान करने से एक युवक की हालत काफी गंभीर हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार उक्त युवक टाउन थाना क्षेत्र के चैधरीयाना मोहल्ला निवासी 25 वर्षीय अमर कुमार है। बताया जाता है कि वह गुरुवार की सुबह घर से बाहर निकाला था और दोपहर में वापस घर लौटा। इसी बीच अपने कमरे में जाकर उसने विषपान कर लिया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। हालांकि उक्त युवक ने विषपान क्यों किया। इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

## राम का नाम अज्ञान स्रुपी अंधकार का हरण करने वाला है : देवराहा शिवनाथ

**आरा (एनएसबी)।** श्रीरामनवमी शोभायात्रा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतश्री देवराहा शिवनाथ दासजी महाराज ने आज मैना सुंदर धर्मशाला में अपने ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ प्रेस वार्ता की। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीदेवराहाशिवनाथ दासजी महाराज ने आज पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम सर्वत्र और सर्वव्यापी हैं।



भगवान राम का नाम विषय रुपी सर्प का जहर उतारने के लिए मंत्र और महामणि है। यह नाम भाग्य के बुरे लेख को भी मिटा देता है। राम का नाम अज्ञान रुपी अंधकार का हरण करने के लिए सूर्य के किरणों के समान और सेवक रुपी धर्म के पालन करने में मेघ के समान है।उन प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाना सौभाग्य की बात है। संत श्री ने आगे कहा कि जो राम से प्रेम करता है वह राम का दास है। सम्मान समारोह का आयोजन भक्त राम की भक्ति में डूबकर अपना सर्वस्व लुटा देता है। रामजी का तस्वीर जो अयोध्या में ऐसा सुंदर स्वरूप है कि समस्त संसार उनके स्वरूप को अपने-अपने हृदय में धारण कर और उनके तैलचित्र को अपने-अपने घरों में रखकर उनकी पूजा-अर्चना करते हैं। इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डू सिंह बबुआन, कोषाध्यक्ष गोकुल सिंह सह कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, सुरक्षा प्रमुख राजेश्वर पासवान, स्टार प्रचारक सरोज पांडेय, ग्रामीण अध्यक्ष सन्नी पांडे, उपाध्यक्ष नवीन प्रकाश, रोहित सिंह बजरंगी, अखंडानंदजी सहित सभी ट्रस्ट के पदाधिकारि मौजूद थे।



शत-शत नमन...

महान सम्राट अशोक की 2370 वीं जयंती पर सम्राट अशोक कन्वेंशन सेंटर में प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

# मगध के महान सम्राट की 2370 वीं जयंती पर अशोकमय हुई राजधानी

**रविन्द्र भवन में सम्राट अशोक रत्न अवार्ड सह भव्य रथ यात्रा कार्यक्रम का आयोजन**

नव संदेश ब्यूरो

**पटना।** अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज (भारत) के तत्वावधान में महान सम्राट अशोक की 2370वीं जयंती समारोह, सम्राट अशोक रत्न अवार्ड सह भव्य रथ यात्रा रविन्द्र भवन, वीरचंद पटेल पथ, पटना में आयोजन किया गया। रथ यात्रा का शुभारंभ बुद्ध परम्परा के अनुसार बौद्ध भिक्खु प्रज्ञादीप एवं उमेश सिंह कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष, जदयू सह विधायक महनार के द्वारा किया गया।

जयंती समारोह का उद्घाटन सम्राट चौधरी उप-मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री, बिहार सरकार के द्वारा महान सम्राट अशोक के तैल चित्र पर मल्याणपर्ण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता

**सम्राट अशोक की 2370 वीं जयंती समारोह में शामिल हुए हजारों लोग**

**राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा ने महान सम्राट अशोक के शासन काल को बताया स्वर्ण युग**

सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा, विधायक सतना (मध्य प्रदेश),भगवान सिंह कुशवाहा पूर्व मंत्री सह विधायक, जयन्त राज कुशवाहा पूर्व मंत्री सह विधायक, रामेश्वर कुमार महतो, विधायक, गुरूदयाल सिंह सैनी, पूर्व सांसद कुरूक्षेत्र (हरियाणा), श्रीपाल सैनी, मदन कुशवाहा, मोती बाबा फुले, हरजीत सिंह लौंगिया, विनोद सैनी, तरुण सैनी,समेत कई माननीय, गणमान्य अतिथि एवं संगठन के हजारों पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागमणि





सम्राट अशोक की 2370वीं जयंती समारोहमें तस्वीर को नमन करते उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी (बाएं) तथा स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

कुशवाहा राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज (भारत), मंच संचालन राष्ट्रीय सलाहकार डॉ. मुकेश कुमार एवं स्वागत प्रदेश अध्यक्ष, बिहार हरिओम कुशवाहा ने किया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी जयंती मनाने का मूल उद्देश्य फिर से अखण्ड भारत का निर्माण एवं विश्व के आम नागरिकों के बीच आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देना है। साथ ही कहा कि सम्राट अशोक की नीतियों को अपनाकर भारत देश विश्व गुरु बन सकता है। श्री कुशवाहा ने कहा कि सम्राट अशोक के रास्ते से भटकने के कारण ही भारत गुलाम एवं खण्ड-खण्ड हुआ। आज जागृति आ रही है। आज सम्पूर्ण भारत सम्राट अशोक के नारों से गुंज रहा है। जनभावना का आदर करते हुए केन्द्र सरकार को बिहार की तर्ज पर चैत्र शुल्क पक्ष अष्ठमी को एक दिन का राष्ट्रीय अवकाश एवं राष्ट्रीय समारोह घोषित कर देना चाहिए। साथ ही श्री कुशवाहा ने कहा कि विश्व युद्ध की विभिषिका की ओर बढ़ रहे देशों में शांति के लिए हमें फिर से सम्राट अशोक की नीतियों को अपनाना होगा। राष्ट्रीय सलाहकार डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि भारत सरकार सम्राट अशोक के प्रतीक चिन्हों को भारत गौरव के रुप में विश्व पटल पर संदेश देने का काम करे। भारतीय मुद्रा (रुपया) पर पुनः अशोक स्तम्भ को प्रेषित करें। बिहार प्रदेश अध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने कहा कि शक्तिशाली राष्ट्र निर्माण के लिए अशोक शासन व्यवस्था जरुरी है। आगत अतिथियों का अभिनन्दन राष्ट्रीय अध्यक्ष, नागमणि कुशवाहा ने पंचशील, अंग वस्त्र एवं सम्राट अशोक का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर स्वागत, अभिनन्दन किया। सम्राट अशोक जयंती के अवसर पर सम्राट अशोक रत्न अवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र से श्रीपाल सिंह सैनी, विनोद सैनी, मनिंदर सिंह सैनी, ई. के डी मौर्य एवं गुरु दयाल सिंह सैनी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह कुशवाहा, सुरेश प्रसाद, राष्ट्रीय सचिव मनोज कुशवाहा, प्रीतम कुमार, जिलाध्यक्ष अजीत कुमार वर्मा, पृथ्वी राज भारत, राजेश कुशवाहा, जगदीश मेहता, सुभाष कुमार कुशवाहा, मुन्ना कुमार महतो, रणधीर कुमार कुशवाहा समेत हजारों की संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक को चाकू मारने के मामले में जख्मी के फर्द बयान पर एक नामजद, दो अज्ञात पर प्राथमिकी

**आरा (एनएसबी)।** नगर थाना क्षेत्र के अबरपुल वार्ड नंबर-26 निचली कल निवासी युवक मो. ताज तनवीर को चाकू मारने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इस संदर्भ में जख्मी मो. ताज तनवीर के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। दिए गए आवेदन में उसने कहा कि बुधवार की शाम साढ़े चार बजे मोहल्ले के मो. इजहार का बारात बक्सर जाने के लिए अबरपुल में निचली गली में गुड्डू लाइट के घर के पास गाड़ी में बैठने के लिए गया। वहीं पर पूर्व के विवाद में निवासी मो. मस्जिद का पुत्र मो. अली एवं उसके साथ दो अन्य लड़का वहां पहुंचे। तीनों गाली देते हुए उसे पकड़ लिया। तब मो. अली ने अपने पास रखे चाकू से हत्या करने के नियत से मेरे गले पर चाकू मारा, जिससे मेरा गले से काफी खून गिरने लगा। तब अगल-बगल के लोग को आते देख तीनों जान मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

### स्टार्टअप बिहार के तहत आयुष्वे ने स्टॉल लगाया एक्यूप्रेशर योग डाइट और डिटॉक्स को मिली पहचान

**आरा (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रस्तावित दौरे के अवसर पर भोजपुर मेडिकल कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्टार्टअप बिहार के तहत चयनित स्टार्टअप आयुष्वे ने अपना स्टॉल प्रदर्शित किया। आयुष्वे प्राकृतिक चिकित्सा, एक्यूप्रेशर, योग, डाइट एवं डिटॉक्स थेरेपी के माध्यम से ट्रेनिंग, ट्रीटमेंट और हर्बल



प्रोडक्ट्स पर कार्य कर रहा है। स्टॉल पर प्रदर्शित प्राकृतिक उपचार पद्धतियों को आगंतुकों द्वारा सराहा जा रहा है। यह स्टॉल जिला प्रशासन भोजपुर एवं उद्योग विभाग, बिहार सरकार के सहयोग से लगाया गया है। स्टार्टअप आयुष्वे का उद्देश्य स्व-चिकित्सा और स्व-रोजगार को घर-घर तक पहुँचाना है, ताकि स्वस्थ जीवन के साथ आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित हो सके। स्टार्टअप के फाउंडर डॉ. पुष्कर 2009 से प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में कार्यरत हैं। आयुष्वे को वर्ष 2024 में स्टार्टअप बिहार एवं स्टार्टअप इंडिया द्वारा चयनित किया गया है। इस अवसर पर को फाउंडेशन आराधना कुमारी एवं सरिता कुमारी उपस्थित रहीं।

### एसपी ने सिकरहट्टा थाना का किया निरीक्षण

**आरा (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा सिकरहट्टा थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की स्वच्छता, कार्यालय व्यवस्था,



सीसीटीएनएस, अभिलेखों के संधारण, अपराध नियंत्रण से संबंधित विभिन्न तख्तियों, दस्तावेजों एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत थाना में लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अनुसंधानकताओं को मामलों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं प्रभावी अनुसंधान एवं निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही विधि-व्यवस्था के संधारण एवं आम जनता को बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए भी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में फुलवारी लीला का हुआ मंचन रामलीला में फुलवारी का मंचन देख दर्शक भाव विभोर

**चरपोखरी (एनएसबी)।** प्रखण्ड मुख्यालय से गुजर रहे आरा सासाराम स्टेट हाइवे के किनारे थाना भवन के समीप चल रहे श्री दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा सह पंचकुण्डीय महायज्ञ में रामलीला के कलाकारों ने फुलवारी लीला का मंचन किया। फुलवारी लीला में राम और लक्ष्मण गुरु की आज्ञा से पुष्प वाटिका में पुष्प लेने के जाते हैं जहाँ सहेलियों संग सीता को देखते हैं। लता ओट तब सखिन्ह लखाए। स्यामल



गौर किशोर सुहाए देखि रूप लोचन ललचाने। हरषे जनु निज निधि पहिचाने। वहीं मंच पर विराजमान रामायणी के सधे स्वर का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। कलाकारों के बेहतरीन संवाद, संगीत और अभिनय से लीला मंचन में चार चांद लग गया। रामलीला मंचन के दौरान कलाकारों में महंत पिंटू मिश्रा, ब्यास श्रीकांत राय, अमित कुमार, कमलेश जी, रामानंद राय आदि थे।

## कुम्हरार पार्क स्थित ऐतिहासिक अशोक किला से निकली रथयात्रा



कुम्हरारा पार्क से अशोक रथ यात्रा के शुभारंभ के मौके पर उपस्थित जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा व अन्य गणमान्य।

**पटना (एनएसबी)।** मौर्य वंश के महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक की 2370 वीं जयंती के पावन अवसर पर पटना के कुम्हरार पार्क स्थित ऐतिहासिक अशोक किला से भव्य रथ यात्रा को जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने झंडी दिखाकर विधिवत रवाना किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा-यह रथ यात्रा सम्राट अशोक के शांति, अहिंसा, मानवता और समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## पटना का नाम पाटलिपुत्र रखने की उठी मांग

**पटना (एनएसबी)।** सम्राट अशोक जयंती के पावन अवसर पर पटना के रविन्द्र भवन में पधारे गणमान्य लोगों के माध्यम से देश की एकता अखंडता एवं सहिष्णुता को बरकरार रखने हेतु कुछ प्रस्ताव पारित करने का प्रस्ताव साथियों की ओर से आया है, जो निम्न प्रकार है -

(1) पटना का नाम पाटलिपुत्र किया जाए।

(2) पटना गाँधी मैदान में जो मौर्यवंश कालीन सैन्य प्रशिक्षण स्थल रहा है, इसलिए पटना गाँधी मैदान में किसी स्थल पर महान सम्राट अशोक स्तम्भ या विशालकाय आदमकद मूर्ति का निर्माण कराया जाए।

(3) कुम्हरार पार्क में जमीन के नीचे दबे सम्राट अशोक किला की प्रतिमूर्ति का निर्माण किया गया था। अपने पुराने स्वरूप को जनता के दर्शनार्थ के लिए फिर से मिट्टी हटाकर प्रदर्शित कराया जाए।

(4) पटना के गंगा नदी के किनारे (जे.पी. गंगा पथ के पास) होने वाले

**जयंती समारोह में आया कई मांगों का प्रस्ताव**

विकसित पार्क में 100 फीट ऊँची महान सम्राट अशोक की आदमकद प्रतिमा का निर्माण कराया जाए।

(5) अखण्ड भारत कालीन चारों गणराज्य की स्वतंत्र पहचान बनायी जाए एवं वहाँ सम्राट अशोक संग्रहालय का निर्माण कराया जाए।

(6) पटना में सम्राट अशोक शोध संस्थान की स्थापना की जाए।

(7) पटना में सम्राट अशोक के नाम पर एक विशाल पुस्तकालय की स्थापना की जाए।

(8) सम्राट अशोक कन्वेंशन सेन्टर, पटना के अंदर महान सम्राट अशोक की बड़े प्रतिमा का निर्माण कराया जाए।

(9) बिहार के सभी शैक्षणिक संस्थानों में जयंती के दिन अवकाश घोषित की जाए। एवं एक सप्ताह पूर्व विद्यालयों में जयंती समारोह पखवारा मनाया जाए।

(10) राष्ट्रीय अवकाश एवं राष्ट्रीय समारोह भारत सरकार घोषित करें।

(11) बिहार की राजधानी पटना से सटे बिहटा या सोनपुर (सारण) में बन रहे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम सम्राट अशोक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के नाम से नामकरण किया जाए।

(12) दक्षिण बिहार विश्वविद्यालय का नाम सम्राट अशोक दक्षिण बिहार विश्वविद्यालय किया जाए।

(13) पटना के सभी प्रमुख प्रवेश स्थलों पर भव्य सम्राट अशोक द्वार बनवाया जाए।

(14) सोनपुर, सारण (बिहार) में प्रस्तावित आई.टी पार्क का नाम सम्राट अशोक आई.टी. पार्क के नाम से नामकरण किया जाए।

(15) भारत देश की राजधानी दिल्ली में सम्राट अशोक के नाम पर 25,000 क्षमता का बड़ा सभागार का निर्माण कराया जाए।

## दवाएं पहुंचाने में बिहार देश में नंबर-1: मंगल



**स्वास्थ्य मंत्री बोले-एनीमिया मुक्त राज्य बनाने की दिशा में बड़ा कदम**

**एफसीएम डोज को हर माता बहन तक पहुंचाने का लक्ष्य**

**पटना (एनएसबी)।** राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने एवं महिलाओं को एनीमिया मुक्त करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल शुरू हुई है। स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय ने गुरुवार को ऊर्जा ऑडिटोरियम में एफसीएम थेरेपी इनिशिएटिव (फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज फॉर एनीमिया मैनेजमेंट) कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य राज्य की महिलाओं में एनीमिया की समस्या को जड़ से समाप्त करना है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दवाओं की आपूर्ति के मामले में बिहार आज देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य के पास लगभग दो लाख एफसीएम डोज उपलब्ध हैं। शुभारंभ के अवसर पर प्रत्येक जिले की 20 गर्भवती महिलाओं को यह डोज दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी जिलों में कम से कम 300 इंजेक्शन तत्काल भेजे जाएं।

मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि अगले एक महीने के भीतर यह सुविधा सभी जिलों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएससी) तक पहुंच जाए, ताकि ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों की महिलाओं को इलाज के लिए लंबी दूरी तय न करनी पड़े। अब वे अपने ही प्रखंड स्तर पर यह सुविधा प्राप्त कर सकेंगी। उन्होंने एनीमिया मुक्त बिहार अभियान में आशा कार्यकताओं और आंगनबाड़ी सेविकाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। साथ ही जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग दें और व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर इसे गांव-गांव तक पहुंचाएं। श्री मंगल पांडेय ने यह भी कहा कि राज्य में शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है, लेकिन अभी इसमें और सुधार की आवश्यकता है। सरकार का लक्ष्य इन दरों को एक अंक में लाना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार ने कहा कि आने वाले समय में बिहार का स्वास्थ्य विभाग देश के लिए एक मॉडल के रूप में स्थापित होगा। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारी (ईडी) अमित पांडेय, डॉ. अनुपमा सहित सभी जिलों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े स्वास्थ्यकर्मी और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विदेशी नीति समझना तेजस्वी के बस की बात नहीं: प्रभाकर मिश्र

**पटना (एनएसबी)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा केंद्र सरकार की विदेश नीति को गलत कहे जाने पर जोरदार पलटवार किया और कहा कि देश की विदेश नीति को समझना और उसपर कुछ बोलना तेजस्वी यादव के बस की बात नहीं है। अगर वे भारत की विदेश नीति पर अपना ज्ञान बखारने की भूल करते हैं, तो उनकी जग हंसाई ही होगी।

श्री मिश्र ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कुछ लोग काला कोट पहन लेने से ही अपने आपको बैरिस्टर समझने लगते हैं। गिरते-पड़ते बिहार विधानसभा चुनाव जीत गये, तो तेजस्वी यादव अपने आपको बड़का राजनेता समझ बैठे। लेकिन, ये नहीं देखते कि वे नौंवी फेल हैं। क्या नौंवी फेल कोई आदमी विदेश नीति को समझ सकता है ? श्री मिश्र ने कहा कि भारत की विदेश नीति को पूरी दुनिया में डंका बज रहा है। दो देशों के बीच जब तनाव उत्पन्न होता है, तो पूरा विश्व समाधान के लिए बड़ी उम्मीद के साथ भारत की ओर देखता है। आज भी जब ईरान और इजरायल के बीच जंग हो रही है, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' की सुरक्षा और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने पर लगातार बातचीत हो रही है। अगर कुछ लोगों को ये सब नहीं दिखता, तो उसकी शिक्षा और समझ में कभी है।

श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी यादव अपनी उलूल-जलूल बातों से लोगों के बीच पैनिक क्रिएट करना चाहते हैं। भारत में एलपीजी, डीजल और पेट्रोल की कोई कमी नहीं है।

## भाकपा-माले का 12वां बिहार राज्य सम्मेलन दरभंगा में

**पटना (एनएसबी)।** भाकपा माले का 12वां बिहार राज्य सम्मेलन आगामी 16-18 मई 2026 को दरभंगा में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी आज पार्टी के राज्य सचिव कुणाल ने प्रेस को जारी बयान में दी। उन्होंने बताया कि राज्य सम्मेलन की तैयारी पूरे बिहार में जोर-शोर से चल रही है और फिलहाल विभिन्न जिलों में जिला सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं, जिनके पूरा होने के बाद राज्य स्तर का यह महत्वपूर्ण सम्मेलन आयोजित होगा।

राज्य सम्मेलन को पार्टी के संगठनात्मक जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुए उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में राज्य की राजनीतिक स्थिति, जन आंदोलनों की दिशा, संगठन के विस्तार तथा आगामी कार्यभार पर व्यापक चर्चा और निर्णय लिए जाएंगे. सम्मेलन में पूरे राज्य से चुने हुए प्रतिनिधि भाग लेंगे, जो अपने-अपने क्षेत्रों के अनुभवों और सुझावों को साझा करेंगे।

**राज्य सम्मेलन के प्रतिनिधि चुनाव हेतु अधिसूचना जारी**

इसी क्रम में पार्टी के संगठन विभाग द्वारा राज्य सम्मेलन के प्रतिनिधियों के चुनाव हेतु अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस अधिसूचना के अनुसार पार्टी सदस्यता के आधार पर विभिन्न जिलों से प्रतिनिधियों का चुनाव किया जाएगा. पार्टी का प्रत्येक पूर्ण सदस्य, जो निर्धारित शर्तों को पूरा करता है, प्रतिनिधि पद के लिए चुनाव लड़ सकता है, जिससे संगठन के भीतर लोकतांत्रिक भागीदारी सुनिश्चित होती है.

चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए इसे दो चरणों में सम्पन्न कराया जाएगा। बड़े जिलों जैसे भोजपुर, सिवान और पटना ग्रामीण में प्रतिनिधियों का चुनाव एरिया निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाएगा, जबकि अन्य जिलों में जिला निर्वाचक मंडल इस जिम्मेदारी का निर्वहन करेगा. इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी संगठन विभाग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के तहत की जाएगी, ताकि चुनाव निष्पक्ष और लोकतांत्रिक तरीके से सम्पन्न हो सके।

राज्य सचिव ने कहा कि यह चुनाव प्रक्रिया पार्टी के लोकतांत्रिक ढांचे और कार्यप्रणाली की मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने सभी जिलों, एरिया कमेटियों और शाखाओं से अपील की कि अधिसूचना को जल्द से जल्द हर स्तर तक पहुंचाया जाए और अधिक से अधिक पार्टी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि राज्य सम्मेलन व्यापक जनाधार और प्रतिनिधित्व के साथ सम्पन्न हो सके।

उन्होंने यह भी कहा कि यह राज्य सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब देश और राज्य दोनों स्तरों पर राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक चुनौतियां गहराती जा रही हैं. ऐसे दौर में पार्टी के लिए यह जरूरी है कि वह अपने संगठन को मजबूत करे और जन मुद्दों पर संघर्ष को तेज करे।

### बाइक की ठोकर से साइकिल सवार जख्मी

**आरा (एनएसबी)।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर बरसी काली माई मंदिर के समीप गुरुवार की दोपहर बाइक की ठोकर से साइकिल सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल से सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर वार्ड नंबर-10 निवासी स्व. घुसईल भर के 80 वर्षीय पुत्र वाल्मीकि भर है। इधर, जख्मी बुजुर्ग के बेटे अनिल भर ने बताया कि गुरुवार की दोपहर वह साइकिल द्वारा घास लाने के लिए बधार जा रहे थे। उसी दौरान जगदीशपुर बरसी काली माई मंदिर के समीप विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार में रहे बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी।